24:07:2023

अखबार जो बदल दे नजरिया
# राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र

पेज » 12 मूल्य » 3 रुपये » वर्ष » 14 अंक » 201 | epaper.rashtriyakhabar.com | श्रावण (अधिक), शुक्लपक्ष षष्ठी, विक्रम संवत 2080



## विदुर नीति

आर्यकर्माणि रज्यंते भूतिकर्माणि कुर्वते।
हितं च नाभ्यसूयन्ति पंडिता भरतर्षभ॥

**भावार्थ :** हे भरतश्रेष्ठ! जो सज्जनों द्वारा किये जाने योग्य उपकार के तथा प्रशस्त कार्यों को करता है और अपने पर उपकार करनेवाले की निंदा नहीं करते वही पंडित होता है, क्योंकि खुद पर किये गये उपकार को तो कुत्तो तक भी नहीं भूलता, अतः अकृतज्ञ व्यक्ति तो मानो कुत्ते से भी गया बीता है।

**रांची पारा अपडेट**

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 29.00 °c | 24.00 °c |

सूर्यास्त (आज) » 18 .35 बजे
सूर्योदय (कल) » 05 .15 बजे

## एसजीपीसी श्री अमृतसर वेब चैनल शुरू : धामी

**अमृतसर:** शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) ने सचखंड श्री हरमंदिर साहिब से गुरबाणी कीर्तन को दुनिया भर के लोगों तक पहुंचाने के लिए रविवार को अपना यूट्यूब/वेब चैनल जारी किया है। इस संबंध में गुरुद्वारा शहीद बाबा गुरबख्श सिंह जी में श्री अखंड पाठ साहिब भोग के बाद गुरुद्वारा श्री मंजी साहिब दीवान हॉल में गुरमत समारोह आयोजित किया गया, जहां आधिकारिक तौर पर वेब चैनल लॉन्च किया गया। शिरोमणि कमेटी द्वारा गुरबानी प्रसारण के लिए बनाए गए इस चैनल का नाम एसजीपीसी श्री अमृतसर रखा गया है, जो यूट्यूब और फेसबुक पर उपलब्ध होगा। चैनल के शुरुआत समारोह में शिरोमणि कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने कहा कि आज एक ऐतिहासिक दिन है, जब शिरोमणि कमेटी अपने स्तर पर गुरबानी प्रसारण की शुरुआत कर रही है। उन्होंने कहा कि इससे संगत की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी हो गई है।

## शिमला ब्लास्ट में आतंकी साजिश का संदेह

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला के ऐतिहासिक माल रोड के पास रेस्टोरेंट में चार दिन पहले हुए धमाके के मामले में जांच एजेंसियों के कान खड़े हो गए हैं। धमाके के पीछे आतंकी हमले की साजिश के एंगल से भी जांच की जा रही है। यही वजह है कि दिल्ली से गई एनएसजी की टीम ने रविवार को घटनास्थल पर पहुंचकर मौके का निरीक्षण किया। सुबह सुबह एनएसजी के विशेषज्ञों ने घटनास्थल पर साक्ष्यों के सैंपल लिए और हर चीज का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान धमाके वाले स्थल को पूरी तरह से सील करके जांच की गई। शिमला के एसपी समेत प्रदेश पुलिस के आला अफसर भी मौके पर मौजूद रहे। धमाके में विस्फोटक पदार्थों की जांच की जा रही है।

## सौराष्ट्र में भारी बारिश से जनजीवन अस्तव्यस्त

**अहमदाबाद:** मौसम के विभाग के अलर्ट के अनुसार गुजरात सौराष्ट्र में भारी बारिश के चलते हलात बिगड़ गए हैं। अहमदाबाद में भी बारिश के चलते कई अंडरपास बंद कर दिए गए हैं तो वहीं राज्य के कई हिस्सों में अत्यधिक भारी बारिश के बाद दो राष्ट्रीय राजमार्ग किए गए हैं। इनमें पोरबंदर और कच्छ हाईवे शामिल हैं। इन हाइवे के ऊपर पानी ओवर फ्लो हो रहा था। इसके अलावा ओवरटॉपिंग के कारण 10 स्टेट हाईवे भी बंद हैं। राज्य में 271 पंचायतों में 303 सड़कें भी बंद कर दी गई है। सबसे ज्यादा हालात जूनागढ़ में बिगड़े हैं। तो वहीं दूसरी ओर मौसम विभाग के अलर्ट में कहा गया है कि कच्छ, जामनगर, देवभूमि द्वारका, जूनागढ़ में भारी बारिश जारी रह सकती है। इसके अलावा दक्षिण गुजरात के सूरत, नवसारी और वलसाड के भी रेड अलर्ट जारी किया गया है।

## क्रिकेट सट्टेबाज के घर से भारी माल बरामद

**नागपुर:** एक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट सट्टेबाज ने एक बिजनेसमैन से 58 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी की है और नागपुर पुलिस ने जब इस इंटरनेशनल क्रिकेट बुकी पर छापा मारा तो करोड़ों की भारी नगदी, सोना और चांदी देखकर हैरान रह गई। 17 करोड़ रुपये से अधिक कैश को गिनने के मशीनों को लगाना पड़ा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट सट्टेबाज नागपुर से 160 किमी दूर गोंदिया शहर में अपने आवास पर छापे से एक दिन पहले दुबई भाग गया। दरअसल, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट सट्टेबाज का तब भंडाफोड़ हुआ, एक व्यवसायी ने गोंदिया के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट सट्टेबाज के खिलाफ नागपुर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। इंटरनेशनल क्रिकेट सट्टेबाज ने एक व्यवसायी को नकली सट्टेबाजी ऐप्स में निवेश करने का लालच दिया और फिर उससे 58 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी की। नागपुर के पुलिस कमिश्नर ने कहा, नागपुर पुलिस ने काका चौक स्थित उनके आवास पर छापा मारा और 17 करोड़ रुपये से अधिक नकद, लगभग 4 किलोग्राम सोना और 200 किलोग्राम चांदी जब्त की। पुलिस द्वारा उसके आवास पर छापा मारने से पहले ही आरोपी भाग गया। आगे की जांच जारी है।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**दहशत** मणिपुर हिंसा की आंच अब मिजोरम तक आ पहुंची

# इस राज्य के मैतेई राज्य छोड़कर भागने लगे

- हवाई उड़ान से 56 लोग चले गये
- बसों और टैक्सियों में अनेक और रवाना
- मिजोरम में सुरक्षा के इंतजाम और कड़े हुए
- स्वतंत्रता सेनानी की पत्नी को जलाकर मारा गया

**भूपेन गोस्वामी**



**गुवाहाटी:** मणिपुर हिंसा की आंच अब पड़ोसी राज्य मिजोरम तक आ पहुंची है। तनाव बढ़ते जाने की वजह से अनेक मैतेई समुदाय के लोगों को मिजोरम छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा है। मिली जानकारी के मुताबिक इस समुदाय के 56 लोग इंफाल के लिए उड़ान भरते हैं जबकि अनेक लोग बसों और टैक्सियों से रवाना हो गये हैं। मिजोरम में रहने और काम करने वाले मैतेई लोगों ने पूर्व चरमपंथियों के एक संगठन द्वारा अपनी सुरक्षा के लिए छोड़ने के आदेश के बाद 22 जुलाई को पूर्वोत्तर राज्य से बाहर निकलना शुरू कर दिया। पीस एकॉर्ड एमएनएफ रिटर्नीज एसोसिएशन (पामरा) ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर कहा था कि मणिपुर में उपद्रवियों द्वारा किए गए बर्बर और जघन्य कृत्यों के बाद बढ़ते तनाव को देखते हुए मिजोरम अब मैतेई लोगों के लिए सुरक्षित नहीं है।

मिजो और कुकी जातीय रूप से संबंधित हैं, जैसे » पेज 2 भी देखें

### स्वतंत्रता सेनानी की बुजुर्ग पत्नी को जलाकर मारने की सूचना

इस बीच मणिपुर से एक स्वतंत्रता सेनानी की बुजुर्ग पत्नी को जलाकर मारने की सूचना देर से आने की वजह से तनाव फिर से भड़का है। सोशल मीडिया पर पुरुषों की भीड़ द्वारा आदिवासी महिलाओं को नग्न घुमाने के दृश्य सामने आने के कुछ दिनों बाद जातीय हिंसा प्रभावित मणिपुर से अकल्पनीय डरावनी कहानियां सामने आ रही हैं। सेरौ पुलिस स्टेशन में दर्ज मामले के अनुसार, काकचिंग जिले के सेरौ गांव में एक स्वतंत्रता सेनानी की 80 वर्षीय पत्नी को एक सशस्त्र समूह ने उसके घर के अंदर बंद कर दिया और आग लगा दी। उनके पति, एस चुराचंद सिंह, जिनकी मृत्यु 80 वर्ष की आयु में हुई, एक स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्हें पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम ने सम्मानित किया था। यह घटना 28 मई के शुरुआती घंटों में हुई, जब सेरोउ जैसी जगहों पर बड़े पैमाने पर हिंसा और गोलीबारी हुई।

भारत के मुंबई से जुड़ा है यहां के लोगों का रिश्ता

## एक गांव ऐसा, जहां बारिश नहीं होती

- राजधानी के करीब ही बसा है हुतैब गांव
- बादलों के ऊपर बसा है यह पहाड़ी गांव
- सूरज उगते ही पूरा इलाका गर्म होता है

**राष्ट्रीय खबर**



**साना:** यमन के हुतैब गांव का भारत के मुंबई शहर के करीबी रिश्ता है। लेकिन इस गांव की चर्चा इसलिए अधिक होती है क्योंकि इस गांव में कभी बारिश नहीं होती है। साना के पास हुतैब गांव के प्रसिद्ध पहाड़ी-शीर्ष घरों की तस्वीरें वास्तविक हैं, जिनमें वास्तविक परिवार हैं जो सर्दियों के मौसम के दौरान बादलों के ऊपर रहते हुए अपना अधिकांश जीवन पहाड़ों के आसपास की भूमि पर खेती करते हुए बिताते हैं। यमन का सबसे आकर्षक शहर कहा जाने वाला हुतैन राजधानी सना के पश्चिम में मनाखा के पहाड़ी जिले के अंदर हराज में स्थित है। पर्यटक आमतौर पर पहाड़ों की चोटियों की प्रशंसा करने के लिए गांव में आते हैं जहां पिछले कुछ वर्षों में सैकड़ों घर बनाए गए हैं। गांव में आने वाले पर्यटक अक्सर हुतैब को गले लगाने के लिए धीरे-धीरे रेंगते हुए कोहरे को देखकर चकित हो जाते हैं, क्योंकि घर पहाड़ों की छाती पर लटके होते हैं, जिससे दृश्यावली एक दुर्लभ कलात्मक उत्कृष्ट कृति बन जाती है। हालाँकि हुतैब गाँव पृथ्वी की सतह से 3,200 मीटर की ऊँचाई पर स्थित है, लेकिन गाँव के चारों ओर का वातावरण वास्तव में काफी गर्म और मध्यम है। सर्दियों के दौरान, सुबह के समय वातावरण बहुत ठंडा होता है, लेकिन जैसे ही सूरज उगता है, गर्म और सुंदर वातावरण छा जाता है। ऐतिहासिक वृत्तांतों के अनुसार, यह गाँव कभी अल-सुलैही जनजाति का गढ़ था, जिन्होंने ग्यारहवीं शताब्दी के दौरान दुश्मन के हमलों से खुद को बचाने के लिए इस गाँव का निर्माण किया था। यह » पेज 2 भी देखें

बंगाल में मणिपुर फार्मूला आजमाने की हवा निकली

## डीजीपी और टीएमसी ने खंडन किया आरोपों का



- ध्यान भटकाने के लिए फिर से नई साजिश
- इस बार फेसबुक का सहारा लेकर फर्जी वीडियो
- 21 जुलाई के मंच से डबल इंजन की आलोचना

**राष्ट्रीय खबर**

**कोलकाता:** मणिपुर की डबल इंजन सरकार की विफलता छिपाने की साजिशें शुरूआत में ही ध्वस्त होने लगी। भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने मालदा में मणिपुर जैसी घटना दोहराये जाने की बात कही। बंगाल टीएमसी के नेता यह पहले ही भांप गये थे कि नरेंद्र मोदी के बयान में दूसरे राज्यों का उल्लेख होने की वजह से ऐसा ही कुछ होगा। इसके तुरंत बाद भाजपा नेत्री का रोते हुए वीडियो भी बड़े चैनलों द्वारा वायरल किया गया।

इसलिए जब महिलाओं को निवस्त्र कर घूमाने की शिकायत आयी तो राज्य के डीजीपी ने प्रेस कांफ्रेंस कर इसका खंडन कर दिया और कहा कि संबंधित महिलाओं को पत्र लिखकर बुलाया गया है और सच्चाई की आगे भी जांच की जाएगी। दूसरी तरफ टीएमसी की तरफ से यह कहा गया कि जिस घटना को भाजपा वाले तूल दे रहे हैं, वह दरअसल चोरी की एक घटना से जुड़ा हुआ मामला है। इस बीच तृणमूल कांग्रेस के 21 जुलाई के कार्यक्रम के मंच से अभिनेत्री और युवा नेता सायनी घोष ने इस पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि मणिपुर पिछले तीन महीने से जल रहा है, लेकिन हिंसा रोकने की कोई पहल न करके भाजपा नेता बंगाल को बदनाम करने के लिए फर्जी खबरें फैलाने में लगे हैं। हाल ही में पश्चिम बंगाल में महिला उत्पीड़न के आरोप भाजपा सांसद लोकेट पर लगे हैं।

तृणमूल के युवा नेता सायनी घोष ने इस मुद्दे को उठाकर भाजपा पर डबल इंजन वाली मणिपुर सरकार का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा, भाजपा नेता और मंत्री अपनी नाकामी को छुपाने की हताशा भरी कोशिश में बंगाल के बारे में फर्जी खबरें फैला रहे हैं। उन्होंने ट्विटर पर लिखा, ऐसा लगता है कि भाजपा और उसके मंत्री अपना वैज्ञानिक ज्ञान पूरी तरह से खो » पेज 2 भी देखें

अपनी पूर्व घोषणा के मुताबिक ही काम कर रहे हैं एलन मस्क

## ट्विटर की नीली चिड़िया गायब करने की तैयारी



**वाशिंगटन:** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर का लोगो यानी नीली चिड़िया बहुत जल्द उड़ जायेगी और नये लोगो में एक्स शामिल हो सकता है। ट्विटर के मालिक एलन मस्क ने रविवार को ट्वीट करके कहा कि इस सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का लोगो बदल जायेगा। श्री मस्क ने कहा,जल्द ही हम ट्विटर ब्रांड और धीरे-धीरे सभी पक्षियों को अलविदा कह देंगे। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म सभी पक्षियों को अलविदा कहते हुए अपना लोगो बदल देगा। उन्होंने ट्वीट किया,अगर आज रात एक अच्छा एक्स लोगो पोस्ट किया जाता है, तो हम कल इसे दुनिया भर में लाइव कर देंगे। वह ट्विटर को खरीदने के बाद एक के बाद एक नए बदलाव कर रहे हैं। हाल ही में उन्होंने कहा ट्विटर पर डायरेक्ट मैसेज (डीएम) करने के लिए भी पैसे देने होंगे। अरबपति उद्यमी ने बाद में लिखा कि वह चाहते हैं कि नया लोगो हम सभी की उन खामियों को मूर्त रूप दे जो हमें अद्वितीय बनाती हैं। उन्होंने अक्टूबर 2022 के अंत में, ट्विटर के 44 अरब डॉलर के अधिग्रहण को अंतिम रूप दिया। यह वर्ष 2006 में स्थापित एक अमेरिकी कंपनी थी और इसका मुख्यालय सैन फ्रांसिस्को, कैलिफोर्निया में था। वर्ष 2006 में श्री मस्क द्वारा स्थापित एक्स कॉर्प के साथ विलय के परिणामस्वरूप ट्विटर कॉरपोरेशन का एक अलग कंपनी के रूप में अस्तित्व समाप्त हो गया। उन्होंने जून की शुरुआत में संकेत दिया था कि वह प्लेटफ़ॉर्म की पूरी क्षमता को उजागर करने के लिए ट्विटर को रीब्रांड करने पर विचार कर रहे हैं। श्री मस्क ने अपनी ज्यादातर कंपनियों के नाम और लोगो में एक्स को शामिल किया है।

पुलिस, ड्रोन और हेलीकॉप्टरों से भी नजर नहीं आया यह जीव

## बर्लिन के करीबी इलाके में शेरनी की खोज समाप्त



**राष्ट्रीय खबर**

**बर्लिन:** जर्मनी में स्थानीय अधिकारियों ने शुक्रवार को कहा कि वे बर्लिन के उपनगरीय इलाके में खुली शेरनी के लिए खोज अभियान समाप्त कर रहे हैं। शहर के दक्षिण-पश्चिमी बाहरी इलाके क्लेनमाचनो के मेयर माइकल ग्रुबर्ट ने संवाददाताओं से कहा, कई संकेतों की जांच करने के बाद, क्षेत्र में शेरनी या जंगली जानवर से संबंधित एक भी संकेत नहीं मिला। कई प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा एक बड़ी शिकारी शेरनी को जंगली सूअर का पीछा करते हुए देखने की सूचना के बाद अधिकारियों ने स्थानीय समयानुसार गुरुवार आधी रात के आसपास बड़े पैमाने पर खोज अभियान का आदेश दिया। खोज दल में दो हेलीकॉप्टर, 30 पुलिस वाहनों का काफिला और ड्रोन और इन्फ्रारेड कैमरों से लैस 100 पुलिस वाले शामिल थे, जिसमें एक पशुचिकित्सक और शिकारी भी शामिल थे।

पुलिस ने पहले बर्लिन के कुछ हिस्सों में निवासियों को घर के अंदर रहने की चेतावनी दी थी।

ग्रुबर्ट ने गुरुवार को कहा था कि देखा गया जानवर शेरनी माना जा रहा है। शुक्रवार को उन्होंने कहा कि जंगली सूअर के अलावा और किसी चीज का सामना नहीं हुआ है। उन्होंने आगे कहा, आप बहुत आत्मविश्वास से कह सकते हैं, आज, 21 जुलाई को, उस क्षेत्र में कोई जंगली जानवर नहीं है। उन्होंने कहा, मैं स्पष्ट विवेक के साथ कह सकता हूं कि बर्लिन या क्लेनमाचोनो में कोई खतरा नहीं है। पुलिस प्रवक्ता केर्स्टिन श्रोएडर ने पहले पुष्टि की कि अधिकारियों ने रात के दौरान जानवर के होने की गहन जांच की गयी है। पुलिस ने चिड़ियाघरों, पशु पार्कों और अन्य पशु-पालन सुविधाओं की जाँच की और पूछताछ की। इनमें से किसी भी सुविधा से इस तरह का कोई भी जानवर गायब नहीं हुआ है। किसी भी माध्यम से इस जंगली जानवर का कोई सुराग नहीं मिलने के बाद अब तलाशी अभियान को बंद करने का निर्णय लिया गया है।

**अनुसंधान** दुनिया की एक बहुत बड़ी परेशानी का संभावित समाधान बताया

# परमाणु कचड़े का निष्पादन संभव होगा

- एक आणविक क्रिस्टल के जरिए यह काम संभव
- इसकी लागत भी बहुत कम और दोबारा उपयोग लायक
- व्यापारिक उत्पादन में इसकी लागत और कम होने की उम्मीद

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** परमाणु ऊर्जा विकसित देशों की जरूरत है। सिर्फ हथियार बनाने के लिए ही नहीं बल्कि बिजली आपूर्ति के सबसे सस्ते तरीके के तौर पर भी परमाणु ऊर्जा का उपयोग हो रहे हैं। इसके बीच परमाणु कचड़े को लेकर चिंता बनी रहती है। कुछ अरसा पहले जापान में आये एक सूनामी की वजह से जब उसका परमाणु बिजली घर प्रभावित हो गया था जो वहां रखे परमाणु कचड़े को लेकर पूरी दुनिया में चिंता फैल गयी थी। दरअसल यह कचड़ा सामान्य कचड़ा नहीं होता और उसमें वर्षों तक रेडियोधर्मिता बनी रहती है। इस वजह से जीवन को इसके विकिरण के प्रभाव से बचाना एक बहुत बड़ी चुनौती है। परमाणु कचरे का सुरक्षित प्रबंधन एक महत्वपूर्ण चुनौती बनी हुई है जिसे इस परिवर्तनकारी ऊर्जा समाधान में जनता का विश्वास हासिल करने के लिए संबोधित किया जाना चाहिए। ये क्रिस्टल एक आश्चर्यजनक आयोडीन ग्रहण क्षमता प्रदर्शित करते हैं, » पेज 2 भी देखें

### साइक्लोटेट्राबेंज़िल हाइड्रोजोन पर आधारित आणविक क्रिस्टल

अब, ह्यूस्टन विश्वविद्यालय के शोधकताओं की एक टीम परमाणु अपशिष्ट प्रबंधन के लिए एक अभिनव समाधान लेकर आई है। साइक्लोटेट्राबेंज़िल हाइड्रोजोन पर आधारित आणविक क्रिस्टल। ये क्रिस्टल, जो 2015 में टीम द्वारा की गई एक अभूतपूर्व खोज पर आधारित हैं, जो आयोडीन को पकड़ने में सक्षम हैं - सबसे आम रेडियोधर्मी विखंडन उत्पादों में से एक - जलीय और कार्बनिक समाधानों में, और दोनों के बीच इंटरफेस पर। यह अंतिम बिंदु विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि इंटरफेस पर आयोडीन कैप्चर करने से आयोडीन को परमाणु रिएक्टरों और अपशिष्ट रोकथाम जहाजों में उपयोग किए जाने वाले विशेष पेंट कोटिंग्स तक पहुंचने और नुकसान पहुंचाने से रोका जा सकता है, सेल रिपोर्ट्स फिजिकल साइंस में सफलता का विवरण देने वाले पेपर के रसायन विज्ञान के प्रोफेसर और संबंधित लेखक ओग्जेन मिल्जैनिक ने ऐसा कहा।

## अचानक आयी बाढ़ में फंसी बस, बाल बाल बचे यात्री



**राष्ट्रीय खबर**

**नईदिल्ली:** उत्तराखंड के हरिद्वार में यात्रियों से भरी एक बस बीच नदी में फंस गई। यात्री बचाव के लिए चिल्लाते रहे। आखिरकार क्रेन मंगवाई गई और बस को उठाने की कोशिश की गई। घटना शनिवार सुबह नजीबाबाद में हुई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, हरपा बाढ़ के कारण उस क्षेत्र में कोटा नदी का जल स्तर बढ़ गया है। उस समय उत्तर प्रदेश सरकार की एक बस नदी के ऊपर बने पुल से गुजर रही थी। इसमें 70 यात्री सवार थे। कॉजवे के बीच आते ही अचानक नदी में बाढ़ आ गयी। आम तौर पर पहाड़ से उतरने वाली नदियों में इस किस्म की आकस्मिक बाढ़ आती है। बाढ़ » पेज 2 भी देखें

**शहर >> अपडेट**

## रेल यात्रियों को मिलेगी सुविधा: बाबूलाल

**पाकुड़ :** झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री व भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी जी ने पाकुड़ ज़िले वासियों को रेल सेवाओं में आ रही असुवधिओं को लेकर रेल मंत्री श्री अश्वनि वैष्णव जी को पत्र लिखा है। बाबूलाल मरांडी ने पाकुड़ में रेल यात्रियों को हो रही परेशानियों से रेल मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और आपके कुशल प्रबन्धन में भारतीय रेल मंत्रालय देश की प्रगति और विकास में एक बड़ी भूमिका निभाने में सफल रहा है। उन्होंने कहा कि माननीय नरेन्द्र मोदी जी की सरकार देश के विकास में क्षेत्रीय विषमता को समाप्त करने के लिए कृतसंकल्प है।

**विवाद** बाबूलाल मरांडी ने की सरकार से मांग

# मॉब लिंचिंग की बजाए धर्म परिवर्तन रोकने और लव जिहाद से बचाने को लाएं विधेयक

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** माना जा रहा है कि राज्य सरकार विधानसभा के मॉनसून सत्र में मॉब लिंचिंग विधेयक को फिर से लाने की तैयारी में है। कैबिनेट से पास किए जाने के बाद इसी सत्र में इसे लाया जाना है। पूर्व सीएम और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने इसे लेकर सरकार की मंशा पर सवाल उठाए हैं। सोशल मीडिया के जरिये अपनी बात रखते कहा है कि सीएम हेमंत सोरेन मॉब लिंचिंग पर फिर एक बार विधेयक लाने जा रहे हैं जिसे पिछली बार राज्यपाल ने लौटा दिया था।

बाबूलाल ने सवाल पूछते कहा है कि आखिर मुख्यमंत्री इस विधेयक के लिए इतना व्याकुल क्यों हैं। अगर उनके मन में तनिक भी ईमानदारी है तो धर्म परिवर्तन रोकने को भी विधेयक लाना चाहिये। लव जिहाद से पूरा झारखंड खासकर संथालपरगना और संताल समुदाय तबाह हो रहा है। सरकार को दम है तो इस पर विधेयक लाए।

बाबूलाल के मुताबिक सरकार ऐसा करेगी नहीं। इससे उसका घुसपैठिया वोटर नाराज हो जायेगा। झारखंड की हजारों संताल, आदिवासी लड़कियों समेत अन्य की लव जिहाद, धर्म परिवर्तन ने जिंदगी छीन ली। भाजपा इस मुद्दे को छोड़ने वाली नहीं है। सरकार में आएंगे तो ह्लचांडालह्व को सबक सिखाएंगे। गौरतलब है कि दिसंबर 2021 में राज्य सरकार ने विधानसभा में मॉब लिंचिंग विधेयक पास कराया था। इसे तत्कालीन राज्यपाल ने मार्च 2022 में लौटा दिया था। उन्होंने आपत्ति जताते कहा था कि इस विधेयक के अंग्रेजी संस्करण में धारा दो के उपखंड (1) के उपखंड 12 में गवाह संरक्षण योजना का जिक्र किया गया है। लेकिन हिंदी संस्करण में इसका जिक्र ही नहीं है।

इसी धारा के उपखंड (1) के उपखंड 6 में दी गयी भीड़ की परिभाषा पर उन्होंने आपत्ति की थी। कहा गया था कि दो या दो से अधिक व्यक्तियों के समूह को अशांत भीड़ नहीं कहा जा सकता।

कहा जा रहा है कि राज्य सरकार ने महाधिवक्ता की राय के बाद राज्यपाल द्वारा उठायी गयी आपत्तियों को दूर कर लिया है। सरकार के मुताबिक उन्मादी भीड़ द्वारा कानून को अपने हाथ में लेकर की जाने वाली हिंसा और हत्या गंभीर चिंता का विषय है। इस पर रोक के लिए मॉब लिंचिंग विधेयक की जरूरत है।

## भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा झारखंड प्रदेश की विशेष बैठक संपन्न

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मोर्चा कार्यकर्ता को टास्क देते हुए कहा कि मोर्चा अपने संगठन को मजबूत करे। और झारखंड के सभी जनजाति आरक्षित सीट पर कमल खिलाने का संकल्प ले।कहा पूरे झारखंड प्रदेश में जनजाति समाज 8 लोकसभा एवम 40 विधानसभा क्षेत्र में निवास करते है। मोर्चा कार्यकर्ता इन सभी क्षेत्रों में काम करें। देश एवम राज्य में भाजपा सरकार बनाने का काम करें कहा कि आज राज्य सरकार आदिवासियों पर हो रहे शोषण, अत्याचार, बलात्कार जैसे मुद्दों को दरकिनार कर रही है। और मुद्दों को भटकाने के लिए भाजपा शाषित प्रदेशों को बदनाम करने का प्रयास कर रही है। इस बार आगामी चुनाव में हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकना है । मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवम सांसद समीर उरांव ने मोर्चा के आगामी कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अगस्त से दिसंबर महीने पूरे झारखंड प्रदेश के सभी जिलों में सघन कार्यक्रम चलाए। सभी जिलों में प्रभारी नियुक्त करें एवम संगठन को मजबूत करें। राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार, आदिवासियों पर हो रहे अत्याचार पर बोलते हुए राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा ने कहा कि हेमंत सरकार में आदिवासी समाज सुरक्षित नही है। अगर अमन चैन लाना है तो भाजपा की सरकार केंद्र एवम राज्य में लाना होगा । हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकना होगा। कार्यकर्ता को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय संगठन मंत्री नागेंद्र जी ने कहा प्रदेश से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करें एवम कार्यकर्ता जिलों एवम मंडलों में प्रवास करें। संगठन महामंत्री कर्मवीर जी कहा बूथ मजबूती पर विशेष जोर देने की आवश्कता है। बूथ जीते तो चुनाव जीते फामूर्ला पर चलने का निर्देश दिया ।

मणिपुर प्रकरण पर कांग्रेस विधायक दीपिका पांडे ने पीएम पर बोला हमला, कहा

# केंद्र सरकार और गुप्तचर एजेंसियां रहीं फेल

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** मणिपुर में कुकी समुदाय की आदिवासी महिलाओं के साथ हुई अमानवीय घटना के विरोध में रविवार को कांग्रेस विधायक दीपिका पांडे केंद्र सरकार पर जमकर बरसीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ-साथ गुप्तचर एजेंसियों पर भी सवाल उठायी। पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से कहा कि जो कुछ मणिपुर में हुआ है, उससे वीभत्स कुछ नहीं हो सकता। पूरा देश का सर झुकाने वाला, पूर्वात्तर जल रहा है। लेकिन प्रधानमंत्री जी मणिपुर के लिए समय नहीं निकाल पाए या उनको ऐसा लगता होगा कि मणिपुर में घट रही घटनाएं इतनी महत्वपूर्ण नहीं है। मौके पर प्रदेश कांग्रेस सेवादल की अध्यक्ष नेली नाथन, सुन्दरी तिर्की, महानगर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ कुमार राजा उपस्थित थे।उन्होंने कहा कि हर महिला का सम्मान बराबर हो, लेकिन जब वो महिला किसी भारतीय सेना के उस जवान के साथ हो, जिसने कारगिल की रक्षा की हो, जिसने श्रीलंका में जाकर भारत का मान बढ़ाया हो तो उस महिला के प्रति अगर हृदय में भाव है और उसकी एक लाईन जो मुझे चुभ गई, पीड़ा दे गई कि मैंने कारगिल तो बचा लिया, पर अपनी पत्नी, अपने बच्चे, अपना गांव नहीं बचा पाया, ये बात बहुत दूर तक छूती है।

उन्होंने कहा कि विदेशों में प्रधानमंत्री भाषण बड़ी-बड़ी देते हैं पर मणिपुर के लिए दो शब्द नहीं थे उनके पास, जब सर्वोच्च न्यायालय ने स्वतः संज्ञान लिया तब प्रधानमंत्री जी बेवशी में मीडिया से मुखातिब हुए। मणिपुर पर कम राजस्थान और छतीसगढ़ पर भाषण देकर इस तरही घटना पर भी राजनीतिकरण करने का काम किया। कम से कम अपील ही कर लेते शान्ति स्थापित होना चाहिए। हमें गर्व है अपने नेता राहुल गांधी पर। तमाम व्यवधान के बीच वो गए और उनको हर समुदाय ने गले से लगाया, उन्हें रोकने की कोशिश सरकार की ओर से हुई किन्तु न वो रूके ना वो झुके और ना डरे।

उन्होंने देश की गुप्त एजेंसियों पर भी सवाल उठाया। कहा कि उनकी गुप्त एजेंसियां क्या कर रही थी। विपक्ष के विधायकों को डराने के लिए भाजपा में सम्मिलित कराने के लिए जो तत्परता दिखाती है वो तत्परता मणिपुर में कहां चली गई। जबकि महिला आयोग, मणिपुर की राज्यपाल तक चिंता व्यक्त कर चुकी लेकिन मणिपुर की हिंसा नहीं रूकी। यूपीए सरकार में थोडी से पेट्रोल और गैस की कीमत बढ़ने पर गैस का सिलेडंर माथे पर रखकर सड़कों पर आंदोलन करने वाली महिला बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी खामोश क्यों हैं। क्या उन्हें भी बोलने का आदेश नहीं जो स्वंय एक महिला हैं। अगर आप महिला होकर भी एक महिला पर इस तरह की घटना की निंदा नहीं कर सकते तो आपको अविलंब इस्तीफा देना चाहिए।

## हमलोगों की लोकसभा चुनाव में वही भूमिका रहेगी जो देश के विकास को आगे ले जाने वाली होगी: सरयू

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** भारतीय जनतंत्र मोर्चा का प्रथम आम सभा सेक्टर-2, धुर्वा, राँची स्थित गाला बैंक्वेट हॉल में सम्पन्न हुआ। जिसमें पूरे राज्य से लगभग 500 पार्टी पदाधिकारियों ने भाग लिया। आम सभा की अध्यक्षता भारतीय जनतंत्र मोर्चा के संरक्षक सरयू राय ने की। इस अवसर पर पूरे राज्य से आये हुए भाजमो के पदाधिकारी/कार्यकर्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के बारे में देश भर में चर्चा चल रही है। लोकसभा में चुनाव का क्षेत्र काफी बड़ा होता है और देष के महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार होता है। हमलोगों की लोकसभा चुनाव में वही भूमिका रहेगी जो देश के विकास को आगे ले जाने में, देश की आंतरिक और बाहरी सुरक्षा, संप्रभुता की रक्षा करनेवाले की होगी। इसी विचार को केन्द्रबिन्दु बनाकर आगामी लोकसभा एवं विधान सभा के चुनाव में हमें जनता के बीच में जाना है। आप जब यहां से अपने-अपने क्षेत्र में जायेंगे तो वहां के बुद्धिजीवी, बुजुर्गों, युवाओं से संवाद स्थापित करे, उनसे विमर्श करे और फीडबैक लें कि कौन ऐसा उम्मीदवार है जो हमारा प्रत्याशी बन सकने के योग्य है। जबकि विधानसभा के चुनाव में स्थानीय समस्यायें होती हैं। जिनमें बिजली, पानी, सड़क, नियोजन, स्वास्थ्य संबंधी मुद्दें मुख्य रूप से छायी रहती हैं। विधानसभा का चुनाव राज्य की दशा एवं दिशा बदलने वाली होती है। आज भारतीय राजनीति एनडीए और इंडिया दो ध्रुवों में बँट गई है। ये दोनों राष्ट्रीय मुद्दा बनी हुई है।

सत्ताधारी दल एवं विपक्ष दोनों की राज्य के विकास में बराबर की भूमिका होती है। किन्तु पिछले तीन सालों में विपक्ष ने कोई सार्थक भूमिका नहीं निभाया है। चाहे वह सदन हो या सदन के बाहर विपक्षी दलों ने सार्वजनिक मुद्दों को पुरजोर ढंग से सरकार के सामने नहीं रखा, जिसके कारण सरकार का मनोबल बढ़ता रहा और वह भ्रष्टाचार का संरक्षक और पोषक बन बैठा। आज झारखण्ड में भ्रष्टाचार के कई कीर्तिमान स्थापित हुए है यह किसी से छिपा हुआ नहीं है। बीते 23 वर्षों में समरस और समावेशी शासन की दिशा में कोई प्रयास नहीं हो हुआ है।

## नियमित करने की प्रक्रिया शीघ्र होगी शुरू: बन्ना

राष्ट्रीय खबर

**देवघर :** जिलाध्यक्ष मनोज कुमार मिश्र के नेतृत्व में अनुबंध तथा आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का एक प्रतिनिधिमण्डल सदर अस्पताल देवघर में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता जी से मिला और अनुबंध कर्मचारियों के नियमितीकरण तथा आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के मासिक पारिश्रमिक भुगतान में करीब पेंतीस लाख रुपये मासिक हेराफेरी की जांच की मांग की गई। मंत्री ने गौर से मामले को सूना और मामले को गंभीर बताते हुए पुनः सर्किट हाउस में मिलने बुलाया। पुनः जिलाध्यक्ष मनोज कुमार मिश्र के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल सर्किट हाउस गया और सिविल सर्जन देवघर के मौजूदगी में सारी बातों को विस्तार से रखा गया। स्वास्थ्य मंत्री ने जहां अनुबंध कर्मचारियों के नियमितीकरण के लिए पच्चास प्रतिशत पद आरक्षित करते हुए जल्द नियमितीकरण प्रक्रिया शुरू करने की बात कही, वहीं आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के पारिश्रमिक भुगतान में पेंतीस लाख रुपये के हेराफेरी की बात को गंभीर बताते हुए रांची पहुंचते ही जल्द ठोस कारवाई करने की बात कही। प्रतिनिधिमंडल में एएनएम जीएनएम अनुबंध कर्मचारी संघ की जिलाध्यक्ष अलका कुमारी, सचिव संगीता राजहंस, शोभा कुमारी, मंजू टुड्डू, प्रज्ञा कुमारी आउटसोर्सिंग कर्मचारी संघ के सचिव अजय रजवार फाल्गुनी प्रसाद यादव कृष्णा यादव, राकेश झा, पिंटू कुमार, प्रीतम सिंह विनय सिंह चौहान सहित सैकड़ों कर्मचारी उपस्थित थे।

**गुटबाजी** अंदरखाने में अब भी शांत नहीं हुई है भाजपा की गुटबाजी

# बाबूलाल की साख को पचा नहीं पा रहे रघुवर दास

- पिछली सरकार में कड़वा था दोनों का रिश्ता
- दिखावे के लिए आपस में मिल रहे हैं पर
- दास के गुट के तेवर से सच्चाई के संकेत

राष्ट्रीय खबर




**रांची:** झारखंड भाजपा का हाल काफी कुछ कांग्रेस के जैसा ही हो चुका है। नेताओं ने अपने अपने गुट बना लिये हैं। अब पार्टी का अर्थ इन गुटों का अपना वर्चस्व हो चुका है। इसी वजह से लोकसभा चुनाव के पहले की तैयारियों में भी पार्टी को अंदर से ही बार बार झटका लग रहा है। यह अलग बात है कि दिखावे के लिए बड़े नेता न सिर्फ एक दूसरे से मिल रहे हैं और एकजुटता का संदेश दे रहे हैं। अंदरखाने में गुटों की बीच की दूरी अब भी कायम है। वैसे इस क्रम में यह बात सबसे अधिक तेजी से उभरी है कि बाबूलाल मरांडी को भाजपा का नया प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने से सबकी अधिक परेशान रघुवर दास का खेमा ही है। अजीब संयोग है कि जब रघुवर दास मुख्यमंत्री थे तो विरोधी दल के नेता के तौर पर बाबूलाल की बहाली के रास्ते में उन्होंने ही तत्कालीन विधानसभाध्यक्ष के जरिए अड़ंगे लगाये थे। अब दोनों एक दल में है तो वर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उसी रघुवर दास फामूर्ले को भाजपा पर आजमा रहे हैं। जिस कारण आधिकारिक तौर पर नेता प्रतिपक्ष का फैसला न्यायिक विवादों में फंसा हुआ है। भाजपा के दूसरे नेता भी इस पर खुलकर कुछ नहीं बोल पा रहे हैं क्योंकि यह रास्ता भाजपा का ही बनाया हुआ है।

प्रदेश भाजपा में रघुवर दास काफी समय से आदित्य साहू को आगे बढ़ाने की कवायद में जुटे हैं। अपुष्ट जानकारी के मुताबिक आदित्य साहू का नाम उन्होंने पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान भी चतरा सीट के लिए बढ़ाया था। इस वजह से पार्टी के कई शीर्ष नेता उनसे खफा हो गये थे। दूसरी तरफ पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान प्रचार के लिए आये नेताओं को यह महसूस हो गया था कि मुख्यमंत्री रहते हुए रघुवर दास ने पार्टी कार्यकताओं के एक बहुत बड़े वर्ग को नाराज कर लिया था। ऊपर से सरयू राय द्वारा उठाये गये भ्रष्टाचार के मुद्दे भी पार्टी पर बहुत भारी पड़ गये थे।

उसके बाद से विपक्ष में होने क बाद दीपक प्रकाश को जिम्मेदारी सौंपी गयी थी। दीपक प्रकाश के कार्यकाल में भाजपा में कमसे कम वह गुटबाजी थोड़ी कम हुई, जिसे रघुवर दास समर्थकों ने बनाया था। अब लोकसभा चुनाव करीब आने की वजह से आदिवासियों को फिर से अपने पाले में करने की कोशिश में राज्य के पहले मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। उनकी सक्रियता और रघुवर दास समर्थकों के तेवर से यह भांपा जा सकता है कि श्री मरांडी को मिली इस जिम्मेदारी से रघुवर दास का खेमा खुश नहीं है। भले ही ऊपर से एकता का प्रदर्शन किया जा रहा हो पर अंदर ही अंदर रिश्ते वैसे ही हैं, जैसे रघुवर दास का आजसू प्रमुख सुदेश महतो के साथ है।

## पेज एक का शेष

### इस राज्य के मैतेई राज्य .. ..

म्यांमार के चिन और बांग्लादेश के चिन-कुकी। मिजोरम की राजधानी आइजोल के पास के हवाई अड्डे लेंगपुई से उड़ानें संचालित करने वाली एयरलाइन एजेंसियों के अधिकारियों ने कहा कि लगभग 60 लोगों ने इम्फाल के तुलिहाल हवाई अड्डे के लिए उड़ानें भरीं। इंफाल हवाईअड्डे के अधिकारियों ने कहा कि एलायंस एयर की उड़ान से 56 मेइती मिजोरम से उतरे। कहा जाता है कि अनिर्दिष्ट संख्या में मैतेई लोग बसों और टैक्सियों से आइजोल और मिजोरम के अन्य हिस्सों से चले गए हैं। सूत्रों ने कहा कि एन. बीरेन सिंह सरकार सड़क यात्रा से बचने के लिए रविवार सुबह से मिजोरम में बसे लोगों को हवाई मार्ग से लाने की व्यवस्था कर रही है। मणिपुर सरकार के अनुमान के अनुसार, मिजोरम में लगभग 2,000 मेइती हैं, जिनमें मिजोरम विश्वविद्यालय के शिक्षक भी शामिल हैं। उनमें से आधे मणिपुर से हैं जबकि अन्य आधे मुख्य रूप से दक्षिणी असम से हैं।

मिजोरम के गृह आयुक्त एच. लालेंगमाविया ने शनिवार को पामरा के नेताओं के साथ एक बैठक की और उस बयान पर स्पष्टीकरण मांगा जो उन्होंने कथित तौर पर मेइतेई लोगों को धमकी देने के लिए जारी किया था। मिजोरम सरकार के एक प्रवक्ता ने कहा, पामरा प्रतिनिधियों ने कहा कि उनका बयान मिजोरम में रहने वाले मेइती लोगों से मणिपुर में चल रहे संघर्ष के संबंध में जन भावनाओं के मद्देनजर सावधानी बरतने का अनुरोध करने वाली एक सलाह थी और यह मेइती लोगों के लिए कोई आदेश या पद छोड़ने का नोटिस नहीं था।

प्रवक्ता ने कहा कि पीएएमआरए प्रतिनिधियों ने खेद व्यक्त किया कि उनके बयान को गलत समझा गया और उन्होंने ऐसा कुछ भी नहीं करने का आश्वासन दिया जिससे राज्य में शांति और शांति प्रभावित हो। श्री लालेंगमाविया ने कहा, ह्लहमने ऑल मिजोरम मणिपुरी एसोसिएशन के प्रतिनिधियों से भी मुलाकात की और उन्हें उनकी सुरक्षा का आश्वासन दिया और उन्हें अपने साथी मेइतेई, दोनों सरकारी कर्मचारियों और छात्रों को राज्य नहीं छोड़ने के लिए सूचित करने के लिए राजी किया। अधिकारियों ने कहा कि 21 जुलाई तक मणिपुर के कुल 12,584 चिन-कुकी-जो लोगों ने मिजोरम में शरण ली।

### एक गांव ऐसा,जहां .. ..

गांव, जो ग्रामीण और शहरी विशेषताओं के साथ प्राचीन और आधुनिक वास्तुकला दोनों को जोड़ता है, अब अल-बोहरा या अल-मुकर्रमा लोगों का गढ़ है, जैसा कि उन्हें यमनी समुदाय में कहा जाता है। वे मुहम्मद बुरहानुद्दीन के नेतृत्व वाले इस्माइली (मुस्लिम) संप्रदाय से आते हैं, जो मुंबई में रहते थे और जो 2014 में अपनी मृत्यु तक हर तीन साल में गांव का दौरा करते थे। वर्षों से, गाँव हातेम मोहिद्दीन के एक ऐतिहासिक मंदिर और मकबरे की मेजबानी कर रहा है, जो हर साल बोहराओं के हजारों अनुयायियों को उनके दर्शन के लिए आकर्षित करता है। वहां बारिश नहीं होने का वैज्ञानिक कारण यह है कि इस ऊंचाई पर बादल बनते नहीं हैं। इस वजह से यहां कभी भी बारिश नहीं होती है।

### डीजीपी और टीएमसी ने .. ..

चुके हैं। मणिपुर की डबल इंजन सरकार अपनी दोहरी विफलता को छिपाने की हताशा में बंगाल और अन्य विपक्षी राज्यों के बारे में फर्जी खबरें बनाकर और फैलाकर लोगों का ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। इसके अलावा वह यह भी लिखती हैं, मैं महिला एवं बाल संरक्षण मंत्रालय के सर्वथा अज्ञात मंत्री, मगरमच्छ के आंसू प्रसिद्ध सांसद और गोली मारो नारा के लिए ख्यातिप्राप्त मंत्री से अनुरोध करती हूं कि वे देश में भाषण देना बंद करें और अपने आकाओं की तरह चुप रहें। प्रधानमंत्री के बयान की मांग की गई है। इस बीच, भाजपा राज्य में पंचायत हिंसा और महिला उत्पीड़न का आरोप लगाकर मणिपुर मुद्दे से ध्यान भटकाने की पूरी कोशिश कर रही है। इस मुद्दे पर भाजपा सांसद लॉकेट चटर्जी प्रेस कॉन्फ्रेंस में रोती नजर आईं। ध्यान आकर्षित करने की कोशिश में भगवा खेमा कहीं से भी कमी नहीं कर रहे हैं। इस संबंध में राज्य के पंचायत चुनावों में हिंसा के आरोप उनका हथियार बन गए हैं। लेकिन असल सच्चाई तो यह है कि राज्य के पंचायत चुनाव में सबसे ज्यादा संख्या में तृणमूल नेताओं और कार्यकताओं की मौत हुई है। इस मुद्दे पर तृणमूल के युवा नेता सैनी भाजपा के विरोध में उतर आये हैं।

इस बीच पुलिस ने इस बात के लिए भी आगाह किया है कि इस बार अफवाह फैलाने की एक नई साजिश हो रही है। इसके लिए अब फेसबुक का सहारा लिया जा रहा है। फेसबुक में कई ऐसे वीडियो डाले गये हैं जो पश्चिम बंगाल में बंगालियों और हिंदी भाषियों के बीच नफरत फैलाने की साजिश है। इस शिकायत की जब जांच की गयी तो पता चला कि बंगाली नाम अथवा बांग्ला सामाजिक संगठनों के नाम से जारी होने वाले इस कुप्रचारों के पीछे भी पश्चिम बंगाल के वैसे भाजपा नेता जुड़े हुए हैं, जो पहले से ही अफवाह फैलाने के लिए पुलिस की नजरों में आ चुके हैं।

### परमाणु कचड़े का निष्पादन .. ..

जो झरझरा धातु-कार्बनिक ढांचे (एमओएफ) और सहसंयोजक कार्बनिक ढांचे (सीओएफ) की प्रतिस्पर्धा करते हैं, जिन्हें पहले आयोडीन ग्रहण सामग्री का शिखर माना जाता था।

एलेक्जेंड्रा रॉबल्स, अध्ययन की पहली लेखिका और एक पूर्व डॉक्टरेट छात्रा, जिन्होंने इस शोध पर अपना शोध प्रबंध आधारित किया था, जब उन्होंने यह खोज की थी तब वे मिल्जैनिक की प्रयोगशाला में क्रिस्टल के साथ काम कर रही थीं। परमाणु कचरे का समाधान खोजने में उनकी रुचि ने रोबल्स को आयोडीन प्राप्त करने के लिए क्रिस्टल का उपयोग करने की जांच करने के लिए प्रेरित किया। मिल्जैनिक ने कहा, उसने कार्बनिक और पानी की परतों के बीच इंटरफेस पर आयोडीन पर कब्जा कर लिया, जो एक समझ में आने वाली घटना है। मिल्जैनिक ने कहा, यहां विचार यह है कि आप इसे ऐसी जगह पर पकड़ें जहां इसे प्रबंधित करना मुश्किल हो, और फिर आप इसे ऐसी जगह पर छोड़ दें जहां इसे प्रबंधित करना आसान हो। अन्य लाभ यह है कि क्रिस्टल का पुनः उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने कहा, अगर प्रदूषक सिर्फ रीजेंट से चिपक जाता है, तो पूरी चीज को फेंक देना होगा। इससे बर्बादी और आर्थिक नुकसान बढ़ता है। मिलजानिक की टीम व्यावसायिक रूप से उपलब्ध रसायनों का उपयोग करके केवल कार्बन, हाइड्रोजन और ऑक्सीजन परमाणुओं वाले इन छोटे कार्बनिक अणुओं का निर्माण करती है। प्रत्येक क्रिस्टल एक अंगूठी के आकार की संरचना है। अनुसंधान टीम ने इसे ऑक्टोपस उपनाम दिया है। मिल्जैनिक ने कहा, वर्तमान में एक अकादमिक प्रयोगशाला में लगभग 1 डॉलर प्रति ग्राम की लागत पर इन क्रिस्टल का उत्पादन कर सकते हैं। एक औद्योगिक सेटिंग में, मिल्जैनिक का मानना है कि लागत में काफी गिरावट आएगी। ये छोटे क्रिस्टल बहुत बहुमुखी हैं और आयोडीन से अधिक ग्रहण कर सकते हैं।

### अचानक आयी बाढ़ में फंसी .. ..

आते देख बस चालक ने किसी तरह इलाके को पार करने की पूरी कोशिश की लेकिन पानी के तेज बहाव में आगे बढ़ने की कोशिश नाकाम रही। आखिरकार बस बीच नदी में फंस गई। नदी का जलस्तर धीरे-धीरे बढ़ता गया और पानी बस के अंदर घुस गया। यह स्थिति देख यात्री घबरा गए। बचाने के लिए चिल्लाया। बस के नदी में फंसते ही सबसे पहले स्थानीय लोगों ने उसे बचाने की कोशिश की। लेकिन बहाव धीरे-धीरे बढ़ने से बचाव कार्य में बाधा आई। आखिरकार पुलिस और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल पहुंचे और क्रेन और जेसीबी की व्यवस्था की। इसके बाद क्रेन की मदद से बस को बहकर आगे जाने से रोकने की कोशिश की गई। वहीं, जेसीबी की मदद से यात्रियों को एक-एक कर बस से बाहर निकाला गया। राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल ने कहा कि सभी यात्रियों को बचा लिया गया है। आपदा प्रतिक्रिया बल के अधिकारी सतीश कुमार ने कहा, यात्रियों को बचाने में जिला प्रशासन और पुलिस ने हमारा भरपूर सहयोग किया है। सभी यात्रियों को बचा लिया गया। बस को नदी से ही उठा लिया गया। प्रशासन ने लोगों को इस किस्म के आक्समिक बाढ़ के प्रति सचेत रहने की हिदायत दी है।

## शहर >> अपडेट

### टॉरियन वर्ल्ड स्कूल में प्रदर्शनी का आयोजन



रांची: टॉरियन वर्ल्ड स्कूल में शनिवार को प्राइमरी स्कूल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बच्चों के माता-पिता और स्कूल के अधिकारियों द्वारा किया गया। जिनका हमारे युवा प्रदर्शकों ने उत्साह और गर्व के साथ स्वागत किया। शैक्षणिक गलियारे में प्रत्येक स्टॉल पर नवोन्मेषी परियोजनाएं और आकर्षक डिस्प्ले प्रदर्शित किए गए। प्रत्येक स्टॉल पर बच्चों की मेहनत देखने लायक थी।अभिभावकों ने बच्चों का उत्साह बढ़ाने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया। मौके पर स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे।

**योग**

### इंडियन योग एसोसिएशन ने कार्यक्रम का आयोजित

# राज्यपाल ने लोगों को बताया योग का महत्व, कहा भारत है इसमें विश्वगुरु

- भारत में योग सदियों से किया जाता रहा है
- योग केवल शारीरिक आसन या व्यायाम नहीं है, यह एक समग्र जीवनशैली है

**राष्ट्रीय खबर**




**रांची:** इंडियन योग एसोसिएशन के द्वारा रांची में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल सीपी राधा कृष्ण ने भी भाग लिया। कार्यक्रम में योग को लेकर भारत की अग्रणी भूमिका की चर्चा की गई। कहा गया कि भारत में सदियों से लोगों का विश्वास योग में है। भारत से ही पूरी दुनिया भर में योग फैला और आज यह पूरी दुनिया में स्वस्थ रहने के लिए महत्वपूर्ण क्रिया बन गई है और योग भारत की विरासत है। झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि भारत में योग सदियों से किया जाता रहा है। इसकी जड़ें हमारी भारतीय विरासत में गहरी हैं और यह अब वैश्विक बन गई है, इसे दुनिया भर में लाखों लोगों ने अपनाया है। यह पूरे विश्व को भारत का एक अमूल्य उपहार है। राज्यपाल रविवार को आईएमए रांची में इंडियन योग एसोसिएशन-झारखंड स्टेट चैप्टर द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। यहां राज्यपाल ने कहा कि योग केवल शारीरिक आसन या व्यायाम नहीं है, यह एक समग्र जीवनशैली है जो हमें स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित करता है, तनाव को कम करता है और विचारों में स्पष्टता लाता है। इसे भावी पीढ़ियों तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि देश प्रधानमंत्री ने वैश्विक मंच पर योग को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके उल्लेखनीय पहल से संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया और इससे पूरे विश्व में योग के प्रति जागरूकता में वृद्धि हुई।इंडियन योग एसोसिएशन झारखंड स्टेट चैप्टर के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में योग को लेकर कई महत्वपूर्ण बातें बताई गई। योग के जरिए कौन-कौन से रोगों को दूर किया जा सकता है, इसे लेकर भी कार्यक्रम में जानकारियां दी गई। खासकर शुगर और ब्लड प्रेशर को लेकर भी कई जानकारियां साझा की गई। गौरतलब है कि हमारे देश में बहुत से लोग मधुमेह और उच्च रक्तचाप से पीड़ित हैं, जो अन्य बीमारियों को भी जन्म देती हैं। बदलते जीवनशैली के कारण युवाओं में भी विभिन्न बीमारियां देखने को मिल रही हैं। ऐसे में योग की महत्वपूर्ण भूमिका है, यह जीवन में अत्यंत लाभकारी है। राज्यपाल ने सभी से योग को अपने दैनिक जीवन में शामिल करने का आह्वान किया। इसे अपनाकर लोग अपनी सेहत पर इसके गहन सकारात्मक प्रभाव का अनुभव कर सकते हैं।

## न्यूज फटाफट

### एंटी स्नेक वेनम की 9532 डोज उपलब्ध



रांची: बारिश के मौसम में सर्पदंश का डर बना रहता है, इससे बचाव के लिए आवश्यक सावधानी की जरूरत पड़ती है, लेकिन जिले में हर साल बारिश के दिनों लोगों की मौत हो रही है। इन लोगों कर मौत जागरूकता के अभाव में हुई है। दरअसल, ग्रामीण क्षेत्र में सर्पदंश के मामले आने पर झाड़-फूंक का सहारा लिया जाता है। इससे चलते मरीज देर से जिला अस्पताल पहुंचता है। और सर्पदंश पूरे शरीर में फैल जाता है। इससे मौत हो जाती है। वहीं, सर्पदंश के बढ़ते मामलों पर स्वास्थ्य विभाग के सचिव अरुण कुमार सिंह ने एडवाइजरी जारी की है। स्वास्थ्य विभाग ने रिम्स निदेशक समेत सभी मेडिकल कॉलेजों के प्राचार्य और सभी जिलों के सिविल सर्जन को पत्राचार करते हुए सर्पदंश से होने वाली आकस्मिक घटनाओं के बचाव, रोकथाम और उपचार से संबंधित मार्गदर्शिका का अनुपालन करने का निर्देश दिया है। बताया कि राज्य के विभिन्न जिलों में एंटी स्नेक वेनम की 9532 होज उपलब्ध है। स्वास्थ्य विभाग ने बारिश के मौसम में सर्पदंश के मामले के बढ़ने की आशंका को देखते हुए अपने-अपने संस्थानों में एंटी स्नेक वेनम की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। साथ ही कहा है कि सर्पदंश से सावधानी और इलाज के प्रति लोगों को जागरूक कराने पर ध्यान दें, ताकि उन्हें नजदीकी अस्पताल में समय पर इलाज मिल सके और उनकी जान बचाई जा सके। सर्पदंश से लोगों की मौत का मुख्य कारण इलाज में देरी और समुदाय में जागरुकता की कमी है। राज्य में पाए जाने वाले साप की 250 से अधिक प्रजाति में केवल 25 प्रतिशत ही जहरीली है। रसेल वाइपर सबसे ज्यादा खेतों में मिलता है, जिसके काटने पर खून पतला हो जाता है और ब्लीडिंग शुरू हो जाता है।

### निष्काम भाव से किया गया कर्म ही पूजा : एसके मिश्रा

रांची: डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल, रांची की प्राथमिक शाखा (एन डी जी) एवं माध्यमिक शाखा (एम सी एम) में विद्यार्थी परिषद का गठन सह अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया।विद्यार्थी परिषद के सदस्यों को विद्यालय के प्राचार्य श्री एस के मिश्रा जी द्वारा बैज एवं शैश (पटका) पहनाकर आशीर्वाद प्रदान किया गया। अलंकृत होते हुए छात्र-परिषद के सभी छात्र सदस्यों ने अपने-अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की शपथ ली। इस अवसर को खास एवं विशेष बनाने के लिए विद्यालय के बहुद्देश्यीय सभागार में वैदिक मंत्रों से हवन कुण्ड में आहुतियाँ दी गईं। प्राचार्य एस.के मिश्रा ने हवन का महत्त्व प्रतिपादित एवं शुभकामनाएं देते हुए छात्र परिषद के सदस्यों से कहा कि जैसे-जैसे हम ऊँचाई की ओर जाते हैं,वैसे-वैसे हमारे अन्दर और विनम्रता आती है और यही विनम्रता हमें योग्य बनाती है।योग्यता ही हमारा वास्तविक अलंकार है। अतः उम्मीद की जाती है कि विद्यार्थी परिषद के सभी सदस्य विद्यालय की प्रशासनिक व्यवस्था का अभिन्न अंग बनकर अपने समर्पण से सबके साथ स्नेहमय व्यवहार रखते हुए विद्यालय को और ऊँचाई की ओर ले जाएँगे। इस तरह वे अपने अलंकरण को और अलंकृत कर सोने पे सुहागा चरितार्थ करेंगे और हम सबको गौरवान्वित महसूस करने का पल देंगे। प्राथमिक शाखा (एन डी जी) से आदित्य तिवारी कक्षा पाँचवीं को हेड बॉय एवं प्रणया सिंह सोलंकी कक्षा पाँचवीं को हेड गर्ल चुना गया। वहीं माध्यमिक शाखा (एम सी एम) से कुमार आर्यन कक्षा नवमीं को हेड बॉय एवं दक्ष प्रसाद कक्षा नवमीं को हेड गर्ल चुन छात्र परिषद का गठन हुआ।

### पासवा ने 3000 से अधिक छात्र -छात्राओं को किया सम्मानित

रांची: प्राईवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) न९ लोहरदगा स्थित बी एस कालेज मल्टी परपस हॉल में जिला स्तरीय छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह में एक साथ 3 हजार से अधिक छात्र छात्राओं को सम्मानित कर इतिहास रचने का काम किया। सीबीएसई,आईसीएसई और जैक बोर्ड द्वारा आयोजित 10 वीं तथा 12वीं की परीक्षाओं के टॉपर और 70% से अधिक अंक लाने वाले छात्र छात्राओं को राज्य सभा सांसद श्री धीरज प्रसाद साहू,राज्य के वित्त मंत्री व पासवा के मुख्य संरक्षक डॉ रामेश्वर उरांव, पासवा प्रदेश अध्यक्ष श्री आलोक कुमार दूबे, डीएवी के पूर्व निदेशक एलआर सैनी, राष्ट्रीय सलाहकार परिषद के सदस्य रोहित प्रियदर्शी उरांव, राष्ट्रपति पुरस्कार अवॉर्डी सुश्री फलक फातिमा, प्राचार्य फादर थॉमस,उषा कुजूर, शरत चन्द्र, जे.पी.झा, उषा मिंज, बलदेव साहू महाविद्यालय के प्राचार्य डीआरके गुप्ता, पासवा उपाध्यक्ष बिपिन कुमार सिन्हा, प्रदेश महासचिव श्री नीरज कुमार, जिला अध्यक्ष लोहरदगा माजिद आलम, नेसार अंसारी,संजय प्रसाद,प्रवीण प्रकाश, डॉ सुषमा केरकेट्टा और अन्य अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। झारखंड में यह पहला मौका है जब इतनी बड़ी संख्या में किसी एक जिले में एक साथ 3 हजार से अधिक प्रतिभावान छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान विभिन्न बोर्ड परीक्षाओं में 10वीं तथा 12वीं परीक्षा में टॉप करने वाले 10वीं और 12वीं दोनों के टॉपरों को नगद राशि और मेडल तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जबकि 70% तथा उससे अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों को मेडल तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतिभा सम्मान समारोह में जिले भर से 100 से अधिक प्रिंसिपल एवं डायरेक्टर भी मौजूद थे जिन्हें मोमेंटो एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सुबह से ही छात्रछात्राएं और उनके अभिभावक खेल गांव स्टेडियम में पहुंचे थे। उनकी सहायता के लिए पासवा ने 10 हेल्पलाइन डेस्क बनाए गए थे जहां छात्र-छात्राएं अपना रजिस्ट्रेशन करा रहे थे। छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह का दीप प्रज्वलित कर विधिवत उद्घाटन धीरज प्रसाद साहू, डॉ रामेश्वर उरॉव,डीएभी के पूर्व डायरेक्टर एल आर सैनी, पासवा अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने मुख्य रुप से किया। समारोह के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा लोहरदग्गा के छात्र युवा हर क्षेत्र में अपने कौशल का प्रदर्शन कर रहे हैं।

## डीएवी हेहल में विद्यार्थी परिषद का गठन



**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल की प्राथमिक शाखा (एनडीजी) एवं माध्यमिक शाखा (एमसीएम) में विद्यार्थी परिषद का गठन सह अलंकरण समारोह का आयोजन शनिवार को किया गया। इसके बाद वैदिक मंत्रों से हवन कुंड में आहुतियां दी गई। प्राचार्य एसके मिश्रा ने हवन के महत्व एवं शुभकामनाएं देते हुए छात्र परिषद के सदस्यों से कहा कि जैसे-जैसे हम ऊंचाई की ओर जाते हैं, जो हमें योग्य बनाती है। योग्यता ही हमारा वास्तविक अलंकार है।आदित्य तिवारी कक्षा पांच को हेड बॉय एवं प्रणया सिंह सोलंकी कक्षा पांच को हेड गर्ल चुना गया। कुमार आर्यन कक्षा नवम को हेड बॉय एवं दक्ष प्रसाद कक्षा नवम को हेड गर्ल चुन छात्र परिषद का गठन किया गया। इस अवसर माध्यमिक शाखा प्रभारी सुनील सिंह तथा प्राथमिक शाखा प्रभारी अनुराधा सिंह एवं सभी वरिष्ठ शिक्षक-शिक्षिकाएसहित सतीश चन्द्र यति सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

### झारखंड राज्य प्रशासनिक सेवा संघ का सरकार को अल्टीमेटम

## मांगे पूरी नहीं हुई तो होगी कलम बंद हड़ताल

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** रविवार को झारखंड राज्य प्रशासनिक सेवा संघ की केंद्रीय इकाई की बैठक मोराबादी में हुई। बैठक में एक बार पुनः पूर्व के 15 सूत्री मांगों पर विस्तार से चर्चा की गई ,जिनमें मुख्य रूप से झारखंड प्रशासनिक सेवा को प्रीमियर सेवा घोषित करना, विभागीय प्रोन्नति समिति की बैठक नियमित रूप से आयोजित करना, प्रोन्नत पदाधिकारियों को नए पदों पर पदस्थापित करने के बजाए पदों को उत्क्रमित करने की प्रक्रिया पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाया जाना, नवनियुक्त एवं पदस्थापन की प्रतीक्षा में बैठे पदाधिकारियों का अविलंब पदस्थापन करना, चाइल्ड केयर लीव की सुविधा, चिकित्सा भत्ता के स्थान पर स्वास्थ्य बीमा की व्यवस्था लागू करना, झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ के कार्यालय हेतु रांची में 3 एकड़ भूमि उपलब्ध कराया जाना, रेवेन्यू प्रोटेक्शन प्रोटेक्शन एक्ट को लागू किया जाना, एलटीसी की व्यवस्था करना,एमएसीपी का लाभ दिया जाना, सभी पदाधिकारियों के लिए कार्मिक विभाग से पहचान पत्र निर्गत किया जाना और उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु सवैतनिक अवकाश की स्वीकृति प्रदान करना शामिल है।

बैठक में सभी मांगों पर विस्तार से चर्चा के साथ साथ अब तक सरकार द्वारा की गई कार्यवाही पर भी विस्तृत चर्चा की गई। सरकार द्वारा उठाए गए कदम से असंतोष व्यक्त करते हुए संघ ने अपनी मांगों को प्राप्त करने के लिए एक चरणबद्ध कार्यक्रम की रणनीति तैयार की है।26 जुलाई को प्रतिनिधिमंडल की मुख्य सचिव से मुलाकात कर सौंपेगा ज्ञापन, मुख्य सचिव को आगे की रणनीति की दी जाएगी जानकारी 10 और 11 अगस्त को झारखंड राज्य प्रशासनिक सेवा के सभी सदस्य काला बिल्ला लगाकर करेंगे काम बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार यदि इसके बाद भी अगर सरकार के द्वारा हमारी मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार नहीं किया जाता है तो आगे आंदोलन की गति और बढ़ाई जाएगी।आगे की रणनीति के बारे में 26 जुलाई के मुख्य सचिव से वार्ता के बाद खुलासा किया जाएगा।

## आदिवासी महिला कैदी की मौत ने उठाए कई सवाल, जेल में कैसे हो गई टीबी और कुपोषण की शिकार

**राष्ट्रीय खबर**




**रांची:** मामला सिमडेगा जिला से जुड़ा है। बोलबा थाना क्षेत्र के कुंदुरमुंडा गांव की सीता कुमारी की कुपोषण और टीबी की वजह से मौत हो गई है। सीता की मौत पर इसलिए सवाल उठ रहे हैं क्योंकि वह साल 2014 से ही जेल में थी। जाहिर है कि जेल में कैदियों को भोजन और इलाज की सुविधा मिलती है। इसके बावजूद वह कैसे कुपोषित हो गई। अगर उसको टीबी ने जकड़ा भी तो इलाज क्यों नहीं हो पाया।दिवंगत जयराम मांझी की बेटी सीता कुमारी पर अपनी ही मां की हत्या का आरोप था। उसे सिमडेगा कोर्ट ने 10 अगस्त 2016 को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। इसके बाद सीता को 18 सितंबर 2016 में रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में शिफ्ट कर दिया गया था। इसी दौरान साल 2019 में पता चला कि सीता को ग्लैंड टीबी है। उसे खाना खाने में दिक्कत होती थी। उसकी सेवा दूसरी महिला कैदी किया करती थीं।अब सवाल है कि जब पता चल गया कि सीता को टीबी है तो उसका समय पर इलाज क्यों नहीं हुआ। 10 जुलाई 2023 को सीता की तबीयत ज्यादा खराब होने पर बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा के चिकित्सक ने बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। तब से सीता का इलाज डॉ विद्यापति के यूनिट में चल रहा था। इसी दौरान 20 जुलाई 2023 को उसकी मौत हो गई।डॉ विद्यापति ने बताया कि वह टीबी से गंभीर रूप से ग्रसित थी। बीपी कम हो गया था। उसका खाना-पीना छूट गया था। उसको सही से भोजन नहीं मिला। इसकी वजह से उसकी हालत बिगड़ती चली गई। वह कुपोषित हो चुकी थी। ऐसे मरीज को स्पेशल न्यूट्रिशन देना पड़ता जो नहीं हो पाया। टीबी से ग्रसित मरीज को खाने की ईच्छा नहीं होती है। वैसी स्थिति में उनको विशेष केयर करने की जरूरत होती है। जब उसको रिम्स लाया गया, तब उसकी हालत बेहद नाजुक हो चुकी थी। फिर भी उसको बचाने की पूरी कोशिश की गई लेकिन वह नहीं बच पाई।

## पीजी में नामांकन के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 31 जुलाई से होगा शुरू

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड में पीजी विषयों में नामांकन के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 31 जुलाई से शुरू होगा। इसके तहत 27 पीजी कोर्स के 726 सीटों पर नामांकन लिया जाएगा। इसमें सीयूईटी के स्कोर के आधार पर संस्थान द्वारा मेरिट लिस्ट तैयार की जाएगी। इसके बाद काउंसिलिंग की प्रक्रिया शुरू होगी।बताते चलें सीयूईटी पीजी के स्कोर के तहत देशभर के 197 यूनिवर्सिटी के पीजी कोर्स में नामांकन ले सकेंगे। इसमें 39 सेंट्रल यूनिवर्सिटी, 45 स्टेट गवर्नमेंट यूनिवर्सिटी, 10 गवर्नमेंट इंस्टीट्यूट और 103 अन्य प्राइवेट व डीम्ड यूनिवर्सिटी शामिल है। सीयूईटी पीजी की परीक्षा इस साल दो फेज में आयोजित की गई थी। पहला फेज 5 जून से 17 जून तक और दूसरा फेज 22 जून से जुलाई के बीच आयोजित हुई थी, जिसमें झारखंड से 36,251 छात्रों ने विभिन्न विषयों के लिए परीक्षा में शामिल हुए थे। रांची यूनिवर्सिटी, डॉ। श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी सहित अन्य स्टेट यूनिवर्सिटी के पीजी कोर्सों में नामांकन के लिए छात्रों को अभी इंतजार करना होगा। क्योंकि अभी तक किसी यूनिवर्सिटी में फाइनल सेमेस्टर का रिजल्ट जारी नहीं हो पाया है। वहीं, कई यूनिवर्सिटी में अभी तक यूजी फाइनल सेमेस्टर की परीक्षा भी आयोजित नहीं हो पाई है। ऐसे में नामांकन प्रक्रिया में देरी तो होगी ही, साथ ही नए सत्र के शुरू होने में भी देरी होगी। संत जेवियर्स कॉलेज रांची के 12 पीजी कोर्स में नामांकन के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है।

### डोरंडा थाना क्षेत्र में पुलिस पब्लिक वार्ता का आयोजन

रांची: पुलिस पब्लिक रिपोर्टर द्वारा शनिवार को डोरंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत हिनू यूनाइटेड क्लब बिहारी मंडप मे पुलिस पब्लिक वार्ता का आयोजन किया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे डीएसपी हटिया राजा मित्रा, विशेष अतिथि के रूप मे भाजपा प्रदेश मंत्री सुबोध सिंह गुड्डू, डोरंडा थाना प्रभारी लक्ष्मी कांत, एकता ग्रुप के डायरेक्टर सतीश श्रीस्ताव, सेंट्रल मुहर्रम कमिटी के अध्यक्ष अशरफ अंसारी, महावीर मंडल के अध्यक्ष संजय पोद्दार, मंत्री पप्पू वर्मा,समाज सेवी राणा जफर अली आदि मौजूद रहे। मौके पर मुख्य अतिथि डीएसपी हटिया राजा कुमार मित्रा ने पुलिस पब्लिक रिपोर्टर और डोरंडा वासियों का जोहार के साथ स्वागत किया उसके बाद उन्होंने अपने वक्तव्य मे कहा अपराध पर अंकुश लगाने की दिशा में प्रशासन लगातार कार्य कर रहा है।नशा मुक्त समाज का निर्माण करना हमारा मुख्य उद्देश्य है। अपराधियों को चिन्हित कर करवाई किया जा रहा है।वही ऐसे कार्यकम लगातार होने चाहिए ऐसे कार्यक्रम से आपसी भाईचारा बड़ता है साथ ही पुलिस और पब्लिक के बीच दूरी कम होती है। वही विशिष्ट अतिथि भाजपा प्रदेश मंत्री सुबोध सिंह गुड्डू ने कहा की पुलिस पब्लिक रिपोर्टर जनता और पुलिस के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी है।

### चौकनी फैमिली रेस्टोरेंट का उद्घाटन

रांची: अरगोड़ा चौक स्थित चौकनी फैमिली रेस्टोरेंट का शुभारंभ शहर के मुख्य पाहन शिबू तिग्गा के द्वारा आदिवासी विधि विधान से विधिवत पूजा अर्चना कर किया गया। तत्पश्चात वार्ड 35 के वार्ड पार्षद झरी लिंडा, बेदिया विकास परिषद् के केन्द्रीय उपाध्यक्ष जीतनाथ बेदिया, जय आदिवासी केन्द्रीय परिषद् के निरंजना हेरेंज टोप्पो, रवि तिग्गा राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा, केन्द्रीय सरना समिति के अध्यक्ष नारायण उरांव, अजय तिर्की, समाजसेवी अरविन्द उरांव, ब्रजकिशोर बेदिया, सोनू खलखो, एवं अन्य के द्वारा संयुक्त रुप से फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इस मौके पर चौकनी फैमिली रेस्टोरेंट के संचालक फुलदेव भगत ने बताया कि इस रेस्टोरेंट पर भेज, नॉनवेज, इंडियन, चाईनीज भोजन की व्यवस्था सस्ते दर पर ग्राहकों को उपलब्ध कराया जायेगा। इसके अलावे होम डिलीवरी की भी व्यवस्था की गई है।

**प्रदर्शन**

### ईसाई समुदाय के लोगों ने मानव श्रृंखला बनाकर किया विरोध

# मणिपुर में घटना के विरोध में रविवार को ईसाई समुदाय का विरोध प्रदर्शन

- मानव श्रृंखला पुरुलिया रोड से लेकर सुजाता चौक तक बनायी गयी थी
- रांची के कैथोलिक आर्च बिशप फेलिक्स टोप्पो एसजे ने शांति की जोरदार अपील की

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** मणिपुर में घटना के विरोध में रविवार को ईसाई समुदाय के लोगों ने मानव श्रृंखला बनायी। यह मानव श्रृंखला क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन, कॉन्फ्रेंस ऑफ रिलिजियस ऑफ इंडिया, रांची और रांची महाधर्मप्रांत के आह्वान पर किया गया था। मानव श्रृंखला पुरुलिया रोड से लेकर सुजाता चौक तक बनायी गयी थी। सबके हाथ में बैनर और पोस्टर थे। इस दौरान मणिपुर में शांति और पूरे देश में सद्भाव की मजबूती के लिए प्रार्थना के साथ एक प्रार्थना सभा भी आयोजित की गई।फादर मारियानुस कुजूर एसजे, एक्सआईएसएस के निदेशक ने कहा कि मणिपुर के लोगों की मदद के लिए हमारी भूमिका क्या हो सकती है। रांची के कैथोलिक आर्च बिशप फेलिक्स टोप्पो एसजे ने शांति की जोरदार अपील की। एनजीईएल चर्च के बिशप राकेश टोप्पो ने मणिपुर राज्य में जो कुछ हो रहा था, उस पर सभी ईसाइयों का दर्द व्यक्त किया। बिशप सीमांत तिर्की ने मणिपुर की कठिन स्थिति के शीघ्र समाधान के लिए प्रार्थना की। मणिपुर और देश में शांति के लिए विश्वासियों के द्वारा प्रार्थना की गई।

रांची के सहायक बिशप थियोडोर मैस्करेनहास एसएफएक्स ने बताया कि मणिपुर में जो कुछ हो रहा है, वह लंबे समय से हो रहे नफरत के प्रसार का परिणाम है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर हम सावधान नहीं रहे तो वही भाग्य हमारा इंतजार कर रहा है। वहीं, क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन के अध्यक्ष कुलदीप तिर्की और सिस्टर संगीता नागेशिया एचसी ने कई स्वयंसेवकों के साथ मौन मानव श्रृंखला की सफलता के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### विश्वविद्यालय मौन और प्राचार्य रेस

रांची: रांची विश्वविद्यालय प्रशासन ने जेपीएससी द्वारा अयोग्य घोषित किए गए योगदा सत्संग कॉलेज रांची के प्राचार्य डॉ श्याम पांडे को पद से हटाने के लिए पत्र जारी करके अपने कर्तव्य की इतिश्री कर ली है। विश्वविद्यालय द्वारा 11 जुलाई को निर्गत पत्र में कॉलेज प्रबंधन को प्राचार्य को तत्काल प्रभाव से पदमुक्त करने का निर्देश दिया था। इस प्रकरण में 11 दिन बीत जाने के पश्चात भी उक्त प्राचार्य अभी तक पद पर काबिज हैं। इतना हीं नहीं, ये प्राचार्य कॉलेज में चल रही विश्वविद्यालय की परीक्षा में केंद्राधीक्षक के रूप में सभी कागजातों पर हस्ताक्षर भी कर रहा है जिसकी पूरी खबर विश्वविद्यालय को है। उत्तराखंड से आए यह प्राचार्य झारखंड में तमाम नियम कानून की धज्जियां विश्वविद्यालय प्रशासन की मिलीभगत से उड़ते जा रहे हैं। एनएसयूआई को मिली सूचना के अनुसार इनके द्वारा सत्ता के दलालों और बिचौलियों के माध्यम से जेपीएससी पर भी पुनर्विचार के लिए अनुचित दबाव बनवाया जा रहा है।

## शहर >> अपडेट

### स्वतंत्रता सेनानियों को किया याद

**चांडिल :** नारायण प्राईवेट आईटीआई संस्थान में रविवार को स्वतंत्र सेनानी बीर चंद्रशेखर आजाद एवं बाल गंगाधर तिलक की जयंती मनाई गई। इस अवसर में संस्थान के संस्थापक डॉक्टर जटाशंकर पांडे एवं संस्थान के सभी अनुदेशक के द्वारा उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### एक दिवसीय धरना कार्यक्रम पर चर्चा

**चास:** नगर विकास समिति, जन संघर्ष मोर्चा, दामोदर बचाओ आंदोलन, चास बोकारो ट्रक ऑनर वेलफेयर एसोसिएशन एवं झारखंड पेंशनर कल्याण समाज की संयुक्त बैठक चास धर्मशाला मोड़ स्थित स्व. राजेंद्र महतो स्मृति भवन में संपन्न हुई। अध्यक्षता अभय कुमार मुन्ना एवं संचालन अतीश कुमार सिंह ने की। बैठक में आगामी 8 अगस्त को बोकारो उपायुक्त कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना कार्यक्रम के संदर्भ में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए नगर विकास समिति के मार्गदर्शक सदस्य सह झारखंड पेंशनर कल्याण समाज बोकारो जिला के संरक्षक बाल कृष्ण कुमार ने कहा कि आमजन छोटी-छोटी समस्याओं से परेशान है। अंचल, प्रखंड एवं जिला स्तर पर दूर दराज से आने वाले ग्रामीण दिनभर अपने काम को कराने के लिए परेशान रहते है। उन्हें कभी साहब नही है तो कभी सर्बर काम नही कर रहा है, ऐसी समस्याओं से जूझना पड़ता है। थक हारकर वे किसी न किसी बिचौलियों के चक्कर मे फंस जाते है। इन सभी तथ्यों से समिति प्रायः समय-समय पर संबंधित अधिकारीगण को अवगत कराते रहती है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### विस्थापित नौजवान मोर्चा ने की विशेष भू-अर्जन पदाधिकारी के साथ वार्ता

**बोकारो:** पुनर्वास क्षेत्रों में डीपीएलआर द्वारा आवंटित जमीन व निर्गत पर्चा की जांच, जैना-टांडमोहनपुर पुनर्वास क्षेत्र में होटल, स्कूल, अस्पताल व अन्य अवैध निर्माण को अतिक्रमण मुक्त कराने सहित अन्य मांगों को लेकर डीपीएलआर निदेशक मेनका, विशेष भू-अर्जन पदाधिकारी जेम्स सुरीन के साथ विस्थापित नौजवान संघर्ष मोर्चा की वार्ता हुई। इस दौरान मोर्चा के अध्यक्ष अरूण कुमार महतो ने डीपीएलआर कर्मियों की मनमानी, अवैध रूप से पुनर्वास क्षेत्रों में जमीन का आवंटन, लोगों को गलत मुआवजा देना, पंचाटी बनाना व विशेष भू-अर्जन कार्यालय में स्थित गोपनीय कागजात पर छेड़खानी करने की बात कहीं। साथ ही उन्होंने डीपीएलआर निदेशक व विशेष भू-अर्जन पदाधिकारी से सभी मांगों पर सही रूप से जांच कर जांच रिपोर्ट देने की अपील की। कहा कि हर दिन पुनर्वास क्षेत्रों में डीपीएलआर के सहयोग से अवैध रूप से घर व दुकान का निर्माण हो रहा है। फोरलेन निर्माण कार्य के क्रम में गलत पर्चा देकर भुगतान किया गया है। इस पर जांच होना चाहिए। मोर्चा के सलाहकार डीलू महतो, महासचिव खेलु महतो, उपाध्यक्ष आनंद महतो, सोमर महतो व डीपीएलआर के प्रधान सहायक दिनेश कुमार हाजरा, जितेंद्र कुमार आदि शामिल थे।

### आदिवासी दिवस को लेकर बैठक

**तमाड :** तमाड प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सलगाडीह आनन्द ढाबा मे रविवार को लखिन्द्र सिंह मुण्डा कि अध्यक्षता मे एक बैठक का आयोजन किया गाय। बैठक मे मुख्य रूप से आगामी 9 अगस्त को आदिवासी विश्व दिवस कार्यक्रम आयोजित करने को लेकर विचार विमर्श किया गाय। इस अवसर पर देवानंद सिंह मुंडाद्व पूर्ण चंद्र सिंह मुंडा, हरि सिंह मुंडा, परमेश्वर सिंह मुंडा सहित अन्य उपस्थित थे।

**बैठक**

### आजसू कार्यसमिति की बैठक में बोले पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस

# संघर्ष और आंदोलन की उपज

- महिलाओं के सम्मान, अधिकार और स्वरोजगार के लिए अहम भूमिका निभाई है
- विधानसभा के एक - एक व्यक्ति से मिलकर आजसू के विचारों का प्रचार प्रसार करें




राष्ट्रीय खबर

**चांडिल :** चांडिल प्रखंड के चिलगु स्थित आजसू पार्टी के प्रधान परिसर में रविवार आजसू पार्टी के कार्यसमिति की बैठक आयोजित किया गया। बैठक में पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस उपस्थित हुए। इस दौरान पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा और अपने संबोधन में कहा मौजूदा हेमंत सरकार झारखंड के भ्रष्टाचारियों का संरक्षक बनी हुई हैं। झारखंड में भ्रष्टाचारियों का बोलबाला है, सरकारी कार्यालयों में बिना चढ़ावा के कोई काम नहीं हो रहा है और जनता त्राहिमाम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि जिन सपनों और कल्पनाओं को लेकर आंदोलनकारियों ने अलग झारखंड राज्य की लड़ाई लड़ी थी, उन सपनों को आजसू ही पूरा कर सकती हैं। आजसू कोई साधारण पार्टी नहीं है, आजसू संघर्ष और आंदोलन की उपज है। आजसू का इतिहास उपलब्धियों से भरी पड़ी है। आजसू पार्टी ने महिलाओं के सम्मान, अधिकार और स्वरोजगार के लिए अहम भूमिका निभाई है। युवाओं को राजनीति में पहचान दिलाने का काम भी आजसू ने ही किया है। सहिस ने कहा कि वर्तमान समय में राज्य सरकार जनता को मुद्दों से भटकाने के लिए प्रायोजित अभियान शुरू की है लेकिन इस झांसे में जनता नहीं आएगी। जनता सरकार के झूठ को भलीभांति समझ चुकी हैं। कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करते हुए आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव हरेलाल महतो ने कहा कि पार्टी के हर नेता व कार्यकर्ता को सेवा का संकल्प लेना होगा। समाज के शोषित वर्ग की सेवा और उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ने की जरूरत है। जनता का विश्वास आजसू पर है और जनता आजसू के हाथों नेतृत्व सौंपना चाहती हैं। उन्होंने कार्यकताओं से कहा कि ईचागढ़ विधानसभा के एक - एक व्यक्ति से मिलकर आजसू के विचारों का प्रचार प्रसार करें।

इस अवसर पर चांडिल प्रखंड के पूर्व प्रमुख अमला मुर्मू को आजसू महिला संघ का कार्यकारी जिलाध्यक्ष, शरत महतो को जिला उपाध्यक्ष एवं शिवचरण महतो को चांडिल प्रखंड उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक में केंद्रीय सचिव सुसेन महतो, रविशंकर मौर्या, जिलाध्यक्ष सचिन महतो, जिला प्रधान सचिव सह जिला परिषद सदस्य असित सिंह पात्र, सुसेन महतो, रामरतन महतो, रौशन शर्मा, आस्तिक दास, पलक पांडेय सहित अन्य उपस्थित थे।

## आरक्षण बढ़ाओ संघर्ष समिति का गठन

राष्ट्रीय खबर

**बोकारो:** गोप परिवार के बंगाल झारखंड के प्रतिनिधियों की बैठक रविवार को बोकारो में दीपांजलि पैलेस में हुआ। अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष साधु शरण गोप ने किया। सर्व सहमति से निर्णय हुआ कि गोप परिवार आरक्षण से बाहर निकालने की मांग करेगा, और लड़ाई लड़ेगा। इसके लिए गोप जाति का आरक्षण बढ़ाओ संघर्ष समिति का गठन किया गया। इस समिति में 51 सदस्य होंगे। समिति के मुख्य संयोजक साधु शरण गोप नियुक्त हुए। इसके सदस्य गोप समाज के विभिन्न क्षेत्र के अध्यक्ष और सभी क्षेत्रों के निर्वाचित जनप्रतिनिधि होंगे। तथा हर क्षेत्र के विशिष्टगण होंगे। मुख्य संयोजक श्री गोप ने कहा कि गोप जाति को वर्तमान आरक्षण व्यवस्था से हानि हो रहा है। सरकार या तो गोप जाति का आरक्षण बढ़ाए या आरक्षण से बाहर करे। उन्होंने कहा कि गोप जाति के पिछड़ापन का आलम यह है कि आज भी प्रशासनिक-राजनीतिक के शीर्ष पद पर कोई नहीं है। गोप जाति का विकास के लिए सरकार को विशेष अवसर तलासने होंगे। यदि नही तलाश सकते तो आरक्षण से बाहर कर दे, इसमें भी गोप परिवार खुशहाल रहेगा।

गोप ने कहा कि गोप जाति कृष्ण के वंशज हैं। फलस्वरूप गोप सामाजिक नहीं, बल्कि आर्थिक पिछड़ा है। आर्थिक पिछड़ा आरक्षण की लड़ाई गरीब होते हुए भी स्वयं लड़ने की क्षमता गोप परिवार रखता है। पहले राज्यपाल से भेंट कर गोप परिवार अपनी मांग रखेगा। उसके बाद सभी क्षेत्रों में सघन जागरूकता अभियान चलाकर सरकार को अपनी हैसियत से रूबरू कराएगा।

### अविलंब 1932 पर आधारित स्थानीय नीति लागू करनी होगी

## खतियान की लड़ाई अब सड़क से नहीं सदन से होगी : महतो



राष्ट्रीय खबर

**चास:** यह खतियान की लड़ाई है और इसे 1932 खतियान के आधार पर लागू करना ही होगा। 90-10 नियोजन नीति लागू करना होगा। झारखंड वासियों के हित के लिए, उसके अस्तित्व की रक्षा के लिए सभी लोगों को दलगत भावना से ऊपर उठकर माय माटी के मुद्दे पर एक होना होगा। उक्त बातें झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के केंद्रीय अध्यक्ष क्रांतिकारी नेता टाईगर जयराम महतो ने चंदनकियारी में खतियानी महाजुटान को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि 1932 खतियान के लिए, 60-40 नियोजन नीति को रद्द करने एवं निजी कंपनियों में 75 प्रतिशत का आरक्षण तय करने के लिए एकजुट होना होगा। झारखंड सरकार को अपनी नीति स्पष्ट करते हुए अविलंब 1932 पर आधारित स्थानीय नीति लागू करनी होगी। जयराम ने कहा कि इस नवनिर्माण की लड़ाई में सभी युवाओं को आगे आना होगा। यह निर्णायक लड़ाई है, जो युवाओं का भविष्य और राज्य की दशा और दिशा तय करेगी। उन्होंने 2024 में चंदनकियारी से धनबाद लोकसभा प्रत्याशी खतियानधारी के पक्ष में 90 प्रतिशत देने की अपील की।जयराम महतो ने चंदनकियारी पुरूलिया रोड में प्रधान कार्यालय एवं बिजुलिया मोड़ बिनोद चौक के समीप शाखा कार्यालय का उद्घाटन किया। इसके पूर्व सिंहडीह गांव में जेबीकेएसएस कार्यकर्ता डॉ. मदन मोहन महतो की स्वर्गवासी पत्नी गीता देवी की पुण्यतिथि पर माल्यार्पण किया। इसके बाद सभी जेबीकेएसएस सदस्य रैली की शक्ल में सियालजोरी बनगड़िया होते हुए चंदनकियारी पहुंचे, जहां यह भीड़ सभा के रूप में तब्दील हो गई।

## जेएसएलपीएस के डीपीएम ने किया आजीविका गतिविधियों का भ्रमण



राष्ट्रीय खबर

**बोकारो:** झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) के जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रकाश रंजन और जोहर परियोजना के आरपीओ कुणाल विश्वकर्मा ने जरीडीह प्रखंड के जैना बस्ती में पेपर प्लेट यूनिट और टांडमोहनपुर पंचायत में संचालित हल्दी प्रसंस्करण यूनिट का भ्रमण किया। इस दौरान जैना बस्ती में तेजस्विनी महिला संघ की अध्यक्ष गायत्री देवी और प्रखंड संघ समन्वयक विजय ठाकुर के नेतृत्व में महिला मंडल की दीदियों ने मांदर-ढोलक की थाप पर पारंपरिक नृत्य प्रस्तूत कर अतिथियों का जोरदार स्वागत किया। भ्रमण के दौरान श्री रंजन एवं श्री विश्वकर्मा ने जैना बस्ती में संचालित पेपर प्लेट यूनिट की संचालक कौशल्या देवी से एवं टांडमोहनपुर में संघ द्वारा जेएसएलपीएस, प्रदान एवं नाबार्ड के सहयोग से संचालित हल्दी यूनिट की दीदियों से आजीविका के विभिन्न पहलुओं की जानकारी प्राप्त की एवं लागत कम कर मुनाफा बढ़ाने के टिप्स दिए। इस दौरान संघ से बीएलएलसी संतोष राम, एरिया कोर्डिनेटर आनंद कुमार सिंह, सुरेश राम, मोहिब अंसारी, सुलेखा राय, पंकज कुमार, लक्ष्मी देवी, सेवामती देवी, गौरी शंकर सहित महिला मंडल की 50 से ज्यादा दीदियां उपस्थित थीं।

## मणिपुर हिंसा में दोषियों को फांसी की सजा मिले

राष्ट्रीय खबर

**कसमार:** सीपीआईएम कसमार लोकल कमेटी की ओर से कसमार स्थित पार्टी कार्यालय में रविवार को प्रेस कांफ्रेंस किया गया। प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए माकपा जिला कमेटी सदस्य सह कसमार लोकल कमेटी सचिव शकुर अंसारी ने मणिपुर घटना की कठोर निंदा करते हुए कहा कि पिछले 30 दिनों से जातीय दंगा हो रहा है। जिसमें लगभग 200 लोगों की जाने गयी हैं और सैंकड़ो लोगों का घर जलाया गया है। हद तो तब हो गया जब भारतीय इतिहास के एक शर्मनाक घटना को अंजाम दिया गया। हजारों की भीड़ ने दो महिलाओं को न निर्वस्त्र करके उनका परेड करवाया गया, उनके साथ सामुहिक बलात्कार किया गया। हमारी पार्टी व मणिपुर के जातीय दंगा को रोकने में असफल केंद्रीय गृह मंत्री के इस्तीफे की मांग करती है। मणिपुर के मुख्यमंत्री, किस जिले में घटना हुई वहां के डीसी एवं एसपी को तुरंत हटाया जाए। साथ ही सभी दोषियों को फांसी की सजा देने की मांग की है। इस दौरान उमा शंकर महाराज, मुमताज अंसारी, किशुन कपरदार, प्रेम चंद्र घांसी, सहबान अंसारी, बासु कुमार शेख, पांचु अंसारी शामिल थे।

**लक्ष्य**

### झामुमो ने की बोकारो प्रबंधन की लापरवाही को लेकर बैठक

## सरकार की योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने का लक्ष्यः मंटू



राष्ट्रीय खबर

**बोकारो:** झामुमो बोकारो महानगर अध्यक्ष मंटू यादव की अध्यक्षता में बियाडा बाजार कार्यालय में एक अहम बैठक हुई। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए श्री यादव ने कहा कि सदर अस्पताल बोकारो प्रबंधन की घोर लापरवाही के कारण बीते कुछ माह से जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था में व्यापक गिरावट देखी जा रही है। जिसके चलते आम लोगों का स्वास्थ्य विभाग पर विश्वास समाप्त होता जा रहा है। कहा कि बालीडीह क्षेत्र में एक बड़ी आबादी रहती है। उसके बावजूद भी राजकीय औषधालय बालीडीह में एक भी महिला या पुरूष चिकित्सक यहां पर पदस्थापित नहीं है। महानगर अध्यक्ष ने कहा कि आयुष्मान के नाम पर बोर्ड लगाकर गरीबों की सेवा नहीं देने वाले निजी अस्पतालों को तत्काल आयुष्मान के पोर्टल से हटाया जाए। अब तक किसी भी अस्पताल के सामने रेट चार्ट नहीं है और न ही आयुष्मान का अलग काउंटर है। श्री यादव ने कहा कि राजकीय औषधालय बालीडीह में आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए स्क्रीनिंग कैंप सप्ताह में एक दिन सुनिश्चित किया जाए। ताकि प्रसव या अन्य किसी ऑपरेशन से पहले मरीज को यह पता हो सके उसे किस अस्पताल में भर्ती होना है। और सीएसआर के तहत ओएनजीसी, डालमिया, एचपीसीएल, इंडियन ऑयल, बोकारो स्टील, इलेक्ट्रोस्टील के मोबाइल चिकित्सा वैन फर्जी तरीके से घूमते हैं। इन सभी कंपनियों के साथ बैठक कर इनके मोबाइल वैन को उनके ही क्षेत्र में जहां इलाज करने का वे दावा करते हैं, उन्हें सरकारी स्वास्थ्य विभाग के भवन में बैठने की व्यवस्था की जानी चाहिए। जिससे क्षेत्र के लोगों को उसका लाभ मिल सके। इसको लेकर झामुमो बोकारो महानगर इकाई द्वारा एक प्रतिनिधिमंडल बोकारो उपायुक्त से मिलकर आम लोगों की जटिल समस्या को देखते हुए स्वास्थ्य व्यवस्था को सुधार करने के संबंध में एक मांग पत्र सौंपेगा। वहीं उन्होंने कार्यकताओं से कहा कि हेमंत सरकार द्वारा आम लोगों के लिए अनेकों योजनाएं चला रही है। उसका लाभ एक-एक जनता को मिले। इसके लिए आप अपने-अपने क्षेत्र में जो भी समस्या है। उसपर ध्यान देते हुए उसका समाधान करवाने का प्रयास करें, झामुमो कार्यकताओं का यही लक्ष्य है। संचालन महानगर सचिव फिरदौस अंसारी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से मूटूकलाल किस्कू, मिथुन मंडल, चंदू सिंह मुंडा, अर्जुन महतो, प्रसाद, शंभू गुप्ता, प्रदीप सोरेन, जुगल मुर्मू, तेज प्रताप सिंह, फैयाज अंसारी, ज्वाला सिंह, धनु लाल महतो, विक्की कुमार, जलहोरी मुर्मू, शक्ति बेसरा आदि उपस्थित थे।

## न्यूज फटाफट

### राकेश बने विस्थापित मंच के केंद्रीय अध्यक्ष



**चांडिल :** अखिल झारखंड विस्थापित अधिकार मंच का समीक्षा बैठक रविवार को संपन्न हुआ। बैठक में 16 जून से चले आ रहे अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन व आंदोलन का समीक्षा किया गया एवं आगामी होने वाली पांचवा चरण के आंदोलन को सफल बनाने हेतु विचार विमर्श किया गया। वहीं सर्वसम्मति से मंच के केंद्रीय अध्यक्ष राकेश रंजन महतो को चयनित किया गया, मंच के केंद्रीय प्रवक्ता अनूप महतो को सर्वसम्मति से चयनित किया गया एवं मंच के महिला मोर्चा के अध्यक्ष मंजू गोराई, महिला मोर्चा के उपाध्यक्ष लक्ष्मी महतो, महिला मोर्चा के सचिव गीता रानी महतो को सर्वसम्मति से चयनित किया गया। इस अवसर पर विवेक सिंह बाबू, मुकेश कुमार महतो, कार्तिक महतो, विशाल कालिंदी, विदेश कालिंदी, सुबोध पोदेदार, अनूप महतो, राकेश रंजन महतो, तपन महतो, मंजू गोराई आदि उपस्थित थे।

### एकदिवसीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में हुआ 31 यूनिट रक्त संग्रह

**चांडिल :** नीमडीह प्रखंड के आदरडीह सामुदायिक भवन में रविवार को सेवा सर्वोपरि समिति एवं मानव अधिकार संघ के तत्वाधान में एक दिवसीय रक्तदान शिविर आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुभारंभ राष्ट्रीय गान के साथ स्वामी विवेकानंद, सुभाष चन्द्र बोस, चंद्रशेखर आजाद, बाल गंगाधर तिलक के फोटो पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। इस कैंप में कुल 50 लोगों ने पंजीयन हुई और और 31 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। इस दौरान सेवा ही संकल्प है के संस्थापक समाजसेवी राकेश वर्मा रक्तदाताओं का हौसला अफजाई किया। उन्होंने कहा रक्तदान सबसे बड़ा दान है, इसमें लोगो को बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने का अपिल किया। भाजपा जिला महामंत्री मधुसूदन गोराई ने रक्तदान किए एवं सेवा सर्वोपरि समिति को प्रोत्साहित कर आगे हर संभव मदद करने की बात कही। इस अवसर पर मानव अधिकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश कुमार केनू, समाजसेवी स्वपन महतो, सेवा सर्वोपरि समिति के संरक्षक सनातन गोराई, अध्यक्ष चंद्र मोहन गोराई, आदरडीह पंचायत के मुखिया सुभाष सिंह, तपन मंडल, सुशेन गोप, दुर्गा मंडल, अमित कुमार, चित्तरंजन मंडल, भास्कर सिंह, मनोरमा देवी, ब्रह्मानंद ब्लड बैंक के एचओडी शक्तधारी सिंह, डॉ पटेल, राधेश्याम कर्मकार,संजय कुमार आदि उपस्थित थे।

### कुशलबंधा में कुपोषण से बचाव पर जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन



**चास:** रोटरी क्लब चास ने चास भवानीपुर साइट के कुशलबंधा में कुपोषण से बचाव पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। क्लब की अध्यक्ष पूजा बैद ने कहा कि कुपोषण के खिलाफ जंग में जीत के लिए पोषण अभियान जैसी कोशिशें करनी पड़ेगी। कहा कि सरकार द्वारा कुपोषण से लड़ने बेहतर प्रयास किए जा रहे हैं, परंतु इसे जड़ से खत्म करने रोटरी जैसी स्वयंसेवी संस्थाओं को भी आगे आना पड़ेगा। कार्यक्रम में डॉ अनुप्रिया वर्मा ने महिलाओं एवं बच्चों की जांच एवं सलाह देते हुए कहा कि कुपोषण भारत की गंभीर समस्याओं में से एक है। बावजूद इसके हम समस्या के प्रति गंभीर नहीं हैं। डॉ अनुप्रिया ने कहा कि बच्चों के और महिलाओं के खानपान में सुधार लाना होगा तभी हम स्वस्थ जीवन जी पाएंगे। संस्थापक अध्यक्ष संजय बैद ने कहा कि कुपोषण देश के विकास में बाधक है। बैद ने कहा कि सामूहिक प्रयास से हमें इस बाधा को खत्म करना है। सचिव डिंपल कौर ने कहा कि कुपोषण दूर करने की कामयाबी मां पर टिकी है, यदि मां स्वस्थ होगी तो बच्चे और परिवार भी स्वस्थ रहेगा। उन्होंने कहा कि चास रोटरी अपने सामाजिक दायित्व को समझता है और इसके तहत 120 महिलाओं और बच्चों को प्रोटीन पाउडर, कैल्शियम और आयरन की गोलियां, कॉम्प्लान हेल्थ ड्रिंक, बिस्किट के पैकेट एवं खेलने के लिए गेंद आदि उपलब्ध कराया गया है। इस दौरान प्लास्टिक का उपयोग न करने की सलाह देते हुए सभी को कपड़े के झोले उपलब्ध कराए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में नरेंद्र सिंह, कुमार अमरदीप, माधुरी सिंह, उषा कुमार, कमल तनेजा, मुकेश अग्रवाल, विपिन अग्रवाल, डॉ सुमन, रितु अग्रवाल, सिद्धार्थ पारख, आरती पारख, आनंद अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, बिनोद चोपड़ा, मंजीत सिंह, उषा सिंह, शैल रस्तोगी आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### ग्राम प्रधान मांझी बाबा के नेतृत्व में जाहेर स्थल पर वृक्षारोपण कार्यक्रम



**बोकारो:** सतनपुर पंचायत के तेतुलिया स्थित मिरूगढ़ में ग्राम प्रधान मांझी बाबा के नेतृत्व में जाहेर स्थल पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से सखुआ, महुआ, आम और नीम के पौधों को नर्सरी से मंगाकर लगाया गया। इस दौरान पौधों को लगाने के साथ-साथ उनकी रक्षा का भी ग्रामीणों ने संकल्प लिया गया। ग्रामीणों ने कहा कि पौधों की रक्षा से ही मनुष्य की रक्षा होगी। पेड़ के बिना मनुष्य का जीवन सुखमय नहीं हो सकता। वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्राम प्रधान नंदकिशोर टुडू, जोगमांझी सुंदर मुर्मू, सुमोंता टुडू, दुखू हांसदा, जनता स्टील मासांगे मुर्मू, अविनाश हांसदा, गौतम पात्रो और दीपक सोरेन मौजूद थे।

### विश्वकर्मा महिला संघ ने मनाया सावन महोत्सव

**बोकारो:** विश्वकर्मा महिला संघ, बोकारो की ओर से सिटी पार्क स्थित डैफोडिल में सावन महोत्सव मनाया गया। इस मौके पर विश्वकर्मा महिला संघ की महिलाओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। संगीतमय और रंगारंग कार्यक्रमों में सावन के गीतों- सावन का महीना पवन करे शोर, सावन के झूलों ने मुझको झुलाया, सावन में मोरनी बनके सहित अन्य गानों पर नृत्य कर खूब धमाल मचाया। इसके अलावा संघ की महिलाओं ने अभिनय और अन्य प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। जिसमें प्रवल शर्मा प्रथम, स्नेहा रानी द्वितीय और उषा शर्मा तृतीय रहीं सभी को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इनके साथ अन्य सदस्यों को भी उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में राखी गौरव, बिंदु शर्मा, उषा शर्मा, लक्ष्मी शर्मा, पिंकी, स्नेहा रानी, रीना राणा, प्रवल शर्मा, आशा शर्मा सहित एवं अन्य महिलाएं मौजूद रहीं।

शहर >> अपडेट

## मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन

**बेरमो :** झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी के कार्यकताओं द्वारा चंद्रपुरा प्रखंड के नर्रा पंचायत सचिवालय में मिलन समारोह सह डुमरी उप चुनाव की तैयारी को लेकर नर्रा पंचायत चुनाव पर्यवेक्षक सह बंदियो पंचायत के पूर्व मुखिया गोपाल महतो एवं प्रखंड कमिटी के नेतृत्व में बैठक का आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सूबे के उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री बेबी देवी मुख्य रूप से शामिल हुए।

शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

## सीसीएल प्रबंधन पर मजदूरों की अनदेखी का आरोप

**बेरमो :** संयुक्त ट्रेड यूनियन मोर्चा के बैनर तले बीएंडके क्षेत्र के एकेकेओसीपी (खासमहल-कोनार) परियोजना कार्यालय में जोरदार प्रदर्शन किया। बाद में मजदूरों की समस्याओं का मांग पत्र प्रबंधन को सौंपा गया। राकोमयू एरिया सचिव श्यामल कुमार सरकार ने कहा कि सीसीएल बीएंडके प्रबंधन की मनमानी बढ़ती जा रही है। मजदूरों की समस्याओं का समय पर निराकरण नहीं किया जा रहा है। एचएमएस के ओम प्रकाश सिंह उर्फ टीनू सिंह और गजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि मजदूरों का समस्या को शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो जोरदार आंदोलन किया जाएगा।

## यूसीडब्लूयू एएडीओसीएम शाखा की कमिटी का गठन

**बेरमो :** सेंट्रल कालोनी मकोली स्थित मे अधिकारी क्लब मे शनिवार को यूसीडब्लूयू एएडीओसीएम (अमलो) शाखा की बैठक गणेश महतो जी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। यूनियन के पर्यवेक्षक एरिया अध्यक्ष जवाहर लाल यादव, एरिया सचिव भीम महतो एवं शाखा सचिव जितेंद्र दुबे की उपस्थिति मे सर्वसम्मति से यूसीडब्लूयू एएडीओसीएम (अमलो) शाखा की 16 सदस्यीय नई शाखा कमिटी का गठन किया गया।

संक्षिप्त >> अपडेट्स

## कमार्टांड़ में 74 वाँ वन महोत्सव सह वृक्षारोपण

**बेरमो /गोमिया :** गोमिया के कमार्टांड़ में 74 वाँ वन महोत्सव सह वृक्षारोपण का कार्यक्रम बेरमो मंडल के वन पदाधिकारी विनय कुमार की अध्यक्षता में रखी गई कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बोकारो जिप अध्यक्ष सुनीता देवी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रखंड प्रमुख प्रमिला चौड़े उपस्थित हुई मंच का संचालन ग्राम वन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष गंदोरी राम ने की जिप अध्यक्ष ने अपने अभिभाषण में कहा पेड़ संतान के समान होती है इसकी देखभाल हमें अपने संतान की तरह ही करनी चाहिए । पेड़ लगा देने से हम सबकी जिम्मेदारी पूर्ण नहीं होती है इसकी देखभाल करना वन पदाधिकारियों को जितनी है उतनी ग्रामीणों को भी अपनी जिम्मेवारी लेनी चाहिए कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित पूर्व प्रखंड प्रमुख कांति देवी, स्थानीय मुखिया बंटी उराँव, स्वांग दक्षिणी पुर्व मुखिया धनंजय सिंह, मुखिया बलराम रजक, पंचायत समिति कुन्ती देवी, पंचायत समिति जसवंत कुमार , वाड सदस्य सोनाराम बेसरा, राजेश कुमार, विशाल चौहान तथा कई गणमान्य समाज सेवी उपस्थित रहे।

## स्थापना दिवस को लेकर बैठक की गई

**बेरमो :** शनिवार को सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ ढोरी द्वारा क्षेत्रीय कार्यालय ढोरी खास में 23 जुलाई को स्थापना दिवस को धूम-धाम मनाने को लेकर बैठक की गई। रवींद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि 23 जुलाई को पूरे सीसीएल में सीसीएल सीकेएस सम्बन्द्ध भारतीय मजदूर संघ स्थापना दिवस मानती है। मौके भारतीय मजदूर संघ बोकारो जिला मंत्री संत सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष कुलदीप, क्षेत्रीय सचिव विनय कुमार सिंह, नुनुचंद महतो, बीरेन्द्र गुप्ता, राजेश गुप्ता,अजय सिंह, बुधन नोनिया, प्रमोद कुमार गौतम, हीरालाल रविदास, मनोज कुमार, सोमनाथ मिश्रा उपस्थित रहे।

**बैठक** आजसू पार्टी की बैठक पीटीपीएस स्थित आवासीय कार्यालय में हुई संपन्न

# जनता को परेशान करने वाली कार्यप्रणाली बंद करें : रोशनलाल चौधरी

- 4 अगस्त को पतरातू प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष हल्ला बोल कार्यक्रम किया जाएगा
- आम जनता के साथ छल किया है
- विभिन्न योजनाओं का लाभ देने में जनता को परेशान किया जा रहा



राष्ट्रीय खबर

**बासल :** आजसू पार्टी की बैठक पीटीपीएस स्थित आवासीय कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गंगाधर महतो एवं संचालन प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा ने किया। बैठक में मुख्य रूप से पार्टी केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी उपस्थित थे। वहीं विशिष्ट रूप से केंद्रीय सचिव विजय साहू उपस्थित थे।

बैठक को संबोधित करते हुए रोशनलाल चौधरी ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार और उसमें शामिल दलों ने आम जनता के साथ छल किया है। प्रखंड कार्यालयों में विभिन्न योजनाओं का लाभ देने में जनता को परेशान किया जा रहा, भ्रष्टाचार हावी है, राज्य व क्षेत्र नेतृत्व विहीन है, हर तरफ अव्यवस्था है। जनता का कोई काम नही हो रहा। विकास कार्य ठप है, जनहित की योजना कार्यान्वित नहीं है, जिसके आलोक में आजसू पार्टी के द्वारा आगामी 4 अगस्त को पतरातू प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष हल्ला बोल कार्यक्रम किया जाएगा। साथ ही इस मौके पर साह कॉलोनी पंचायत अध्यक्ष संजय सिंह एवं सचिव अजीत कुमार को मनोनित किया गया।

बताया गया कि प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार एवं शुक्रवार को आजसू पार्टी के द्वारा जनसमस्या निवारण शिविर लगाया जाएगा। वही बैठक में जिला प्रवक्ता बीरेंद्र झा, जिला उपाध्यक्ष राजू कुमार, भुन्नु सिंह, वरीय नेता चंदन कुमार, जिला संगठन सचिव विक्रांत साहू, अशोक पाठक कौलेश्वर महतो, वरीय नेता राहुल रंजन, प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष ब्रजेश सिंह, लक्ष्मीकांत महतो, टिकेश्वर महतो, मनोज राम, जानकी मुंडा, अजय रवि, रंजीत तिवारी, बिनोद कुमार, गणेश करमाली, धीरज राम, महेंद्र महतो, भीम सिंह, सुधीर कुमार आदि उपस्थित रहे।

## कोयला चोरों और क्रेशर कर्मियों के बीच नोकझोंक



**बेरमो /जारंगडीह :** सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र के जारंगडीह परियोजना अंतर्गत जारंगडीह रेलवे साइडिंग में स्थित कोल क्रेशर जो एलएनटी कंपनी का बताया जाता है वहां से कोयला चोरो द्वारा बड़े पैमाने पर कोयला चोरी करने पहुचे चोरो के समुह को क्रेशर मे कार्यरत स्थानीय युवको ने रोका तो कोयला उग्र हो कर क्रेशर कर्मियों पर पत्थरबाजी शुरू कर दी। इसके बाद भी क्रेशर कर्मियों ने हार नही मानी और दर्जनों कोयला चोरो खदेड़ दिया। मिली जानकारी के अनुसार ये सभी कोयला चोर खेतको, असनापानी, चांपी, अम्बाटोला का बताया जाता है। ये लोग दिन के पहले पहर ही अपनी अपनी बाइक लेकर जारंगडीह कांटा घर और जारंगडीह क्रेशर पहुच जाते है तथा ट्रको और क्रेशर से निकलने वाले कोयले को अपनी अपनी बाइक मे लाद फरार हो जाते हैं। इससे पुर्व भी जारंगडीह कांट घर पर ट्रकों से कोयला उतारने से रोकने पर कोयला चोरो द्वारा ट्रक के खलासी के साथ मार पीट की घटना को अंजाम दे चुका है। अनेको बार पुलिसिया कार्यवाही भी हुई मगर इन कोयला चोरो के सेहत पर कोई फर्क नहीं पड़ा और बदसूरत अपना धंधा चला रहा है। आलम यह है कि यहां तैनात सीसीएल के सुरक्षा कर्मी भी इन कोयला चोरो से डरते हैं और इससे किनारा करने मे ही अपनी भलाई समझते हैं। ऐसे क्रेशर कर्मियों की यह कार्यवाही सराहनीय है जिन्होने सरकारी समाप्ति की रक्षा करते हुए अपनी जान जोखिम में डाल दबंग कोयला चोरो को खदेड़ा।

## सुरक्षा गार्ड की ड्यूटी के दौरान संदेहास्पद स्थिति में मौत



**बेरमो :** बोकारो जिला के गोमिया स्थित बहुराष्ट्रीय कंपनी ओरिका की आवासीय कॉलोनी में ड्यूटी पर तैनात निजी सुरक्षा गार्ड नारायण गोप उर्फ मदन यादव (55 वर्ष) की 23 जुलाई की अहले सुबह संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई। वह गोमिया चौधरी टोला का रहने वाला था। वह रात्रि पाली ड्यूटी में था। सुबह पांच बजे कॉलोनी के लोग जब टहलने निकले तो उसे पोस्ट पर बेहोशी की हालत में पड़ा देखा।लोगों की सूचना पर कॉलोनी में ही रहने वाले आर्डियर अस्पताल के सीएमओ मौके पर पहुचे और जांच की। इसके बाद गार्ड को बेहोशी की हालत में ही आर्डियर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों व ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर शव के साथ कंपनी गेट को जाम कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के सैकड़ों लोग गेट पर जमा हो गए। गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो, जिप सदस्य डॉ सुरेंद्र राज, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष पंकज पांडे, गोमिया मुखिया बलराम रजक, ससबेडा पश्चिमी पंचायत के मुखिया शांति देवी, अरुण यादव, प्रभु स्वर्णकार, पंसस जनक देव यादव, रोहित यादव, राजकुमार यादव, पिंटू पासवान सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और परिजन को उचित मुआवजा देने की मांग की. स्थिति को संभालने के लिए गोमिया सर्किल इंस्पेक्टर महेश प्रसाद सिंह, आईईएल थाना प्रभारी अभिषेक महतो, गोमिया थाना अवर निरीक्षक संदीप भगत, कथारा ओपी प्रभारी प्रिंस कुमार सहित बड़ी संख्या में पुलिस बलों को कंपनी के गेट पर तैनात कर दिया गया

**शनिवार की दोपहर से था ड्यूटी पर तैनात-**
सुरक्षा गार्ड नारायण गोप उर्फ मदन यादव आवासीय कॉलोनी के ए टाइप में तैनात था। सहयोगी गार्ड के नहीं आने के कारण वह शनिवार दिन के दो बजे से ही ड्यूटी कर रहा था। बीच में थोड़ी देर के लिए वह घर गया और फ्रेश होकर रात दस बजे पुनः ड्यूटी संभाल ली थी।

## नवनियुक्त पंचायत सेवक को पंचायत प्रतिनिधियों ने किया सम्मानित



राष्ट्रीय खबर

**पतरातू :** पतरातू ग्राम पंचायत कटिया बस्ती के पंचायत भवन परिसर में नवयुक्त पंचायत सेवक सौम्या कुमारी का पंचायत प्रतिनिधियों एवं पंचायत में कार्यरत सभी विभाग के लोगो के द्वारा स्वागत डायरी एवं शॉल देकर सम्मानित किया गया। एवं पंचायत सेवक के रूप में सौम्या कुमारी के द्वारा विधिवत रूप से पदभार भी ग्रहण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया किशोर कुमार महतो एवं संचालन पंचायत सेवक महेश्वर बेदिया के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान अपने सम्बोधन के दौरान मुखिया किशोर कुमार महतो ने कहा कि पंचायत को विकास की ओर ले जाने के लिए सभी का साथ जरूरी है। इसी निमित्त आज नया पंचायत सेवक का पदभार ग्रहण करना हमारा पंचायत का विकास को गती देना है। और आने वाले दिनों में हमारा पंचायत प्रखंड और जिला ही नहीं झारखंड में नाम रोशन करेगा। इसका प्रयास हम सभी पंचायत के कर्मी पर जवाबदेही और जिम्मेदारी है। हम सब लोगों के साथ मिलकर पंचायत में विकास विकास कार्य को गति देंगे। एवं आने वाले दिनों में जनता का काम पंचायत से ही हो इसका प्रयास भी करेंगे।

## विशाल स्पंज प्लांट परिसर में हुआ पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**दुलमी :** बोरोबिंग स्थित विशाल स्पंज फैक्ट्री परिसर में रोटरी रामगढ़ सेंट्रल के सौजन्य से मेघा प्लांटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रोटरी रामगढ़ सेंट्रल के अध्यक्ष विकास बंसल, सचिव अंकित जैन, विशाल स्पंच के निदेशक मुकेश अग्रवाल, बोरोबिंग मुखिया बंसती देवी, मुखिया प्रतिनिधि चित्रगुप्त महतो मौजूद थे। मौके पर रोटरी रामगढ़ सेंट्रल के अध्यक्ष विकास बंसल ने कहा कि पौधरोपण मानव जीवन के लिए काफी जरूरी हैं। पर्यावरण सुरक्षित रहेंगे, तभी मानव जीवन सुरक्षित रहेगा। उन्होंने आगे कहा कि सभी लोगो को एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए। ताकि ऑक्सीजन की मात्रा कभी भी कम न हो सकें। अध्यक्ष ने आगे कहा कि रामगढ़ रोटरी सेंट्रल मेघा वृक्षारोपण कार्यक्रम चला रही हैं। जिसके तहत आज 500 पौधे लगाएं गए। वही 10000 पेड़ पौधे लगाने का संकल्प लिया गया। ताकि पर्यावरण शुद्ध रहे सकें। वही विशाल स्पंज के निदेशक मुकेश अग्रवाल ने कहा कि पेड़-पौधों के कारण आज मनुष्य जीवित है। यदि पेड़-पौधे नहीं होंगे तो मनुष्य का जीवन संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि आज जो पौधारोपण किया है, वह हमारी आने वाली पीढ़ी के लिए तोहफा होगा, क्योंकि ये पेड़ पौधे बड़े होकर सदियों तक सभी को जीवन के रूप में ऑक्सीजन देते रहेंगे। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे हर माह में एक पौधा जरूर लगाएं। पौधारोपण के बाद सभी सदस्यों ने उनकी देखभाल करने की शपथ ली और कहा कि वे भविष्य में भी समय-समय पर पौधारोपण करते रहेंगे। आयोजित कार्यक्रम के दौरान दर्जनों फलदार, छायेदार पौधे लगाए गए। इस दौरान पेड़ पौधे को संरक्षण करने का संकल्प लिया गया।

## सुब्रोतो मुखर्जी फुटबॉल टूनार्मेंट में एसएसवीएम दूसरे स्थान पर

**बासल :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पतरातू ने जिला स्तरीय सुब्रतों मुखर्जी फुटबाल टूनार्मेंट में द्वितीय स्थान प्राप्त किया । विद्यालय के प्रधानाचार्य उपेन्द्र पांडे ने बताया कि शुक्रवार को विद्यालय के बच्चों का एक फुटबाल टीम रामगढ़ उक्त टूनार्मेंट में हिस्सा लिया था जिसमें गोला की टीम पहला और इस विद्यालय के बच्चे दूसरे स्थान पर रहे । वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं शिक्षको और दीदी जी ने सभी भैया तथा खेल शिक्षक को उनकी इस उपलब्धि के लिए बधाई दी ।

# दो दिवसीय सुब्रतो कप फुटबॉल टूनार्मेंट हुआ आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**गोला:** गोला स्थित एस.एस. +2 हाई स्कूल के खेल मैदान में प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड के तहत दो दिवसीय सुब्रतो कप फुटबॉल टूनार्मेंट का प्रखंड स्तरीय फाइनल मैच का आयोजन किया गया। इस खेल में मुख्य अतिथि गोला प्रखंड प्रमुख गीता देवी, उप प्रमुख विजय ओझा, प्रखंड 20 सूत्री प्रखण्ड राम विनय महतो, जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी, बीईईओ सहदेव कर्मकार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया। अंडर-17 बालिका वर्ग में +2 हाई स्कूल डिमरा बनाम उत्क्रमित हाईस्कूल चाडी हिंदी के बीच बराबरी के बाद पेनल्टी शूटआउट में चाड़ी हिंदी की टीम ने प्लस टू हाई स्कूल डीमरा को हराकर चाडी हिंदी विजेता बनी। वहीं अंडर-14 बालक वर्ग में एसएस +2 हाई स्कूल गोला ने उत्क्रमित हाई स्कूल कोराम्बे को पेनल्टी शूटआउट में पराजित कर विजेता बना । वहीँ अंडर 17 बालक वर्ग में एसएस +2 हाई स्कूल गोला बनाम +2 हाई स्कूल डिमरा के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया । जिसमें गोला के टीम ने डिमरा की टीम को 2-0 से बढ़त बनाकर प्रखंड स्तरीय फाइनल मुकाबले पर अपना कब्जा जमाया। प्रमुख गीता देवी ने कहा कि इस तरह के प्रतियोगिता का आयोजन होने से बच्चों के अंदर कौशल का विकास होता है । वही 20 सूत्री प्रखण्ड अध्यक्ष ने कहा कि सरकार पूरे राज्य के सभी विद्यालय के बच्चों को खेल में आगे बढाने में लगी है। खेल को खेल भावना से ही खेलनी चाहिए ताकि खिलाड़ियों की प्रतिभा निखरती है । मौके पर बीपीओ श्याम सुंदर महतो, बीआरपी संतोष कुमार, रणधीर बसरिया, शिक्षक मदन महतो, शिव प्रकाश, नोडल शारीरिक शिक्षक मिथलेश कुमार रविदास, आशीष दास, मनोज कुमार, रविन्द्र कुमार, कुलदीप कुमार, आदित्य कुमार, अजीत कुमार, इंतेखाब ताहिर, सतेंद्र कुमार, निर्णायक के रूप में उत्तम कुमार महतो सहित सहित सैकड़ों खेल प्रेमी मैच के दौरान उपस्थित रहे ।

स्कूल में विभिन्न गतिविधियों में

## बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राऐं व शिक्षक हुए सम्मानित



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो :** बोकारो थर्मल-विधुत नगरी में शिक्षा का अलख जगा रहा कॉर्मेल स्कूल अंग्रेजी मीडियम में 'द प्राइज नाइट' का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ डीवीसी के प्रोजेक्ट हेड नंदकिशोर चैधरी, डीजीएम बीजी होलकर, चंद्रपुरा डी-नोवली के प्राचार्य अंथोनी स्वामी, संत पॉल मॉर्डन स्कूल के निर्देशक सुरेश गायकवाड़, कॉर्मेल स्कूल प्रबंधक सिस्टर एम इनेट व प्राचार्या सिस्टर एम मल्लर ने संयूक्त रूप से द्वीप प्रज्जवलित कर किए। इस दौरान स्कूल में आयोजित विभिन्न गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले एलकेजी से 11 वीं के छात्र-छात्राऐं व शिक्षकों को मेड़ल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। दसवीं के परीक्षा में टॉपर रहें इंशात झा के माता-पिता को प्रशस्ति-प्रत्र, शील्ड व पांच हजार नगद देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावे 12 वीं के टॉपरों को सम्मानित किया गया और सभी आवर्ड उनके माता-पिता ने लिया। सर्वश्रेष्ठ शिक्षक का आवर्ड सोमा बासू, अर्जून साव, जितेंद्र कुमार सिंह, नीलम कुल्लू, सुरेश कुमार, तारिक हसन व हेमलता को दिया गया। बच्चे पुरस्कार पाकर काफी खुश दिखे।

## मुहर्रम पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग

**रामगढ़ :** मुहर्रम पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन के मद्देनजर अनुमंडल पदाधिकारी रामगढ़ मोहम्मद जावेद हुसैन की अध्यक्षता में ऑनलाइन मीटिंग सॉफ्टवेयर द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का आयोजन किया गया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों, थाना प्रभारी सहित अन्य अधिकारियों से पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन हेतु की जा रही तैयारियों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों को उनके उनके क्षेत्रों में अभी से ही क्षेत्र भ्रमण करने एवं लाइसेंस धारी समितियों को पर्व के मद्देनजर आवश्यक जानकारियां एवं दिशा निर्देश देने का निर्देश दिया। अनुमंडल पदाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि वे सुनिश्चित करें कि किसी भी क्षेत्र में बिना लाइसेंस के किसी भी समिति द्वारा जुलूस ना निकाला जाए वही सुरक्षा के दृष्टिकोण से उन्होंने आवश्यकतानुसार स्वास्थ सेवाओं व एंबुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी अंचल अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को उनके उनके क्षेत्र में जल्द से जल्द शांति समिति की बैठक आयोजित कर सदस्यों को पर्व के दौरान ध्यान देने योग्य महत्वपूर्ण जानकारियां देने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने सभी को किसी भी प्रकार की अफवाह सामने आने पर त्वरित इसकी जानकारी प्रशासन को देने एवं अधिकारियों को त्वरित मामलों पर कार्य करने का निर्देश दिया।

**आयोजन** प्रखंड स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

# विजेता व उप विजेता टीम के खिलाड़ियों को किया गया पुरस्कृत



राष्ट्रीय खबर

**चितरपुरः** पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार द्वारा आयोजित प्रखंड स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को डीएवी रजरप्पा स्टेडियम में किया गया। जिसमें बालक एवं बालिका वर्ग के बीच फुटबॉल प्रतियोगिता की गई। जिसमें मुख्य रूप से मौजूद मध्य विद्यालय लारी के प्राचार्य डॉ सरफराज आलम, बीआरपी हातिम अंसारी, राजेन्द्र प्रसाद, प्रिया कुमारी द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर इसका शुभारंभ किया गया। मौके पर उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्तर पर खिलाड़ियों की कमी नही है। जरूरत है बस उन्हें उभारने की। जिसके लिए सरकार इस तरह की प्रतियोगिता आयोजित करती है। ताकि गांव से भी बेहतर खिलाड़ी निकल सके। उन्होंने आगे कहा कि प्रखंड स्तर से विजेता टीम जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। वहीं जिला स्तर के प्रतियोगिता में विजयी होने वाली टीम प्रमंडल स्तरीय व राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

तत्पश्चात बालक वर्ग अंडर 17 का फाइनल मुकाबला उत्क्रमित उच्च विद्यालय रजरप्पा प्रोजेक्ट बनाम उच्च विद्यालय चितरपुर के बीच खेला गया। जिसमें रजरप्पा प्रोजेक्ट की टीम 2 -0 से विजयी हुई। वहीं बालिका वर्ग अंडर 17 का फाइनल मुकाबला केबी हाई स्कूल लारी बनाम आरबी प्लस टू हाई स्कूल सांडी के बीच खेला गया। जिसमें सांडी कि टीम 1-0 से विजयी हुई। अंत मे बालिका वर्ग अंडर 14 का फाइनल मुकाबला उत्क्रमित उच्च विद्यालय रजरप्पा प्रोजेक्ट बनाम उत्क्रमित उच्च विद्यालय भुचुंगडीह के बीच खेला गया। जिसमें भुचुंगडीह की टीम ट्राइब्रेकर में 5 -4 से विजयी हुआ। विजेता व उप विजेता टीम के खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि द्वारा शील्ड व मेडल देकर पुरस्कृत किया। इससे पूर्व अतिथियों का स्वागत बुके देकर किया गया। मौके पर सहायक शिक्षक असगर अली, सीआरपी सहित ओहदार, हीरू प्रजापति, एमडीएम मो शहनवाज, रामबिलास, पावेल कुमार, संतोष कुमार, सोनू करमाली, रोशन करमाली, मजीद आलम, दिलीप कुमार, पीएचसी बीरेंद्र ओझा, लश्कर अंसारी सहित कई खेल प्रेमी मौजद थे।

## पब्लिक हाई स्कूल के मैदान में श्रावणी मेला का हुआ उद्घाटन

**कुजू :** श्रावण मास के पावन महीने पर पब्लिक उच्च विद्यालय कुजू के मैदान में सलोनी डिज्नीलैंड मेला का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। मेला का उद्घाटन जिला परिषद सदस्य दयावंती देवी और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा संयुक्त रुप फीता काटकर किया गया । इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद दयावंती देवी ने अपने संबोधन में कहा कि सावन में झूला झूलने का आनंद ही कुछ और होता है। सावन के महीने में महिलाएं हरे रंग की चूड़ियां पहनती हैं। मेले में महिलाओं के लिए सिंगार सामग्री और बच्चों के खिलौने और मिठाइयों की दुकानें लगी है। मेला आपसी प्रेम व सौहार्द को बढ़ाता है और क्षेत्र के लोगों के लिए एक मनोरंजन का विशेष व्यवस्था है जो लोग दूर-दूर तक मेला जाने में असमर्थ रहते हैं वह क्षेत्र के मेला में अपने परिजनों के साथ आकर मनोरंजन करते है । वही कांग्रेस पार्टी प्रदेश सचिव धर्मराज राम ने मेला के संचालक व समिति के लोगो को बधाई देते हुए कहां कि काफी समय से कुजू में मेला लगना बंद हो गया था परंतु सब के सहयोग से कुजू में मेला का आयोजन किया जा रहा है जो सराहनीय कार्य है । क्षेत्र के लोगों से अपील करता हू कि मेला का संचालन में अपना भरपूर सहयोग दे । वही मौके पर राजद जिला अध्यक्ष मोहम्मद गुलजार ने मेला समिति की प्रशंसा करते हुए क्षेत्र के लोगों से मेला शांतिपूर्ण तरीके से संचालन में सहयोग करने की अपील की ।

संपादकीय

# देश की अर्थव्यवस्था उतनी भी सुनहरी नहीं

भारतवर्ष की अर्थव्यवस्था को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चा बढ़ती जा रही है। इस चर्चा का सार यह है कि भारत कुछ ही समय में विश्व अर्थव्यवस्था में बहुत महत्वपूर्ण स्थान हासिल करने जा रहा है। इस विशेष भाषण में वित्तीय जगत में भारत की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया है। लेकिन व्यवहार में इसमें गलत जगह पर रोशनी डालना शामिल है। फिलहाल, भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था नहीं है। 2022 में सऊदी अरब की आर्थिक विकास दर 8.7 फीसदी रही। अगले स्थान पर वियतनाम था। वहां विकास दर 8 फीसदी थी। 2023 की पहली तिमाही में फिलीपींस ने 6.4 प्रतिशत की विकास दर के साथ भारत को पीछे छोड़ दिया। आकार की दृष्टि से इन सभी देशों की अर्थव्यवस्था भारत से काफी छोटी है। लेकिन सऊदी अरब अब एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था है और अगले दो देश, वियतनाम और फिलीपींस, ने वास्तव में खुद को बांग्लादेश, पाकिस्तान, ईरान, मिस्र और दक्षिण अफ्रीका की तुलना में बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में



स्थापित किया है। चीन के महत्व को स्वीकार करते हुए चीन प्लस वन सिद्धांत को आगे बढ़ाने वाले लोग भारत को प्लस वन के रूप में नहीं पढ़ते हैं। बल्कि वियतनाम उस जगह पर कब्जा कर रहा है। सच कहें तो, विभिन्न पूर्वी एशियाई देशों की अर्थव्यवस्थाओं के साथ भारत के संबंध उतने घनिष्ठ नहीं हैं। साथ ही भारत क्षेत्रीय व्यापक भागीदारी (आरसीईपी) का हिस्सा नहीं है। इस दृष्टिकोण से, भारत थाईलैंड, मलेशिया और इंडोनेशिया (जिन्हें ह्यबाघ शावकह्व के रूप में जाना जाता है) जैसे देशों के साथ भी रैंक नहीं करता है। पश्चिमी गोलार्ध में निर्यात के मामले में, वियतनाम वर्तमान में अमेरिका को चीन के बराबर ही कपड़े की आपूर्ति करता है। दूसरी ओर, भारत एक उभरते हुए खिलाड़ी के रूप में काफी महत्वपूर्ण है और इसका बाजार आकार दूसरों की तुलना में बड़ा है। लेकिन इसके बावजूद वह ह्यबाघशावकह्व की टीम से आगे नहीं निकल सके। विकास के मामले में अगर इसे नंबर वन बनना है तो अभी इसे लंबा रास्ता तय करना है। भारत की वास्तविक सफलता का पता बड़े वित्तीय क्षेत्रों के प्रबंधन में तेज सुधार से लगाया जा सकता है। 1970 के दशक में थोक वस्तु मूल्य मुद्रास्फीति औसतन 9 प्रतिशत थी। अस्सी के दशक में यह घटकर 8 प्रतिशत पर आ गया। अगले दो दशकों में यह और घटकर 6 प्रतिशत से कुछ अधिक रह गया। पिछले दशक में यह घटकर 4 फीसदी से भी कम रह गया है। पिछले दशक में यह बढ़कर 6 फीसदी हो गया है। पिछले दो दशकों में यह 7.5 प्रतिशत थी। ऐसे समय में जब राजकोषीय घाटा (केंद्र और राज्य दोनों में) बहुत अधिक है, अर्थशास्त्रियों के लिए यह बताना और विश्लेषण करना आवश्यक है कि मुद्रास्फीति में इतनी गिरावट क्यों आई है। 1991 के बाद के वित्तीय सुधारों के दौरान, केंद्र सरकार ने अपने राजकोषीय घाटे को पूरा करने के लिए नोट नहीं छापे। इसके बजाय, सरकार ने मुद्रा बाजार से पैसा उधार लिया। यह अंततः लाभदायक है। सरकार की बैंक-निर्भरता कम हो गई है। महंगाई में गिरावट के पीछे यह एक बड़ी वजह नजर आ रही है। बाहर से देखने पर इसमें कोई संदेह नहीं कि प्रगति हुई है। 1990 के दशक में डॉलर-घाटे के युग का अंत हुआ। 1992-2002 की अवधि के दौरान, भुगतान संतुलन (चालू और पूंजी खाते मिलाकर) में 52 बिलियन अमेरिकी डॉलर का अधिशेष दिखाया गया। अगले दशक में यह चौगुना होकर 212 बिलियन डॉलर हो गया और सबसे हाल के दशक में यह बढ़कर 354 बिलियन डॉलर हो गया। एक और बात, इस अवधि के दौरान विदेशी सहायता और ऋण की मात्रा में काफी कमी आई। इन सबका सम्मिलित प्रभाव रिजर्व बैंक के विदेशी मुद्रा कोष में परिलक्षित होता है। गौरतलब है कि इस दौरान माल व्यापार में घाटा धीरे-धीरे कम हुआ है। हाल के दशकों में औसत वार्षिक घाटा 150 बिलियन अमेरिकी डॉलर रहा है। 1992-2002 के दशक में यह घाटा केवल 11 अरब डॉलर था। हालाँकि, यह भी मानना होगा कि तब देश की अर्थव्यवस्था का आकार इतना बड़ा नहीं था। व्यापारिक व्यापार घाटा वर्तमान में सकल घरेलू उत्पाद का 5-6 प्रतिशत है। जो पिछले दशकों की तुलना में काफी अधिक है। लेकिन इस घाटे का एक बड़ा हिस्सा सेवा निर्यात से पूरा किया जा रहा है। इसके साथ विदेशी निवेश में लगातार वृद्धि भी शामिल है। इन प्रणालीगत परिवर्तनों के परिणामस्वरूप अधिक स्थिर अर्थव्यवस्थाएँ और मौद्रिक प्रणालियाँ सामने आई हैं। इससे राजनीतिक स्थिरता भी संभव हो गयी है। जो कुछ बचा है वह आर्थिक विकास के लिए तेज रास्ता खोजना है। यदि संभव हो तो लगातार ढक्कन लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। 20वीं सदी के मध्य से, वांछित गति की कमी ने भारत को अन्य पूर्वी एशियाई देशों की अर्थव्यवस्थाओं के साथ तालमेल बिठाने से रोक दिया है। अभी जिस चीज की जरूरत है वह है किसी प्रकार का आत्मनिरीक्षण। कोई खोखला आत्म-प्रचार नहीं।

# 'सर्वशक्तिमान' को भी 'बैसाखियों' की दरकार ?

2024 में होने वाले लोकसभा चुनावों की शतरंजी बिसात बिछने लगी है सत्ता और विपक्ष दोनों ही अपने राजनैतिक समीकरण साधने में जुट चुके हैं। गत 17-18 जुलाई को बेंगलुरु में 26 विपक्षी राजनैतिक दलों की उपस्थिति में कठ.ऊकअ अर्थात (क्ल्लिल्ल ठं३ङ्गल्लं' ज्ञी'ङ्ग्त्रील्ल३' क्ल्लू'४३ी अ'ं्ल्ली) 'भारतीय राष्ट्रीय विकासात्मक समावेशी गठबंधन' का गठन किया गया । अब कठ.ऊकअ यू पी ए का स्थान लेगा। कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दल आगामी लोकसभा चुनाव में जहाँ कमर तोड़ महंगाई, बढ़ती बेरोजगारी, भातीय लोकतंत्र व संविधान पर मंडराते खतरे,भ्रष्टाचार,असफल विदेश नीति,अल्पसंख्यकों,दलितों व आदिवासियों पर बढ़ते हमले ,मणिपुर के हिंसक व शर्मसार करने वाले घटनाक्रम तथा भाजपा सरकार द्वारा केंद्रीय जाँच एजेंसियों के भारी दुरुपयोग जैसे अनेक मुद्दों को लेकर भाजपा के विरुद्ध लामबंद हुये हैं।



तनवीर जाफरी
पत्रकार

उधर सत्ता पक्ष यानी भारतीय जनता पार्टी भी न केवल अपने बिछड़े व रूठे सहयोगी दलों व नेताओं को पुनः अपने खेमे में शामिल करने के प्रयास में जुट चुकी है बल्कि वह कुछ और नये सहयोगियों को भी अपने साथ शामिल करने की कोशिश में है। इसीलिये भाजपा ने भी गत 18 जुलाई को ही एन डी ए की बैठक बुलाई और दावा किया कि देश के '38 राजनैतिक दल' उनके साथ हैं। गौरतलब है कि 2019 में 303 सीटें जीतने वाली भाजपा को गत पांच वर्षों तक एन डी ए की न तो बैठक बुलाने की जरुरत महसूस हुई थी न ही किसी साथ छोड़ने वाले दल या नेता को मनाने की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अभी तक 'एक अकेला सब पर भारी ' के मुगालते में थे। हालांकि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने उसी दिन बेंगलुरु में '38' पर कटाक्ष करते हुये कहा कि उन्होंने अपने पांच दशक के अपने राजनैतिक जीवनकाल इन 38 में से अधिकांश दलों का तो नाम तक नहीं सुना। दरअसल भाजपा यह अच्छी तरह समझ चुकी है कि 2024 में उसके लिये जीत हासिल कर पाना आसान नहीं क्योंकि उसे इस बार विगत दस वर्षों में पैदा हुई सत्ता विरोधी लहर का सामना करना पड़ेगा। इसीलिये भाजपा भी अपने कुंबे को बढ़ाने और रूठों को मानाने में जुट चुकी है। खासतौर पर जबसे विपक्षी दलों ने भारतीय राष्ट्रीय विकासात्मक समावेशी गठबंधन (कठ.ऊकअ) का गठन किया है तब से भाजपा न सिर्फ 26 दलों के गठबंधन से बल्कि उसके द्वारा रखे गये कठ.ऊकअ नाम से भी बौखला उठी है। इसलिये भाजपा केवल अपने राजग परिवार में ही इजाफा नहीं कर रही बल्कि कांग्रेस,शिव सेना,राष्ट्रवादी कांग्रेस और समाजवादी पार्टी आदि दलों में सेंध लगाकर इनमें तोड़ फोड़ कर भी स्वयं को सुदृढ़ करने की योजना पर काम कर रही है। नैतिकता,परिवारवाद और भ्रष्टाचार पर भाषण पिलाने वाले इस तथाकथित 'सांस्कृतिक राष्ट्रवादी दल' को अपने कुंबा विस्तार में ओम प्रकाश राजभर जैसे उन नेताओं को भी शामिल करना पड़ा है जो एन डी ए से अलग होने के बाद जनसभाओं में कहते फिरते थे कि -'दुनिया में झूठ बोलने वाला सबसे बड़ा नेता कोई है तो वह नरेंद्र मोदी है।

उन्होंने (मोदी ने ) कहा था सौगंध मुझे इस मिटटी की देश नहीं बिकने दूंगा। परन्तु उन्होंने रेलवे बेच दिया,बैंक बेच दिया,एल आई सी बेच दिया,बी एस एन एल बेच दिया,कोयले की खदान बेच दिया,हवाई जहाज बेच दिया,दो करोड़ लोगों को रोजगार देने को कहा था,नहीं दिया। 15-15 लाख रुपया गरीबों के खाते में देने को कहा था नहीं दिया। प्रधानमंत्री मोदी फिर आप के बीच में आएंगे तरह तरह की बातें करेंगे,इनसे सावधान रहने की जरुरत है।' परन्तु अब न जाने किस मुंह से यही भाषण देने वाले वही राजभर, भाजपा और मोदी के साथ खड़े होने जा रहे हैं? इसी तरह जीतन राम मांझी ने तो ऐसा बयान दिया था कि यदि कांग्रेस या अन्य किसी गैर एन डी ए दल के नेता ने दिया होता तो अब तक भाजपा व उसके संरक्षक राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ व विश्व हिन्दू परिषद के लोग राष्ट्रव्यापी आंदोलन छेड़ देते। जीतन राम मांझी ने कहा था कि-' भगवान श्रीराम ने माता शबरी के झूठे बेर खाए थे, लेकिन ऊंची जाति के लोग हमारा छुआ भी नहीं खाते हैं?' मांझी ने यह भी कहा था कि -'हम सिर्फ महर्षि बाल्मीकि को मानते हैं, पर राम को नहीं जानते'। मांझी ने तो यहां तक कह दिया था कि-'राम कोई भगवान थोड़े ही थे, वे तो तुलसीदास और बाल्मीकि रचित रामायण के पात्र थे'। इसके बाद ब्राह्मणों पर अत्यंत विवादित बयान देते हुए जीतन राम मांझी ने कहा था कि -'जो ब्राह्मण मांस खाते और शराब पीते हैं, झूठ बोलते हैं ऐसे ब्राह्मणों से दूर रहना चाहिए। ऐसे ब्राह्मणों से पूजा पाठ नहीं कराना चाहिए।' इसके साथ ही पूजा पाठ व पूजा अर्चना पर भी उन्होंने विवादित बयान देते हुए कहा था कि-' पूजा पाठ करने से कोई बड़ा नहीं होता। ऐसे में अनुसूचित जाति के लोगों को पूजा पाठ करना बंद कर देना चाहिए।'

अब राम के नाम पर सत्ता हासिल करने वाली भाजपा के वही जीतन राम मांझी खेवनहार बनने जा रहे हैं ? इसी तरह प्रधानमंत्री ने अजीत पवार को जिस दिन भ्रष्ट और घोटालेबाज बताया उसके चंद ही दिनों बाद महाराष्ट्र की गठबंधन सरकार में उन्हें व भ्रष्टाचार के आरोपी उनके कई सहयोगियों को मंत्रिमंडल में शामिल कर लिया गया। ऐसे अनेक उदाहरण हैं जो इस निष्कर्ष पर पहुँचने के लिये काफी हैं कि राजनीति में शर्म और नैतिकता नाम की कोई चीज अब बाकी ही नहीं रही। वैसे तो 2024 में प्रस्तावित लोकसभा चुनाव से पहले मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना जैसे देश के कई राज्यों में होने जा रहे विधानसभा के चुनाव परिणाम लोकसभा 2024 की पटकथा लिख देंगे। इसके पहले दिसंबर 2022 में हिमाचल प्रदेश और कुछ समय पूर्व ही कर्नाटक में हुये चुनाव परिणामों से भी जनता के मूड का कुछ अंदाजा तो हो ही गया है। इसीलिये भाजपा को सहयोगियों को साथ लेने की जरुरत महसूस हुई है। उधर सत्ता के सभी हथकंडों से मुकाबला करने के लिये लोकतंत्र व संविधान की रक्षा के नाम पर नया विपक्षी गठबंधन यानी कठ.ऊकअ का गठन तो फिर भी काफी हद तक समय की जरुरत कही जा सकती है। परन्तु विश्व के सबसे बड़े राजनैतिक दल का दावा करने वाली पार्टी और एक अकेला सब पर भारी की हुंकार भरने और 56 इंच का सीना बताने वाले प्रधानमंत्री की पार्टी भाजपा को जिसे इस समय लोक सभा में अकेले पूर्ण बहुमत भी हासिल हो, गोया ' सर्वशक्तिमान ' को भी 'बैसाखियों की दरकार' होना यह जरूर दशार्ता है कि भाजपा के लिये 2024 की राहें किसी भी सूरत में आसान नहीं हैं।

# गुजरा हुआ वक्त दोबारा नही आता

प्रेरक-प्रसंग

गतांक से आगे ... .. ..

इस पर आदमी ने कहा आप चाहो, तो मेरा 90 प्रतिशत धन लेकर मुझे 1 महीने का समय ही दे दीजिए। यमराज ने फिर मना कर दिया।फिर आदमी ने कहा– आप मेरा सारा धन लेकर 1 ही घंटा दे दीजिये। तब यमराज ने उसको समझाया बीते हुए समय को धन से दोबारा प्राप्त नही किया जा सकता।

इस प्रकार जिस आदमी को अपने धन पर अभिमान था, उसे वह सब व्यर्थ लगने लगा, क्योंकि उसने अपना संपूर्ण जीवन उस व्यर्थ चीज को कमाने में लगा दिया, जो आज उसे



जिंदगी का 1 घंटा भी खरीद के नही दे पाई। दुखी मन से वह अपनी मौत के लिए तैयार हो गया।

**कहानी से शिक्षा**

तो दोस्तों, आपने देखा की जिस आदमी ने अपना संपूर्ण जीवन जिसको कमाने में लगा दिया, वही चीज उसके लिए एक सेकंड का समय भी नही खरीद पाई। जीवन भगवान द्वारा दिया गया वहुमुल्य उपहारों में से एक है, जिसको पैसे से प्राप्त नही किया जा सकता। इसलिए जीवन के हर पल का आनंद लीजिये एवं उसको एन्जॉय करिए। कहा गया है जीवन बहुत अमूल्य है, इसको व्यर्थ ना जाने दे, हर पल को खुशी के साथ जिए तभी आप अपने जीवन से खुश हो सकते है। ..समाप्त।

नजरिया

# कम से कम मणिपुर कांड को इग्नोर मत कीजिए

**चीरहरण को देख कर, दरबारी सब मौन**
**प्रश्न करे अंधराज पर, विदुर बने वो कौन**



प्रियंका सौरभ
स्तंभकार

महिलाओं के साथ अत्याचार कहीं नहीं होना चाहिए। लेकिन कम से कम मणिपुर कांड को इग्नोर मत कीजिए। दूसरे उदाहरण देकर मामले को हल्का मत कीजिए, वरना जब आज के दौर का इतिहास लिखा जाएगा तो यही कहा जाएगा कि देश के एक कोने में महिलाओं के कपड़े उतारे गए थे और लोग दूसरे राज्यों की तरफ मुंह करके खड़े थे। जब मणिपुर में महिलाओं का चीर हरण देखकर लोगों का खून खौल रहा है तो कुछ लोग यह भी कह रहे हैं कि राजस्थान और बंगाल में जब महिलाओं से अत्याचार होता है तो देश में इतना हंगामा क्यों नहीं होता? कुछ लोग टूलकिट एंगल भी ले आए हैं। मणिपुर कांड पर सवाल पूछने पर जवाब नहीं उल्टे आपसे ही सवाल पूछे जा रहे हैं कि तब कहां थे? तब क्यों नहीं लिखा? तब क्यों नहीं बोला? संसद में क्यों हंगामा नहीं हुआ? मतलब इस घिनौने कांड पर सियासी खेल शुरू हो गया है। लोकतंत्र में सबको अपनी बात रखने का अधिकार है और एक पक्ष यह भी है। मान लेते हैं। लेकिन क्या इस तर्क के आगे दंडवत होकर हम सभी को मणिपुर से अपनी आंखें हटा लेनी चाहिए। क्या सभी को धृतराष्ट्र बन जाना चाहिए? शर्म है, कलियुग का ऐसा कालखंड आया है कि दुःशासनों की भीड़ इंसानियत की देह से कपड़े उतारती है और कोई उन्हें बचाने नहीं आता।

**मणिपुर कांड पर सवाल पूछने पर जवाब नहीं उल्टे आपसे ही सवाल पूछे जा रहे हैं कि तब कहां थे? तब क्यों नहीं लिखा? तब क्यों नहीं बोला? संसद में क्यों हंगामा नहीं हुआ? मतलब इस घिनौने कांड पर सियासी खेल शुरू हो गया है।**

बचाना तो छोड़िए दो महीने तक गुस्सा भी नहीं दिखता। अगर सवाल का जवाब सवाल से ही देना है तब तो हर क्राइम के बाद यही कीजिए। न सरकार को कुछ कहने की जरूरत पड़ेगी, न पुलिस को। हर चीज का कारण तो होता ही है फिर सरकार का क्या रोल है? शासन-प्रशासन क्राइम को नहीं रोक सकता, अंकुश तो लगा सकता है न, चलिए मान लिया अंकुश न सही तो क्राइम होने पर अपराधियों को सजा तो दिलवा ही सकता है न। या फिर सब हवा हवाई है। राजस्थान हो या बंगाल, अगर वहां से भी वीडियो आया होता तो बेशक पूरे देश में गुस्सा देखा जाता और घटना होने पर गुस्सा देखा गया है। संसद तक हंगामा भी होता। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि मणिपुर या दूसरे किसी राज्य में इस तरह की दरिंदगी को इग्नोर कर दिया जाए। जान लीजिए कि यह जनता की अति-अपेक्षा का ही नतीजा है कि लोग मणिपुर में इस तरह की सुस्ती की उम्मीद नहीं कर रहे थे। 9 साल में जनता ने यही जाना और समझा है कि यह सरकार पिछली सरकारों से ज्यादा सख्त और क्राइम-करप्शन पर 'जीरो टॉलरेंस' के रास्ते पर चल रही है। वहां तो दो इंजन वाला फॉर्म्युला भी था। केंद्र और राज्य में भी भाजपा की सरकारें हों तो फिर ताबड़तोड़ छापेमारी करने में दो महीने कैसे लग गए?

महिलाओं को नग्न अवस्था में घुमाने का वीडियो सामने आने के बाद पूरे देश में गुस्सा है। इसे लेकर प्रतिक्रियाओं की बाढ़ आ गई है। चीफ जस्टिस ने कहा है कि ऐसी घटना को स्वीकार नहीं किया जा सकता है। यह मानवाधिकारों और संविधान का सबसे बड़ा उल्लंघन है। इस मामले में उन्होंने सॉलिसिटर जनरल और अटॉर्नी जनरल को कोर्ट में पेश होने के लिए कहा है। इस घटना पर कोर्ट ने स्वत संज्ञान लिया है। यहां बात सिर्फ आरोप-प्रत्यारोपों की नहीं है। सवाल सिस्टम के बड़े फेलियर का है। क्या सिर्फ वीडियो वायरल होने के बाद सरकार के संज्ञान में कोई घटना आएगी? उसका तंत्र क्या कर रहा है?

जानकारी

# राधानगर बीच



राधानगर बीच के पास दक्षिण बटन द्वीप तेजस्वी स्कूबा डाइविंग अनुभव के लिए जाना जाता है यह प्रमाणन पाठ्यक्रमों के साथ मजेदार डाइविंग प्रदान करता है। यह डाइविंग कोर्स निश्चित रूप से आपको मोहित कर देगा क्योंकि यह मंत्रमुग्ध करने वाले हैवलॉक द्वीप के गतिशील समुद्री जीवन को देखने का सबसे अच्छा तरीका है।यदि आप राधानगर बीच की यात्रा में एलिफेंट बीच भी घूमने जाने वाले है तो एलिफेंट बीच जाने के लिए ट्रेकिंग सबसे अच्छा तरीका है। एलिफेंट बीच की ट्रेकिंग लगभग 2 किलोमीटर की है जिसे लगभग 30 मिनिट में तय किया जा सकता है। राधानगर बीच आने वाले पर्यटक अक्सर एलिफेंट बीच की ट्रेकिंग करना पसंद करते है जो राधानगर बीच घूमने जाने का अहम् हिस्सा माना जाता है।

# ZTE Nubia Z50S Pro स्नैपड्रैगन 8 जनरेशन प्रोसेसर

साइबर दुनिया



नई दिल्लीः ZTE-Nubia ने चीनी बाजार मZa ZTE Nubia Z50S Pro स्मार्टफोन लॉन्च कर दिया है। नए स्मार्टफोन में Snapdragon 8 Gen 2 SoC दिया गया है जो कि 16GB RAM से लैस है। ZTE Nubia Z50S Pro में 50 मेगापिक्सल प्राइमरी रियर कैमरा दिया गया है। फोन में 5,100mAh की बैटरी दी गई है। यहां हम आपको ZTE Nubia के नए स्मार्टफोन के बारे में विस्तार से बता रहे हैं।

**ZTE Nubia Z50S Pro की कीमत और उपलब्धता**

ZTE Nubia Z50S Pro के 12GB RAM + 256GB स्टोरेज वेरिएंट की कीमत CN 3,699 (लगभग 42,300 रुपये) है। वहीं 12GB RAM + 1TB स्टोरेज वेरिएंट की कीमत उठ 3,999 (लगभग 45,700 रुपये) और 16GB RAM + 1TB स्टोरेज वेरिएंट की कीमत उठ 4,399 (लगभग 50,300 रुपये) है। कलर ऑप्शन के लिए यह Black Coffee, Khak और Mirror of Light में उपलब्ध है। Nubia Z50S Pro के स्पेशल एडिशन 12GB RAM + 1TB स्टोरेज वेरिएंट की कीमत CN 4,099 (लगभग 46,800 रुपये) और 16GB RAM + 1TB स्टोरेज वेरिएंट की कीमत CN 4,499 (लगभग 51,400 रुपये) है। उपलब्धता की बात करें तो नया ZTE Nubia Z50S Pro ´fie-ऑर्डर के लिए ZTE Mal' पर उपलब्ध है, वहीं बिक्री 27 जुलाई से शुरू होगी।

ZTE Nubia Z50S Pro के स्पेसिफिकेशंस

ZTE NubiÔ Z50S Pro में 6.78 इंच की AMOLED डिस्प्ले दी गई है, जिसका रेजोल्यूशन 1260 X 2800 पिक्सल और 120Hz रिफ्रेश रेट और 1000Hz टच सैंपलिंग रेट दिया गया है। प्रोसेसर की बात की जाए तो Nubia Z50S Pro में Snapdragon 8 Gen 2 SoC दिया गया है।

टॉप ट्वीट

"राजस्थान की कांग्रेस सरकार द्वारा विधानसभा आमचुनाव से ठीक पहले न्यूनतम आय गारण्टी योजना आदि की घोषणा करना यह जनहित का कम तथा इनके राजनीतिक स्वार्थ का फैसला ज्यादा। इससे गरीब जनता को तुरन्त राहत मिलना मुश्किल, फिर भी केवल प्रचार पर सरकारी धन का भारी खर्च करना क्या उचित।"

मायावती
बसपा प्रमुख





" काजल मेरे फैंस के सबसे पसंदीदा गानों में से एक रहा है, इसलिए यह म्यूजिक वीडियो मेरी ओर से उन सभी के लिए एक तोहफा है। एल्बम के सभी ट्रैक में से यह गाना मेरे सबसे करीब है, इसलिए इसके प्रति मेरा थोड़ा पूर्वाग्रह है।"

मुनव्वर
गायक-गीतकार

संपादक के नाम पत्र

## सत्य की रक्षा करना अंनतगुना कठिन है

सत्य ही ईश्वर का दूसरा रूप है ।कफन का टुकड़ा सिर पर बांधकर चलने वाला ही सत्य की आराधना कर सकता है ।सत्य के प्रकाश में जब अवसरवादी बौखला जाते है तो वो ही सत्यवादी की सबसे बड़ी सफलता है ।सत्य को साक्षी की आवश्यकता नही है ।विश्वास से बड़ा धर्म गुरु या भगवान भी नही है ।किसी को दिवा हुआ विश्वास के लिए ईमानदारी नही बताये तो उसको धार्मिक तो क्या व्यक्ति कहलाने का भी अधिकारी नही है ।सत्य की कोई सीमा नही है ।वह अनन्त है ।इस सम्पूर्ण का आभास केवल ज्ञानी के अलावा दूसरा कोई नही कर सकता ।वर्त्तमान में पूर्ण सत्य का दावा करने वाला नादान है ।सत्यांश को नकारना ही पूर्ण सत्य को ठुकराना है ।सत्य की विजय होती है और असत्य की पराजय होती है ।महाभारत का उदाहरण हमारे सामने है ।पूर्वाग्रह और हठाग्रह दोनों सत्य के साक्षात्कार में बाधक है ।और शत्रु है ।सत्य को कैद भी नही किया जा सकता है ।सत्य शाश्वत है ।भगवान महावीर ने अहिंसा ने अहिंसा से बढ़कर सत्य को महामंडित किया था ।सत्य के समान कोई तप नही और आराधना नही ।सत्य की भूमि पर ही धर्म की खेती की जा सकती है ।समस्त महापुरुषों ने सत्य की आराधना करके ही अपनी मंजिल प्राप्त की है ।असत्य के अंधकार से कोई जहर नही है,भौतिक जहर से विचलित हो सकते है ।अतीत हमारे सामने है ।कौरवो और पाण्डवो में घमासान हुआ ।असत्य पर सत्य की विजय आज हजारो वर्ष बीत जाने के बाद भी हम नही भूल पाए है ।सत्य अपने आप मे कोहीनूर हीरा है ।जब अपने ऊपर विश्वास नही है तो दूसरो पर क्या विश्वाश करेंगे।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### पुलिस ने अज्ञात शव को किया बरामद

**बरही :** बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत डुबा जंगल तिलैया डैम के पास से एक अज्ञात शव बरामद किया गया। मृतक का उम्र लगभग 60 वर्ष है। मृतक का हुलिया में ऊँचाई 5 फीट 6 इंच , बाल- काला सफेद, पहनावा- उजला रंग का टी शर्ट एवं रंग साँवला और शरीर साधारण पतला पाया गया है। शव की शिनाक्त नहीं हो पायी है। वही पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह को पत्राचार कर अज्ञात पुरुष शव को कम से कम 72 घंटे तक शीतगृह में सुरक्षित रखे।

## सिटी अपडेट्स >>

### सांसद व विधायक ने किया टीओ-2 पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास

**हजारीबाग :** हजारीबाग प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत टीओ-2 हुटपा से गुरहेत होते हुए पीडब्लूडी पथ चंदवार तक पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा और सदर विधायक मनीष जायसवाल ने शिलापट्ट का अनावरण कर और नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। करीब 8 करोड़ की लागत से 11.2 किमी पथ का निर्माण होगा, जो हजारीबाग - बगोदर पथ एन. एच.-100 से गुरहेत पंचायत को जोड़ेगा। इस पथ से करीब 20 हजार लोगों को आवागमन और परिवहन में सहूलियत होगी। सदर प्रखंड के तीन पंचायत बानाहप्पा, चुटियारो और गुरहेत के ग्राम हुटपा, बानाहप्पा, सरौनी और गुरहेत के ग्रामीणों को सीधा फायदा होगा। मौके पर सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा की इस सड़क के बन जाने से लोगों के आवागमन और परिवहन में सुविधा होगी। मौके पर कई स्थानीय जनप्रतिनिधियों के अलावा ग्रामीण मौजूद रहे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### मेरा मठ मेरा मंदिर बचाव समिति ने छोटा अखाड़ा में झूलन लगाने का निर्णय लिया

**इच्छा :** इचाक मेरा मंदिर मेरा अभिमान के तहत मेरा मठ मेरा मंदिर बचाव समिति का बैठक छोटा अखाड़ा परिसर में किया गया कमिटी के द्वारा एक निर्णय लिया गया इस बार राम जानकी छोटा अखाड़ में भव्य तरीके से झूलन मनाया जाएगा। बैठक मैं कमिटी का अध्यक्ष सुजित कुमार, महा सचिव मनोज मेहता, आर्दश युवा संगठन के अध्यक्ष गौतम कुमार, उपाध्यक्ष उमेश गुप्ता, रुपेश कुमार,अविनाश कुमार, परमेश्वर यादव, सुनिल बैध, प्रदीप, शिव कुमार, मंटु प्रसाद मेहता, दीपक कुमार, सुनिल कुमार एवं ग्रामीण लोग उपस्थित थे।

### वन प्रमंडल पदाधिकारी को सौंपा मांग पत्र

**हजारीबाग :** प्राचीन गंधोनिया गर्म जलकुंड चितपूर्णी स्टील प्राइवेट लिमिटे के कारण अपना अस्तित्व खोने के विरोध में ग्रामीणों ने रामगढ़ वन प्रमंडल पदाधिकारी को आवेदन दिया है। जिसमें लिखा है कि ग्राम इंद्रा 15 माईल में एक बहुचर्चित गर्म जल कुण्ड है जहाँ पर लोग अक्सर अपने रोग के निवारण हेतु आते थे। लेकिन अब यह अपने अस्तित्व को खो रहा है क्यूंकि यह का गर्म पानी चितपूर्णी फैक्ट्री के डीप बोरवेल से आ रहा है जिसकी गहराई लगभग 1500 से 1800 तक है। कुछ वर्ष पूर्व अंचलाधिकारी (नीतू सिंह) के द्वारा पर्यटन स्थल के रूप विकसित करने की योजना बनाई गई थी। लेकिन विपरीत हो रहा है यह गर्म जल कुंड फॉरेस्ट के अंतर्गत का जमीन में आता है। इसकी सघन जाँच होनी चाहिए तथा चितपूर्णी स्टील प्राइवेट लिमिटेड द्वारा फैलाए जा रहे प्रदूषण से आस पास के रह रहे लोगों में बीमारी का डर एवं पेड़ पोधो को भी विलुप्त होने का डर सता रहा है।

**दुखद घटना**

विदेशों में भाषण देते हैं पर मणिपुर के लिए दो शब्द नही

# प्रधानंत्री बेबसी में हुए मुखातिब : अम्बा

- अम्बा प्रसाद ने कहा कि हर महिला का सम्मान बराबर हो
- जो कुछ मणिपुर में हुआ है उससे वीभत्स कुछ नही हो सकता




राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर जी के निदेर्शानुसार आदिवासी महिलाओ के साथ मणिपुर में हुई शर्मनाक घटना के खिलाफ जिला कांग्रेस कार्यालय सभागार कृष्ण बल्लभ में संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया गया। संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बड़कगांव की विधायक अम्बा प्रसाद ने कहा कि हर महिला का सम्मान बराबर हो लेकिन जब वो महिला किसी भारतीय सेना के उस जवान के साथ हो, जिसने कारगिल की रक्षा की हो, जिसने श्रीलंका में जाकर भारत का मान बढ़या हो तो उस महिला के प्रति अगर हृदय में भाव है और उसकी एक लाईन जो मुझे चुभ गई पीड़ा दे गई कि मैंने कारगिल तो बचा लिया पर अपनी पत्नी, अपने बच्चे, अपना गांव नही बचा पाया, ये बात बहुत दूर तक छूती है। जिसके मन में महिलाओं के सम्मान होगा जो कुछ मणिपुर में हुआ है उससे वीभत्स कुछ नही हो सकता। पूरा देश का सर झुकाने वाला पूर्वोत्तर जल रहा है। हमारे आदरणीय प्रधानमंत्री जी 07 देशों का दौरा मेरी जानकारी में कर आए लेकिन प्रधानमंत्री जी मणिपुर के लिए समय नही नही निकाल पाए या उनको एसा लगता होगा कि मणिपुर में घट रही घटनाएं इतनी महत्वपूर्ण नही है। एक बात याद आती है कि जब रोम रोम जल रहा रहा था तो नीरो बांसुरी बजा रहा था। विदेशों में पधानमंत्री जी भाषण बड़ी-बड़ी देते हैं पर मणिपुर के लिए दो शब्द नही थे उनके पास जब सर्वोच्च न्यायालय ने स्वतः संज्ञान लिया तब प्रधानमंत्री जी बेवशी में मीडिया से मुखातिब हुए। मणिपुर पर कम राजस्थान और छत्तीसगढ़ पर भाषण देकर इस तरही की घटना पर भी राजनीतिकरण करने का काम किया। कम से कम अपील ही कर लेते शांति स्थापित होनी चाहिए। हमे गर्व है अपने नेता राहुल गांधी पर। तमाम व्यवधान के बीच वो गए और उनको हर समुदाय ने गले से लगाया उन्हें रोकने की कोशिश सरकार की ओर से हुई किन्तु न वो रूके न वो झुके और न डरे। प्रश्न उठता है कि उनकी गुप्त एजेंसियां क्या कर रही थी। विपक्ष के विधायकों को डराशे के लिए भाजपा सम्मिलित करने के लिए जो तत्परता दिखाती है वो तत्परता मणिपुर में कहां चली गई। जबकि महिला आयोग, मणिपुर की राज्यपाल तक चिन्ता व्यक्त कर चुकी लेकिन मणिपुर की हिंसा नही रूकी। दुख इस बात का भी है मणिपुर में शांति स्थापित करने की बजाए मणिपुर के मुख्यमंत्री यह कहते हैं कि एसी घटना सैकड़ो की संख्या में होती है यह बयान नैतिक पतन की पराकाष्ठा है। यह बात बिल्कुल साफ हो गई कि भाजपा में महिलाओं का सम्मान नही है। युपीए सरकार में थोड़ी से पेट्रोल और गैस की कीमत बढ़ने पर गैस का सिलेंडर माथे पर रखकर सड़को पर आंदोलन करने वाली महिला बाल विकास मंत्री स्मृति इरानी खामोश क्यों है क्या उन्हे भी बोलने का आदेश नही है जो स्वयं एक महिला है।

पाई और गणित की दोस्ती हर समस्या का हल है : शैलेश

## गणित से दोस्ती छात्र जीवन में विशेष महत्व रखती हैं : निदेशक

राष्ट्रीय खबर

**बरही :** बरही पंचमाधव स्थित आईलेक्स पब्लिक स्कूल में पाई दिवस मनाया गया। बताते चले कि पाई का सम्बन्ध गणित से बहुत गहरा है। 22 जुलाई पाई के मान को इंगित करती है। गणित का स्कूल - जीवन में विशेष महत्व है। भौतिकी में भी पाई को विशेष स्थान प्राप्त है। पाई अनुमानकता दिवस २२ जुलाई ( दिन / महीना दिनांक स्वरूप में २२/७) मनाया जाता है, क्योंकि अंश २२/७, का एक सामान्य सन्निकटन है, जो आर्किमिडीज से दो दशमलव स्थानों और तिथियों के लिए सटीक है। सबसे पहले ज्ञात आधिकारिक या बड़े पैमाने पर पीई दिवस का उत्सव लैरी शॉ द्वारा १९८८ में सैन फ्रांसिस्को एक्सकोरेटोरियम में आयोजित किया गया था, जहां शॉ एक भौतिक विज्ञानी के रूप में काम करते थे। इस दिन उन्होंने साथ कर्मचारियों त था जनसामान्य के साथ मार्च करते हुए और ह्यफ्रूट पाईह्न खाते हुए मनाया। आईलेक्स में भी शनिवार 22 जुलाई को पाई दिवस मनाया गया जिसमें स्कूल के लगभग सभी विद्याथीर्यों ने हिस्सा लिया। बच्चों को गणित से सम्बंधित कई क्रियाकलाप कराये गए। जिसमें खुशी कुमारी, कुमारी पायल, सत्यम कुमार, अनुष्का कुमारी, पवन कुमार, शिवम् कुमार, अनु रानी, इमरान अंसारी व अन्य बच्चों का भी काफी सराहनीय रहा।

सौहार्द पूर्ण मनाने की अपील

## थाना में मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक




राष्ट्रीय खबर

**इचाक :** इचाक मुहर्रम त्यौहार को शांति व सौहार्द वातावरण में मनाने को लेकर इचाक थाना प्रांगण में रविवार को प्रशिक्षु आईपीएस शहर थाना प्रभारी कुमार शिवाशीष के नेतृत्व में शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में प्रशिक्षु आईपीएस शहर थाना प्रभारी श्री शिवाशीष ने कहा कि बिना लाइसेंस के किसी भी परिस्थिति में कोई भी अखाड़ा धारी जुलूस नहीं निकालेंगे। पर्व में पूर्व में की भांति डीजे पर प्रतिबंध जारी रहेगा, जुलूस में किसी भी तरह का भड़काऊ गाना वह नारा नहीं लगाएंगे जिससे दूसरे समुदाय को तकलीफ हो। उन्होंने यह भी कहा कि अनावश्यक जगहों पर झंडा नहीं लगाएंगे और ना ही लंबी-लंबी झंडा लगाएंगे, अखाड़ा के पांच वैसे व्यक्ति जो जिम्मेवार प्रसन्न हो उसका मोबाइल नंबर और नाम की सूची बनाकर थाना में जमा कराएंगे यदि किसी तरह का किसी को कोई समस्या होती है तो थाना के नंबर या मेरे पर्सनल नंबर पर भी संपर्क कर सकते हैं। असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर बनी रहेगी। उन्होंने आश्वस्त करते हुए कहा कि किसी तरह का समस्या होता है तो निष्पक्ष भाव से कार्रवाई की जाएगी। अंचल अधिकारी मनोज कुमार महथा ने कहा कि सरकारी गाइडलाइन के अनुसार त्यौहार को मनावे।

उपस्थित लोगो ने कहा की पिछले तीन वर्षों से लाइसेंस नही मिला है। मौके पर उप प्रमुख सत्येंद्र कुमार मेहता, मुखिया प्रतिनिधि कुशलचंद प्रसाद मेहता, पूर्व पंचायत समिति सदस्य सिकंदर अंसारी, मोहम्मद अली, मोहम्मद रियाज हुसैन, शकूर मियां, मोहम्मद कलीम, गलु मियां, अब्दुल जलील, मो अजीज, मो खलील, अनवर हुसैन, नाजिर मिंया, जमाल मियां समेत दर्जनों लोग शामिल थे। वहीं दूसरे समुदाय के लोगो की उपस्थिति नगण्य देखी गई।

## ग्रामीणों ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन



राष्ट्रीय खबर

**चरही:** चरही 15 माईल स्थित चितपूर्णी स्टील प्राइवेट लिमिटेड यमुनादास माणिक वगैरह के नाम से गैर मजूरवा भूमि का रसीद चुरचू अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत किया गया है जिसे तत्काल रद्द करने हेतु ग्रामीणों ने हजारीबाग उपायुक्त को आवेदन प्रेषित किया है। जिसमें लिखा है कि मौजा इन्द्रा खाता नंबर 01, प्लोट नं0 1418 कुल रकबा 15 एकड गैर मजूरवा भूमि है। उक्त भूमि इन्द्रा के खतियानी रैयत अगल-बगल है, इस भूमि को ग्राम-इन्द्रा के रैय्यतों द्वारा उपयोग में लाया जाता था। सार्वजनिक रूप से ग्रामीण निवासियों का मवेशी चराने व जंगल झाड़ी था, लेकिन वर्तमान समय के सी.ओ. चुरचू के द्वारा उक्त भूमि का चितपुर्णी स्टील प्लांट प्राईवेट लिमिटेड यमुनादास माणिक वगैरह के नाम से मोटी रकम लेकर उक्त सार्वजनिक भूमि का अवैध रूप से रसीद निर्गत कर दिया है जो गलत है। उक्त कम्पनी के मालिक के द्वारा ग्रामीण रैयतों को डरा-धमका कर 15 एकड भूमि पर जबरन कब्जा कर आयरन क्रेसिंग क्रेसर का कार्य प्रगति पर है, जिसे शीघ्र रोका जाए।

ज्ञात हो कि झारखण्ड सरकार के द्वारा राज्य के सभी जिलों में गैर मजूरवा भूमि की रसीद निर्गत पर रोक लगी है। अतः उक्त भूमि को सार्वजनिक घोषित किया जाए। अनुमंडल पदाधिकारी हजारीबाग ने प्रदूषण नियंत्रण पार्षद कार्यालय हजारीबाग को आवेदन पत्रांक संख्या 1099 भेजकर निर्देश दिया है कि उपर्युक्त तथ्यों की आवश्यक जांचोपरांत विधि के अनुरूप विहित प्रक्रिया का अनुपालन करते हुए नियमानुकूल कार्रवाई की जाए।

## स्काउट - गाइडों ने ली देश सेवा की शपथ



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** स्काउट और गाइड जिला मुख्यालय हजारीबाग सह राज्य प्रशिक्षण केन्द्र हजारीबाग में स्काउटो गाइडो का दीक्षांत समारोह संपन्न हुआ जिसमे जिला के विभिन्न स्काउट गाइड ने भाग लिया इसमें 5 दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया जिसमे स्काउट गाइड का आंदोलन नियम प्रतिज्ञा एवम अन्य विषयों की जानकारी दी गई इसके उपरांत स्काउट गाइड की परीक्षा ली गई और सफल उम्मीदवारों को स्काउट गाइड को स्कार्फ पहना कर देश सेवा,मानव सेवा,एवम समाज सेवा की सपथ दिलाई गई जिसमे जिला मुख्य आयुक्त ने कहा देश के प्रति निस्वार्थ भाव से सेवा करते रहे इसके साथ स्काउट गाइड के नियम प्रतिज्ञा एवम उद्देश्य को अपने जीवन में अपनाते हुआ प्रोसाहित किया। इस अवसर पर उपस्थित होकर इनलोगी ने स्काउट गाइड को प्रोत्साहित किए ।

**गुड न्यूज**

ओल्ड एज होम के बुजूर्गों के साथ मनाया जन्मदिन

# फैजल से युवाओं को लेनी चाहिये प्रेरणा: लखन खंडेलवाल

- समाज को एक संदेश देने का कार्य किए है
- यूथ विंग से प्रेरणा लेकर अपने जो नेक कार्य किए है,उसमे अन्य युवाओं को भी जोड़ें

राष्ट्रीय खबर




**हजारीबाग :** हजारीबाग शहर में पिछले दो वर्षों से सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए लोगों के दिलों में अपनी जगह स्थापित करने वाले हजारीबाग यूथ विंग से प्रेरणा लेकर शहर के युवा फैजल खान जो कि खंडेलवाल हैंडलूम नामक प्रतिष्ठान में एक कर्मचारी के तौर पर कार्य करते हैं उन्होंने अपना जन्मदिन कुछ अलग करने का प्रयास किया और इसी प्रयास के बीच फैजल ने एसपी कोठी स्थित ओल्ड एज होम के बुजुर्गों के बीच खाना का पैकेट वितरण कर जन्मदिन मनाया। बुजुर्गों के साथ दो वक्त बिता कर उनका आशीर्वाद के साथ जन्मदिवस को बेहद सादगी पूर्वक मनाया। जिसके बाद फैजल ने बस स्टैंड पर राहगीरों, रिक्शा चालकों के बीच खाना पैकेट का वितरण किया।

वितरण के दौरान फैजल ने कहा कि कार्यक्रम की प्रेरणा मुझे हजारीबाग यूथ विंग से मिली यूथ विंग द्वारा अनेकों सामाजिक कार्य को मैंने सोशल मीडिया एवं अन्य प्रकार से देखा है तभी मैंने अपने मन में इच्छा जताई थी कि मैं भी अपना जन्मदिन मे कुछ अलग करूंगा और उसी क्रम में मैंने ओल्ड एज होम मे जन्मदिन मनाया। हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन ने फैजल को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस सराहनीय कार्य के लिया बहुत-बहुत बधाई। साथ है कहा की अपने समाज को एक संदेश देने का कार्य किए है।हजारीबाग यूथ विंग से प्रेरणा लेकर अपने जो नेक कार्य किए है,उसमे अन्य युवाओं को भी जोड़ें।

मौके पर अध्यक्ष लखन खण्डेलवाल ने कहा की हर युवाओं की सोच फैजल की तरह होनी चाहिए। जो जन्मदिन के मौके पर इस तरह का नेक कार्य कर समाज को एक संदेश देने का कार्य किए है आज के जमाने में ऐसा काफी कम देखा जाता है।

## न्यूज फटाफट

### जेएमएम के जिला संयोजक संजीव बेदिया को बनाए जाने पर कार्यकताओं ने दिया बधाई

**इचाक :** इचाक झारखंड मुक्ति मोर्चा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर केंद्रीय समिति के निदेर्शानुसार हजारीबाग जिले में 7 सदस्य संयोजक मंडली बनाया गया। जिसमें मुख्य संयोजक संजीव बेदिय, कमलनयन सिंह, ट्रैकों चांद महतो, इजहार अंसारी, नीलकंठ महतो, सोना राम मांझी, रामकिशोर मुरमुरा बनाए जाने पर ईचाक में झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यकताओं में हर्ष है। झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यकताओं ने सभी सभी संयोजक मंडली को दीया बधाई बधाई। देने वालों में मनोहर राम 20 सुत्री प्रखंड अध्यक्ष, इचाक दिगम्बर कुमार मेहता 20 सुत्री सदस्य, रामप्रवेश सिंह, गंगेश्वर मेहता, बाबुन हासदा, प्रयाग मेहता, महेंद्र दास, उमेश मेहता, रामफल मेहता, संतोष मेहता, दिनेश्वर मेहता, प्रवील मेहता, उमेश गुप्ता, रामदीप मेहता, संजय राम, राजेंद्र राम, विशेश्वर राम समेत दर्जनों कार्यकर्ता है।

### बड़कामध्य पंचायत में जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए शिविर का आयोजन



**बड़कागांव :** बड़कागांव मध्य पंचायत भवन में मुखिया मोहम्मद तकरीरमुल्ला खान के नेतृत्व में जन्म प्रमाण पत्र बनाने को लेकर शिविर का आयोजन किया गया। मुखिया मोहम्मद तकरीमुल्ला खान ने बताया कि बड़कागॉव मध्य पंचायत भवन में 14 अगस्त तक मृत्यु प्रमाण पत्र एवं जन्म प्रमाण पत्र पंचायत भवन में बनाया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अपील किया है कि जन्म प्रमाण पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने को लेकर आवेदन दें। एवं दूसरों को भी सहयोग करें।पंचायत सेवक अलका कुमारी ने बताया कि जन्म प्रमाण पत्र के लिए अब तक 30 फार्म, मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए एक फार्म जमा किया गया है। मौके पर मध्य पंचायत के मुखिया मोहम्मद तकरीमुल्ला खान, वार्ड सदस्य लीला कुमारी, संजय रवि मुखिया प्रतिनिधि मजहर खान समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### पीरटांड़ में भाजपा ने टिफिन बैठक कार्यक्रम का आयोजन



**पीरटांड़ :** भारतीय जनता पार्टी पीरटांड़ प्रखंड कमिटी द्वारा नावाडीह पंचायत के घोरचाची में प्रदेश नेतृत्व के निदेर्शानुसार महा जन सम्पर्क अभियान के तहत टिफिन बैठक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें संपर्क से समर्थन के निमित्त चर्चा हुई एवं आजीवन निधि एवं डोर टू डोर 9 वर्ष बेमिसाल कार्यक्रम के मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक निर्भय कुमार शाहाबादी के द्वारा केंद्र सरकार की योजनाओं पर कार्यकताओं के साथ चर्चा की गई। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं जैसे कि आयुष्मान योजना, लाडली योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना को जन जन तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया। बैठक में आगामी 5 एवं 6 अगस्त को मधुबन में होने वाला सम्मेलन पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अजय सिंह ने की जबकि संचालन महामंत्री अरविंद बर्णवाल ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनय शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता ओबीसी मोर्चा विनय सिंह, मिशन मोदी अगेन के जिला अध्यक्ष शरत भक्त, जिला उपाध्यक्ष श्याम प्रसाद,महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष संगीत सेठ, पंचम सिंह, बालेश्वर यादव, अरविंद राय, सोमनाथ पांडेय, सुभाष वर्णवाल, मनोज पंडित सहित भाजपा के दजनों कार्यकर्ता एवं नेतागण उपस्थित थे।

### बीमार महिला को ब्लड देकर स्वस्थ होने की कामना किया

**इचाक :** इचाक परासी पंचायत के कुटुम सुकरी निवासी सबिता देवी पति महेश रविदास ऑपरेशन में एक यूनिट ब्लड की आवश्यकता थी जैसे ही श्री राम सेवा संगठन के अध्यक्ष सुजीत कुमार को पता चला अपना सारा काम छोड़ कर सदर अस्पताल में जाकर मानवता का परिचय देते हुए ब्लड देकर उस महिला की जान बचाई सुजीत कुमार का यह 26वा बार रक्त दान है। सुजीत कुमार ने महिला की स्वस्थ होने की कामना किया।

### प्रगतिशील मगही समाज का क्षेत्रीय सम्मेलन संपन्न




**इचाक :** इचाक प्रगतिशील मगही समाज के क्षेत्रीय सम्मेलन में प्रउटिस्ट सर्व समाज का सम्मेलन समापन किया गया। महासचिव सुशील रंजन ने कहा कि तमाम समस्याओं के जड़ में पूंजीवादी व्यवस्था है। भीषण बेरोजगारी, किसानों के हित के अनदेखी, भ्रष्टाचार, अप संस्कृति ,आर्थिक विषमता आदि पूँजीवादी व्यवस्था की ही देन है। जन गोष्ठी आधारित सामाजिक आर्थिक ताना-बाना का कमजोर हो जाना ही पूंजीवादी व्यवस्था को ताकत दे रहा है। महासचिव रविंद्र कुमार केंद्रीय पंच शाखा सचिव देवकी प्रसाद केंद्रीय युवा सचिव मनोज कुमार मेहता जिला सचिव धनंजय कुमार जिला संगठन सचिव बालेश्वर प्रसाद मेहता वित्त सचिव सुरेश कुमार साहू, पंचायत सचिव कालेश्वर यादव, उमेश चक्रवर्ती ,सुरेश कुमार, बजरंगी ठाकुर ,फूलचंद पंडित, विनोद साहू, वेद प्रकाश ,राजेंद्र राणा, जगदेव गुप्ता, मीडिया प्रभारी बालेश्वर मेहता आदि ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए ।

### कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में चलाया गया जागरूकता अभियान

**बरही :** बरही प्रखंड के बरसोत स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में बाल विवाह की रोक, बाल मजदूरी पर रोक, बाल यौन शोषण के खिलाफ कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेंन फाउंडेशन एवम जन परिषद सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में जारूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान कम्युटी के सोशल वर्कर सह जिप सदस्या प्रीति कुमारी मौजूद थी। जिप सदस्या ने लोगो को जानकारी देते हुए कहा कि बाल विवाह, बाल मजदूरी, बाल यौन शोषण वर्तमान में एक बहुत बड़ी समस्या हो गयी है। बाल विवाह हँसता खेलता जीवन की अरमानो को खराब कर देती है। साथ ही इन्होंने गुड टुच व बेड टच के बारे में बताते हुए कही कि आज के युग में प्रत्येक अभिभावक को अपने अपने बच्चों को यौन शोषण के बारे में जानकारी देना चाहिए। बाल विवाह रोकने के लिए पर जानकारी देकर रोकना चाहिए। वही चौदह वर्ष से कम आयु के बच्चे से काम करवाना बाल श्रम कहलाता है।

**प्रदेश >> अपडेट**

### पारिजात का पौधा लगाया

**पलामू** : भाजपा के वरिष्ठ वृक्ष बसना हनुमान मंदिर में लगाना मेरे लिए परम सौभाग्य की बात है। पलामू जिले के नावा बाजार प्रखंड अंतर्गत बसना व राजहरा रेलवे स्टेशन के समीप स्थित यह मन्दिर अति प्राचीन है। पांडे ने कहा कि बहुत दिनों से मेरी इच्छा थी कि बसना हनुमान मंदिर में पारिजात के पौधे को लगाऊं जो आज संपन्न हुआ। पांडेय ने पारिजात पौधे के औषधीय गुण और धार्मिक महत्व के बारे में भी बताया तथा सभी लोगों से अपने घरों व आसपास के मंदिरों में इस पौधें को लगाने का निवेदन किया।

**शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>**

### संताली भाषा बचाओ मोर्चा ने किया धरना प्रदर्शन

**पाकुड़** : संताली भाषा बचाओ मोर्चा पाकुड़ के जिला अध्यक्ष रासका हेमब्रम के नेतृत्व में शहर कॉल स्थित बंद पेट्रोल पंप के निकट 14 सूत्रीय मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया एवं मुख्यमंत्री झारखंड सरकार को उपायुक्त के माध्यम से मांग पत्र समर्पित किया गया । मांग पत्र में के जी से लेकर पी जी तक देवनागरी लिपि से मातृ भाषा संताली में पुस्तकों का अनुवाद करने की मांग की गई है।

### पाकुड़ जिला में दो बिरसा प्रशिक्षण केन्द्र का किया उद्घाटन

**पाकुड़** : मुख्यमंत्री सारथी योजना अंतर्गत बिरसा योजना (इंस्टीट्यूट फॉर रूलर स्कील एक्वीजीशन) के तहत पाकुड़ जिला के दो प्रखंड पाकुड़िया एवं अमड़ापाड़ा प्रखंड में प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारंभ माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन के द्वारा रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार से आनलाइन के माध्यम से इसका उद्घाटन किया गया।पाकुड़ जिला के पाकुड़िया प्रखंड में प्रखंड लेवल इंस्टीट्यूट फॉर रूलर स्कील एक्वीजीशन के तहत एडविंग्स कंसल्टेंसी एंड सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड का प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया गया है ,जिसमें तीन प्रकार के प्रशिक्षण दिया जाएगा।

**संक्षिप्त >> अपडेट्स**

### मुफस्सिल थाना क्षेत्र में हुई बमबाजी में छह लोग घायल

**पाकुड़** :मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कांकड़बोना गांव में हुई बमबाजी में छह लोग घायल हो गए। यह घटना दोपहर दो बजे की बतायी जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही मुफस्सिल पुलिस गांव पहुंच कर सभी घायल लोगों को ईलाज के लिए सोनाजोड़ी सदर अस्पताल पहुंचाया है। बमबाजी के चपेट में मुदासेर शेख 23 वर्ष, राहीजुद्दीन शेख 35 वर्ष, मारजीना बीबी 36 वर्ष, मासबीरा खातुन सात वर्ष, सुकोदा बीबी, रेनू बीबी घायल हो गया। पुलिस मामले को लेकर छानबीन कर रही है। मामले की छानबीन मुफस्सिल पुलिस के द्वारा की जा रही है, थाना प्रभारी सतीश कुमार ने बताया की दोषियों की पहचान की जा रही है दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

### जिला फुटबॉल संघ की बैठक आयोजित

**पाकुड़** : जिला स्तरीय स्टेडियम बैंक कॉलोनी पाकुड़ में जिला फुटबॉल संघ की एक बैठक जिला फुटबॉल संघ के सचिव व पाकुड़ जिला ओलंपिक संघ के महासचिव रणवीर सिंह की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें जिले में फुटबॉल खेल के विकास के साथ साथ ग्रामीण खिलाड़ी को राज्य सरकार वं केंद्र सरकार द्वारा आयोजित खेल योजनाओं का लाभ मिल सके इस पर गहन चिंतन किया गया। वर्तमान में झारखंड सरकार द्वारा खेल 'पोटो हो' योजना चलाई जा रही है। तथा राज्य सरकार द्वारा सिद्धू कानू क्लब का गठन प्रत्येक गांव में गठन कर युवाओं को खेल एवं अन्य योजनाओं से जुड़ने का मुख्य उद्देश्य है। संघ के सचिव रणवीर सिंह ने बताया कि बीते माह स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड बोकारो इस्पात के द्वारा सेल फुटबॉल अकादमी के लिए पाकुड़ जिले में फुटबॉल सिलेक्शन ट्रायल आयोजित की गई थी।

**कार्यक्रम** न्याय सदन में ज़िला स्तरीय मल्टी स्टेक होल्डर्स कंस्यूलेशन कार्यक्रम आयोजित

# पोक्सो अधिनियम के प्रावधान की मिली कानूनी जानकारी

राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़**: झालसा रांची के निदेर्शानुसार आज दिनांक 23 जुलाई को पाकुड़ व्यवहार न्यायालय के सभागार में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के बाल कृष्ण तिवारी की अध्यक्षता में पोक्सो से संबंधित मल्टी स्टेक होल्डर्स कॉन्सुलेशन कार्यक्रम आयोजित की गई। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बाल कृष्ण तिवारी, प्रधान न्यायधीश कुटुंब न्यायालय राधा कृष्ण, अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम राकेश कुमार, अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय चौधरी एहसान मोईज, डीएसपी बैधनाथ प्रसाद द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बाल कृष्ण तिवारी, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय के राधा कृष्ण, अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम एवम् अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय चौधरी एहसान मोईज ने पॉक्सो अधिनियम के बारे में विस्तृत जानकारी दी।




इस कार्यक्रम के तहत विशेष जोर पोक्सो अधिनियम के तहत बच्चों का बाल व अपराधों एवं यौन उत्पीड़न से बचने के लिए फॉक्सो अधिनियम के तहत बच्चों के विरुद्ध यौन अपराधों के लिए कड़ी सजा का प्रावधान है बच्चों के विरुद्ध यौन अपराध में बच्चों का यौन शोषण यौन उत्पीडन पोनोग्राफी बच्चों के साथ अश्लील हरकत करना, बेड टच गलत, भावना से की गई हरकत पॉक्सो अधिनियम के तहत इन सभी अपराधों में कड़ी सजा का प्रावधान है इस संबंध में कई महत्वपूर्ण कानून संबंधित चर्चा की गई । पॉक्सो अधिनियम के तहत पीड़ित के सहायता हेतु कानूनी प्रक्रिया निम्न स्तर से उच्च स्तर तक सभी जांच रिपोर्ट से संबंधित इसमें योगदान देने वाले अधिकारी जैसे पुलिस अधिकारी ,मेडिकल अधिकारी, से न्यायिक प्रक्रिया तक की किया भूमिका है सभी पहलू पर विशेष चर्चा करते हुए त्वरित न्याय प्रदान करने हेतु जानकारी साझा की गई। ताकि पीड़ित को किसी प्रकार का परेशानी न हो और कानूनी लाभ मुवाआजा समेत अन्य लाभ मिल सके। साथ ही ऐसे घटना पर लगाम लगाया जा सके।

ऐसे पॉक्सो से संबंधित पीड़ित के हित में एवम् जो पीड़ित नही है उसके बचाव हेतु कई विशेष मुद्दे पर चर्चा हुई।पीड़ित के सभी बातों को गोपनीय रखते हुए सुरक्षा प्रदान कर न्याय दिलाना ही सर्वप्रथम प्राथमिकता है पीड़ित को भयमुक्त वातावरण प्रदान करना है ताकि अपने बातों को निसंकोच खुल कर बता सके।पीड़ित को न्यायिक प्रक्रिया में किसी प्रकार का बाधा का सामना न करना पड़े और न्याय, सुरक्षा प्रदान मिल सके।

## न्यू इरा इंटीरियर शोरूम का उद्घाटन




राष्ट्रीय खबर

**पलामू** : मेदिनीनगर नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने रांची रोड हुंडई शोरूम के बगल में न्यू इरा इंटीरियर और एक्सटीरियर शोरूम जहां घर और ऑफिस के सजावट का हर बेहतरीन समान उपलब्ध कराया जा रहा है का उद्घाटन करते हुए कहीं की हमारा शहर बदल रहा जहां पहले लोग रांची शहर पे डिपेंडेंट थे वही आज हर बेहतर चीज अपने शहर में मिल रहा और इसका श्रेय हमारे शहर के युवा व्यवसायियों एवं उद्यमियों को जाता । प्रथम महापौर ने यह भी कहा आज हमारे शहर के युवा अपने शहर मैं ही एक विजन के साथ बेहतरीन शोरूम बना रहे वही लोगों को शानदार रोजगार भी मुहैया करा रहे जो शहर के लिए शुभ संकेत है । इस बदलते शहर में कई संभावनाएं हैं जिसे तलाशने एवं तराशने की आवश्यकता है । मैं इस बढ़ते एवं बदलते शहर में बैंकों की भूमिका को अहम मानती जहां पहले बैंकर्स लोन देने में कतराते थे आज बैंकर्स आपके दरवाजे पर आकर लोन देने को उत्सुक रहते जो एक बदलाव की निशानी है ।इस अवसर पर संस्था के मालिक अरविंद गुप्ता, कृष्णा प्रसाद राजीव प्रसाद तथा प्रथम उप महापौर मंगल सिंह ,फिरोज उद्दीन अंसारी एवं कई गणमान्य लोग उपस्थित थे ।

## पलामू लोकसभा के लिये कई पार्टियों का ऑफर : राकेश पासवान



राष्ट्रीय खबर

**पलामू** : पलामू लोकसभा कई राजनीतिक पार्टियों के उम्मीदवार इधर से उधर अपना भविष्य तलाश रहे एवं केंद्र में बैठी सरकार छोटे-छोटे पार्टियों को अपने हिस्सेदारी बनाकर 2024 के चुनाव लड़ना चाहती हैं। वही महागठबंधन के बेंगलुरु में हुए महा बैठक में केंद्र सरकार को हटाने के लिए अपना एकता का परिचय दिया 2024 में किसी ढंग से एनडीए को हराना है बनाम इंडियाः इसी कड़ी में पलामू लोक सभा सुरक्षित क्षेत्र से कर्मठ ईमानदार मृदुभाषी पलामू की जनता की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहने वाले एवं कोरोना काल में इन्होंने जो सेवा दिया है उत्कृष्ट सेवा थी यह सब को देखते हुए। राकेश पासवान को कई पार्टियों ने पलामू लोकसभा चुनाव लड़ने की अपनी बात को साझा किया है जिसमें केंद्र में रजिस्टर्ड पार्टिया एवं झारखंड के रजिस्टर्ड पार्टिया भी है। बताते चलें कि पूर्व में राकेश पासवान जी केंद्रीय नेता झारखंड मुक्ति मोर्चा के थे और उन्होंने पार्टी के लिए सराहनीय कार्य किया था आज उनकी अपनी राजनीति संगठन है और उस संगठन के माध्यम से पलामू लोक सभा एवं झारखंड के लोगों को सेवा देते हैं । देखना यह है कि राकेश पासवान वक्त के साथ किस पार्टी के साथ किस सिंबल के साथ पलामू लोक सभा सुरक्षित सीट से चुनाव लड़ेंगे और यहां के जितने भी जन समस्या झारखंड के बनने के पश्चात 2000 से हैं उनको पलामू के मुद्दा बनाकर उठाकर कार्य करने का काम करेंगे जो स्वास्थ्य संबंधित, खनन, उद्योग, उत्कृष्ट शिक्षा ,बेरोजगार लोगों के लिए प्रशिक्षण एवं नौकरी सिंचाई की व्यवस्था बड़े डैम और नदियों का पानी को रोककर ग्रामीण क्षेत्रों एवं शहरी क्षेत्रों में पानी उपलब्ध कराना पूर्व में भी इनके पिता स्वर्गीय जोरावर राम पूर्व सांसद पलामू एकीकृत बिहार के कैबिनेट मंत्री थे जो लगातार संसद में आवाज उठाया करते थे उन्होंने कार्य किया। कई ऐसी समस्याएं पलामू की है जो उनके जेहन में है वक्त के साथ साथ सामने आएगी।

## रसोईया संघ ने मणिपुर घटना की निंदा



राष्ट्रीय खबर

**छत्तरपुर** : झारखंड राज्य विद्यालय रसोईया संघ की छतरपुरी इकाई ने मणिपुर में महिलाओं को नंगा करके घुमाने और सामूहिक दुष्कर्म कांड को लेकर छतरपुर मध्य विद्यालय के प्रांगण से मेन रोड होते हुए जुलूस निकाला जो थाना चौक होते हुए सरइडीह मोड़ पर आकर सभा में तब्दील हो गई । जिसका नेतृत्व झारखंड राज्य विद्यालय रसोइया संघ की प्रखंड अध्यक्ष उषा देवी ने किया। जुलूस में शामिल महिलाएं इंकलाब जिंदाबाद, झारखंड राज्य विद्यालय रसोइया संघ जिंदाबाद, मणिपुर में बेटियों के साथ हुए अत्याचार पर मोदी शाह शर्म करो, 80 दिनों से मणिपुर में जारी हिंसा पर मोदी शाह चुप्पी तोड़ो, बेशर्म प्रधानमंत्री हाय हाय, जुल्मी जब जब जुल्म करेगा सत्ता के गलियारों से चप्पा चप्पा गूंज उठेगा इंकलाब के नारों से ,मणिपुर में बेटियों को नग्न कर घुमाने और सामूहिक बलात्कार मोदी शाह जवाब दो, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के झूठा नारा देने वाली भाजपा सरकार मुदार्बाद जैसे गगनभेदी नारे लगा रही थी। सड़क पर मार्च करते हुए सरईडीह मोड़ पर मार्च सभा में तब्दील हो गई। सभा में वक्ताओं ने मणिपुर में जारी हिंसा पर मोदी शाह के चुप्पी पर निंदा करते हुए रोक लगाने की मांग की। मणिपुर हिंसा में महिलाओं को नग्न कर घुमाने और उनके साथ सामूहिक दुष्कर्म पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अपनी गुस्सा जाहिर की। मोदी शाह के नेतृत्व वाली सरकार में मणिपुर के जारी हिंसा पर काफी गुस्से में दिखी । बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के झूठी नारा देने वाली भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा।

## झारखंड कम्बाइंड के सेकंड स्टेट टॉपर बने विशाल

राष्ट्रीय खबर



**छतरपुरः** झारखंड कम्बाइंड प्री मेडिकल एग्जाम के सेकंड टॉपर बनें छतरपुर के विशाल कुमार। विशाल लखन साव के पुत्र हैं प्रारंभिक शिक्षा उन्होंने मेदिनीनगर स्थित बिमला पांडेय मेमोरियल स्कूल से की है उसके बाद उहोंने कोटा से मेडिकल की तैयारी की थी। उनके बड़े भाई नीरज रिम्स में रेडियोलॉजिस्ट हैं। विशाल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता और बड़े भाई नीरज को दिया है। उनका सपना है कि वे भविष्य में स्वास्थ के क्षेत्र में छतरपुर के लिए बेहतर कर पाएं। उनके इस उपलब्धि के लिए छतरपुर विकास मंच के अध्यक्ष अरविन्द गुप्ता चुनमुन ने बधाई देते हुए कहा कि राज्य स्तर पर सेकंड टॉपर बनना एक बड़ी उपलब्धि है विशाल ने छतरपुर का मान बढ़ाया है और उन्होंने उम्मीद भी जताया कि इसका फायदा छतरपुर को जरूर मिलेगा। उनकी इस सफलता पर अरविन्द गुप्ता सुनील कुमार, ऋषभ, रितेश, जितेंद्र, आयुष, संतोष, सुरेंद्र, मृणाल, दीपू, छोटू, राजेन्द्र, मुन्ना, कुंदन, अजित, सोनू सहित दर्जनों लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

**चेतावनी** झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ पलामू इकाई की बैठक की गई

# शिक्षकों की समस्याओं को लेकर आंदोलन की चेतावनी

राष्ट्रीय खबर

**पलामूः** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ पलामू इकाई की बैठक मध्य विद्यालय सूदना मेदिनीनगर में आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुधीर कुमार दूबे तथा संचालन जिला महासचिव अमरेश कुमार सिंह ने किया। बैठक में जिले के विभिन्न प्रखंड से सैकड़ों शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित हुए। बैठक में जिले में लंबित प्रोन्नति को जल्द से जल्द पूरा करने पूरा करने, प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में बायोमैट्रिक संबंधित समस्या को दूर करने, विभिन्न प्रखंडों में वेतन आदि भुगतान के लिए आवंटन उपलब्ध कराने, जिले के सभी प्रखंडों में क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी को एक बैठक का दिन सुनिश्चित करने , सभी प्रखंडों में कैंप लगाकर वार्षिक वेतन वृद्धि को सेवा पुस्तिका अंकित सुनिश्चित करने, जिन प्रखंडों प्रखंडों का एचआरएमएस पोर्टल पर सेवा पुस्तिका संबंधी कार्य संपादित नहीं हुआ है उसे यथाशीघ्र पूरा करने के लिए, जिले के अधिकांश विद्यालयों में चारदीवारी के अभाव रहने के कारण वहां के अध्ययनरत बच्चों को विद्यालय में पूरे कार्य अवधि तक बनाए रखना शिक्षकों के लिए मुश्किल खड़ा होता है ।



वैसी परिस्थिति में शौचालय के लिए बच्चों को क्लास रूम से बाहर निकालना पड़ता है अतः शिक्षकों को उनकी पूर्ण सुरक्षा के लिए चारदीवारी के निर्माण तक मुक्त रखा जाये। आज के बैठक में यह निर्णय लिया गया जिला इकाई का कार्यकाल पूर्ण हो गया है। अतः जल्द से जल्द जिला कार्यकारिणी का पुनः चुनाव संपन्न कराया जाए। जिन प्रखंडों में संगठन का चुनाव अभी तक लंबित है, उन सभी प्रखंडों में भी संगठन का चुनाव यथाशीघ्र संपन्न हो। बैठक में जिला इकाई द्वारा प्रखंड के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। शिक्षकों समस्याओं का निराकरण 15दिनों के अंदर नहीं होने पर आंदोलन करने पर बाध्य होगा,सारी जिम्मेवारी विभाग की होगी। बैठक में जिला के अध्यक्ष सुधीर कुमार दुबे ,महासचिव अमरेश कुमार सिंह सहित जिला इकाई के समस्त पदाधिकारियों ने शिक्षकों की सभी समस्याओं को यथाशीघ्र दूर करने का आश्वासन दिया ।आज के बैठक में प्रमंडलीय मीडिया प्रभारी राजेश कुमार गुप्ता ,प्रमंडलीय सचिव गोपाल राम ,जिला उपाध्यक्ष नंदकिशोर कुमार ,रामस्वरूप राम और रामानुज प्रसाद, जिला संगठन मंत्री राजीव रंजन पांडेय, जिला संयुक्त सचिव विनय मांझी, मनोज द्विवेदी और सुरेन्द्र प्रसाद ताथा जिला प्रेस प्रवक्ता राजीव कुमार राजू सहित विभिन्न प्रखंडों के अध्यक्ष सचिव उदय सिंह , निर्मल कुमार ,राकेश कुमार सिंह, महबूब आलम ,संजीव कुमार, मृत्युंजय कुमार, अर्पण गुप्ता सहित दर्जनों शिक्षकों ने अपना विचार व्यक्त किया।

**>> न्यूज फटाफट**

### यामाहा स्कूटी का हुआ माइलेज टेस्ट



**पलामू** : रविवार को चियांकी हवाई अड्डा के सामने स्थित यामाहा शोरूम मां वैष्णो ऑटोमोबाइल्स में फेसिनो हाइब्रिड 125 सी और रायजेडआर हाइब्रिड 125 सीसी स्कूटी का माइलेज टेस्टिंग कार्यक्रम का आयोजन किया था। इस आयोजन में कुल 10 कस्टमर ने अपने स्कूटी के साथ हिस्सा लिया। कार्यक्रम में सभी कस्टमर के स्कूटी के टैंक को पेट्रोल से फुल कराया गया। यामाहा कम्पनी के एरिया सर्विस मैनेजर जावेद आलम, सौम्या ने झंडी दिखा के सभी 10 कस्टम को चियांकि से पोलपोल के लिए रवाना किया। जावेद आलम ने बाइक या स्कूटी कैसे अच्छी माइलेज निकल सके उसके बारे में कस्टमर को जानकारी दी। कस्टमर के बीच क्विज कंपटीशन का भी आयोजन कराया। इस कार्यक्रम में शामिल 10 कस्टमर में प्रथम स्थान कुमारी मोनिका को प्राप्त हुआ जिनिकी स्कूटी का माइलेज 97 केएमपीएल दर्ज किया गया। दूसरे नंबर पर राजीव रंजन को को प्राप्त हुआ जिसकी स्कूटी ने ने 96 का माइलेज दिया और तीसरे स्थान पर गौतम कुमार ने प्राप्त किया जिनकी स्कूटी ने 93 का माइलेज दिया। प्रथम विजेता को 2 हजार, दूसरे को 1500, तीसरे को 1000 नगद, मोमेंटो, सर्टिफिकेट, वाटरबोतल व टीशर्ट दे कर समानित किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में यामाहा शोरूम के प्रोपराइटर सतीश कुमार साहू और नागेंद्र प्रसाद, मैनेजर अनुराग तिवारी ने अहम भूमिका निभाई। मौके पर शोरूम के इंजीनियर हेड नकुल प्रसाद, मैकेनिक हेड मंटू कुमार, जावेद, आरिफ, सौरभ कुमार, हनी, रजनीश, सुमित शुक्ला, मनीष दुबे आदि शामिल थे।

### चोरी की योजना बनाते पांच आरोपी गिरफ्तार



**मोहम्मदगंज** : थाना प्रभारी अक्षय कुमार के नेतृत्व में मोहम्मदगंज पुलिस ने सूचना के आधार पर थानान्तर्गत कादल कुर्मी मोहम्मदगंज मुख्य पथ में भीम चूल्हा स्थल के पास अपराध ,चोरी की योजना बनाते 5 अपराधियो को शनिवार की रात्रि गिरफ्तार किया है ।पूछताछ के दौरान सभी ने थानान्तर्गत कादलकुर्मी गांव स्थित पंचायत सचिवालय में बीते 19 जून को चोरी की घटना में शामिल होने की बात स्वीकार किया है ।इस सम्बंध में थाना प्रभारी अक्षय कुमार ने बताया कि 22 जुलाई की रात्रि भीम चूल्हा स्थल से संदेहास्पद 5 लोगो को पकड़ा गया है,सभी ने कादलकुर्मी पंचायत सचिवालय में चोरी की घटना में शामिल की स्वीकारोक्ति के बाद निशानदेही पर चोरी हुए 5 पंखा,1 मोटर व वाईफाई मशीन को जब्त कर लिया गया है ।पुलिस लगातार उक्त चोरी की घटना के उदभेदन में लगी हुई थी ।उक्त केस में सभी अभियुक्तों की गिरफ्तारी कर ली गई है और चोरी हुए सभी सामान को भी जब्त कर लिया गया है ।थाना प्रभारी श्री कुमार ने बताया कि अरविंद कुमार रवि,बिट्टू कुमार,धनंजय कुमार पासवान एवं अंकेश कुमार रवि,निकाश कुमार सभी अभियुक्त गढ़वा जिला के मझिआंव थानान्तर्गत मोरबे गांव के रहनेवाले है ।सभी गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में मेदिनीनगर जेल भेज दिया गया है ।इस अभियान में थाना प्रभारी अक्षय कुमार के अलावा ए एस आई बिपिन ठाकुर सहित पुलिसकर्मी शामिल थे।

### मुहर्रम को लेकर हुई शांति समिति की बैठक



**पलामू** : वरीय अधिकारियों के निर्देश पर मुहर्रम को लेकर रविवार को हरिहरगंज थाना परिसर में शान्ति समिति की बैठक की गई। बैठक में एसडीपीओ अजय कुमार , सीओ बासुदेव राय , बीडीओ जय प्रकाश नारायण , पुनि सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास आदि पदाधिकारियों ने 29 को तक मनाए जाने वाला मोहर्रम पर्व को लेकर कई निर्देश दिए। साथ ही बैठक में मौजूद गणमान्य लोगों से विचार विमर्श किया। बैठक में आधिकारियों ने निदेर्शानुसार निर्धारित रूट से ही जुलूस निकालने , कोई नया रूट से जुलूस नहीं निकलेगा , किसी तरह के असामाजिक हरकत न हो इस पर सभी को नजर रखने, बाइक के साथ जुलूस में शामिल नहीं होने, किसी भी घातक हथियार का प्रयोग और भड़काऊ वीडियो या गाना के इस्तेमाल से बचने तथा उत्साही बच्चों पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिए गए।

### लोकसभा चुनाव की रणनीति बनाने में जुटी बसपा

**पलामू**: मेदिनीनगर परिसदन भवन में मुख्य अतिथि, बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विश्रामपुर विधानसभा प्रत्याशी राजन मेहता, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण कुमार राम के नेतृत्व में पलामू जिला में संगठन के मजबूती के लिए बैठक का आयोजन किया गया था जिसमें पलामू जिला अध्यक्ष संतोष कुमार गुप्ता ने संचालन किया, पलामू जिला के सभी विधानसभा के सैकड़ों नेता कार्यकर्ता उपस्थित हुए जिसमें पूर्व पलामू जिला अध्यक्ष अशोक राम, सूरजमल राम, नंदू राम,अजय राम, राम बाबू, प्रदीप कुमार पासवान, पूर्व प्रत्याशी डालटेनगंज विधानसभा क्षेत्र बिनोद कुमार सोनी, सुहैल अंसारी,धर्म देव शर्मा, सनी कुमार, धर्मेंद्र ठाकुर, आशिक अंसारी, राम परीक्षा राम सूरजमल राम, मनोज राम, साबिर अंसारी, रामबाबू यादव, एवं काफी संख्या में लोग अपने अपने विचारों को रखा और 2024 लोकसभा चुनाव एवं विधानसभा चुनाव को देखते हुए सभी ने एक स्वर में कहा कि पार्टी के मजबूती देने के लिए कार्य करेंगे एवं झारखंड में बसपा के नेतृत्व में ही सरकार बनेगी इसके लिए कार्यकर्ता, नेताओं को जोर शोर से ताकत लगाने कि आवश्यकता है। बैठक के दौरान शाहपुर निवासी रामनाथ दुबे ने बहुजन समाज पार्टी में विधिवत शामिल हो गये।

### राजद की बैठक में पंचायत कमेटी का विस्तार

**हरिहरगंज** : राजद का पंचायत कमेटी विस्तार को लेकर खड़गपुर पंचायत के पारपहाड़ स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय परिसर में रविवार को बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से राजद के प्रदेश सचिव रवि कुमार यादव, क्रीड़ा प्रदेश प्रकोष्ठ अध्यक्ष चंदन कुमार बैठा, प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव पलामू जिला प्रधान महासचिव राजेन्द्र यादव, जिला उपाध्यक्ष रंजीत पासवान, छात्र राजद जिला अध्यक्ष आनंद यदुवंशी के नेतृत्व में सरसोत खड़गपुर, सेमरवार तथा तूरी पंचायत कमेटी का विस्तार किया गया। इससे पहले कार्यकताओं ने पार्टी की मजबूती पर विशेष चर्चा की । मौके पर युवा प्रदेश महासचिव रवि कुमार यादव ने कार्यकताओं से एक परिवार की तरह राजद के संगठन को मजबूत बना कर रखने का आह्वान किया ।उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनाव को लेकर कार्यकताओं में एक नई ऊर्जा का संचार की जा रही है।

## शहर >> अपडेट

### फरार आरोपी के घर पर पुलिस ने साटा इस्तेहार

**कुडू** : थाना क्षेत्र के सलगी गांव में आईपीसी की धारा 174 – ए के मामले में फरार चल रहे विजय वर्मा पिता शंकर वर्मा के घर पर पहुंचे कुडू थाना प्रभारी विश्वजित कुमार सिंह एएसआई लव कुश सिंह ने लोहरदगा एसीजीएम के न्यायालय निर्गत आदेश को घर के मेन गेट पर चिपकाया। पुलिस द्वारा चष्पा किये गए इस्तेहार में लिखा गया है कि उक्त आरोपी ने आईपीसी की धारा 174 – ए के तहत दंडनीय अपराध किया है ।

## सिटी अपडेट्स >>

### कांवरियों का एक जत्था बाबा नगरी के लिए रवाना

**पेटरवार** : पेटरवार प्रखंड बुंडू पंचायत अंतर्गत मेला टांड स्थित वीणा परिषद के प्रांगण से कांवरियों का एक जत्था रविवार को पेटरवार मुखिया दिनेश कुमार गुप्ता की अगुवाई में बाबा नगरी देवघर के लिए रवाना हुआ। यह जत्था सोमवार को बाबा भोलेनाथ पर जलाभिषेक करेंगे। बाबा नगरी रवाना होने से पूर्व कांवरियों का जत्था वीणा परिषद के प्रांगण में स्थित मां भगवती का दर्शन कर बाबा नगरी के लिए प्रस्थान किया। दूसरी ओर बुंडू पंचायत स्थित मंदिर टोला से नव युवक कांवरिया संघ का एक जत्था बाबा नगरी के लिए प्रस्थान किया।

### जिला प्रशासन की कार्रवाई के विरोध में माइका मजदूर का धरना आज

**कोडरमा** : माइका के अवैध कारोबार के खिलाफ जिला प्रशासन की कार्रवाई के विरोध में माइका मजदूरों द्वारा 24 जुलाई को जिला मुख्यालय में धरना दिया जाएगा। ढिबरा स्क्रैप मजदूर संघ के अध्यक्ष कृष्णा सिंह घटवार ने बताया कि मजदूरों के इस महाधरना कार्यक्रम में बड़कागांव की विधायक अंबा प्रसाद, मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, बरही विधायक उमा शंकर अकेला और पूर्व शिक्षा मंत्री बंधु तिर्की के अलावा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर शामिल होंगे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### प्रखंड स्तरीय शांति समिति की बैठक

**कुडू** : बैठक में शांति समिति के गणमान्य सदस्यों के साथ-साथ, प्रखंड प्रमुख; उप प्रमुख; जिला परिषद के गणमान्य सदस्य गण; 20 सूत्री के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यगण, सभी राजनीतिक दलों के प्रखंड प्रमुख; सभी सामाजिक संगठनों के प्रखंड अध्यक्ष; मीडिया के सम्मानित बंधु गण, चेंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्य गण; सभी धर्मों के प्रखंड स्तर के प्रतिनिधि गण; पंचायत समिति सदस्य गण ; मुखिया गण ; उपमुखिया गण ; वार्ड सदस्य गण; प्रखंड के सभी बुद्धिजीवी सदस्य गण कुडू प्रखंड के शिक्षाविद; प्रखंड स्तरीय सभी विभागों के कार्यालय अध्यक्ष; विभिन्न खेलों से संबंधित प्रखंड स्तरीय प्रतिनिधि गण; सभी उच्च विद्यालय एवं प्लस टू उच्च विद्यालय के प्राचार्य गण एवं अन्य गणमान्य अतिथि गण सादर आमंत्रित हैं। गणमान्य अतिथियों से अनुरोध है कि ससमय बैठक में उपस्थित होकर अनुगृहित करने का कष्ट करेंगे।

### कार्यकारणी समिति की बैठक मुखिया राजधन भगत की अध्यक्षता में हुई

**कुडू** : पंचायत सचिवालय बड़की चाँपि पंचायत के प्रांगण में कार्यकारणी समिति की बैठक मुखिया राजधन भगत की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में 15 वें वित्त आयोग से योजना क्रियान्वयन एवं पंचायत के सर्वांगीण विकास के संबंध हेतु बैठक रखा गया। इस मौके पर सर्वसम्मति से पंचायत के विकास हेतु निर्णय लिया गया। साथ ही पंचायत के सर्वांगीण विकास हेतु विचार विमर्श किया गया। इस मौके पर मुखिया राजधन भगत, पंचायत सचिव सीताराम उराँव, उप मुखिया हेना तिवारी, वार्ड सदस्य – गीता देवी, अनीता लकड़ा, नीतू देवी, आलोमनी देवी, परमेश्वर उरांव, परन महतो, शिवशंकर भगत सहित सुभाष कुमार, लक्ष्मी देवी, उपस्थित थे।

**सर्पदंश**

वर्षा मौसम के आगमन के साथ ही चतरा में

# सांपों का आतंक, 36 लोगों को बनाया शिकार




**राष्ट्रीय खबर**

**चतरा** : वर्षा मौसम के आगमन के साथ ही चतरा में नागराजों का आतंक शुरू हो गया है। इसका अंदाजा आप इसी से लगा सकते हैं कि महज एक माह में विषधारों ने 36 लोगों को अपना शिकार बनाया है। गनीमत यह रही कि समय रहते सर्पदंश के शिकार लोगों को समय रहते सदर अस्पताल लाया गया। इनमें से 35 का सफल उपचार तो सदर अस्पताल में ही कर दिया गया। जबकि सर्पदंश के शिकार एक मरीज को बेहतर उपचार के लिए रांची रिम्स रेफर किया गया।

सदर अस्पताल में भर्ती आइसा तबस्सुम ने बताया कि वह अपने घर के बाहर दरवाजे पर सुबह-सुबह झाड़ू लगा रही थी । इसी दौरान सांप ने उसे डस लिया। उसने जब अपनी मां को बताया तो उसे उपचार के लिए सदर अस्पताल लाया गया। वैसे तो अब तक सर्पदंश के आए 36 का यह आंकड़ा तो महज सरकारी अस्पताल की है। जबकि सच्चाई तो यह है कि दर्जनों अन्य लोगों को भी विषधरों ने काटा है, जो सदर अस्पताल ना पहुंचकर अन्यत्र उपचार करा लिए हैं। बताते चलें कि चतरा जंगलों और पहाड़ों से आच्छादित जिला है। जंगल-झाड़ी अधिक होने के कारण यहां विभिन्न प्रजाति के सांप भी पाए जाते हैं।

जब बारिश होती है तो सांप अपने-अपने कुनबे से बाहर निकल आते हैं। इस दौरान जो भी इनके जद में आते हैं वह उसे अपना शिकार बनाते हैं। वैसे तो 36 सर्पदंश का यह आंकड़ा तो एक शुरूआत है। बरसात खत्म होते-होते यह आंकड़ा 100 से भी पार चला जाएगा। हालांकि सदर अस्पताल के प्रभारी उपाधीक्षक डॉ. अरविंद केशरी ने बताया कि सदर अस्पताल में करीब 500 से अधिक स्नेक बाइट वैक्सीन उपलब्ध हैं। जो सर्पदंश के शिकार लोगों की जान बचाने के लिए प्रयाप्त है।

### कोडरमा घाटी में हाइवा पलटा, चालक और उप चालक घायल



**कोडरमा** : कोडरमा थाना क्षेत्र के कोडरमा घाटी में बीती रात गिट्टी लोड हाइवा के अनियंत्रित होकर पलट जाने से चालक और उप चालक घायल हो गए। घायल चालक की पहचान मुकेश यादव (उम्र 32 वर्ष, पिता मुंशी यादव, ग्राम इंदरवा बस्ती) एवं उपचालक सुरेंद्र यादव (उम्र 30 वर्ष, पिता बिरेंद्र यादव, डोमचांच) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार हाइवा वाहन में गिट्टी लोड करके वाहन डोमचांच से कोडरमा घाटी होते हुए बिहार की तरफ जा रही थी। इस दौरान कोडरमा घाटी में वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई जिसमें चालक और उप चालक घायल हो गए। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों की सहायता से दोनों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया गया।

## न्यूज फटाफट

### बीडीओ अरुणा कुमारी ने कटहाडीह मतदान केंद्र का निरीक्षण किया



**जयनगर** : प्रखंड के सहायक निर्वाचक पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी जयनगर अरुणा कुमारी ने हाउस टू रोल सत्यापन किया। सबसे पहले ग्राम पंचायत कटहाडीह के मतदान केंद्र संख्या 51 में हाउस टू रोल सत्यापन में कलीम खान, जमाल खान, मोहम्मद फरमान खान, कृष्णा लाल मोदी, मुमताज खान, जीनत परवीन कुल 6 घरों का सत्यापन किया। बताते चलें कि 6 घरों में कुल 3 लोग फॉर्म 6 भरने के योग्य पाए गए। उपस्थित बीएलओ अनीता देवी को निर्देश दिया गया कि हाउस टू हाउस निरीक्षण के समय ही सभी प्रकार के फॉर्म ऑनलाइन भरे। वहीं मतदान केंद्र संख्या 52 हाउस टू रोल सत्यापन में कुल छात्रों का सत्यापन किया। जिसमें 2 फॉर्म भरने योग्य पाए गए। उपस्थित बीएलओ रिहाना फातमा को सभी प्रकार के फॉर्म ऑनलाइन भरने का निर्देश दिया गया। इसी दौरान मतदान केंद्र संख्या 50, 51, 52 एवं 53 का भौतिक सत्यापन किया गया। ए एम एफ का सत्यापन भी किया गया। भौतिक सत्यापन में सारी सुविधाएं संतोषजनक पाई गई। मौके पर प्रभारी पंचायती राज पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

### ग्रामीणों ने रेलवे साइडिंग निर्माण का किया विरोध, निकाला मशाल जुलूस



**चतरा** : जिले के टंडवा प्रखंड क्षेत्र सेरेनदाग गांव के ग्रामीणों ने प्रस्तावित रेलवे साईडिंग के निर्माण कार्य के विरोध में मशाल जुलूस निकालकर विरोध जताया। इस दौरान ग्रामीणों ने रेलवे साइडिंग निर्माण को लेकर आयोजित होने वाली अनापत्ति व निर्माण कार्य की स्वीकृति को लेकर ग्रामसभा का भी जमकर विरोध किया। इस दौरान ग्रामीणों ने सीसीएल प्रबंधन के विरुद्ध जमकर नारेबाजी करते हुए सीसीएल प्रबंधन होश में आओ तुम्हारी मनमानी नहीं चलेगी रेलवे साइडिंग नहीं खुलेगा गरीबों का जमीन लूटना बंद करो सहित अन्य नारों के साथ पूरे चौक भर में मशाल जुलूस निकाला। गौरतलब है कि सेरेनदाग गांव में सीसीएल प्रबंधन के द्वारा कोयले के उठाव को लेकर रेलवे साइडिंग का निर्माण किया जाना है? जिसके भूमि अधिग्रहण को लेकर आयोजित ग्राम सभा का ग्रामीणों ने लगातार पांचवीं बार भी विरोध कर दिया है।

बिजली को चोरी कर जलाने वालों के विरुद्ध

### बिजली विभाग ने छापेमारी अभियान चलाकर 16 लोगों के काटे कनेक्शन



**राष्ट्रीय खबर**

**चतरा** : जिले के टंडवा थाना क्षेत्र के दुंदुवा गांव मैं अवैध तरीके से बिजली चोरी कर जलाने वाले लोगों के विरूद्ध बिजली विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए 16 बकायेदारों का कनेक्शन काटकर उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। विद्युत चोरी को लेकर विद्युत अभियंता हरिमोहन चौधरी के नेतृत्व में चलाए जा रहे स्पेशल ड्राइव के दौरान छापेमारी अभियान चलाकर यह कार्रवाई की गई है। इस दौरान विद्युत विभाग की टीम ने दुधवा गांव के हुलास यादव गोधन महतो कलिंदर महतो विजय मुंडा रामेश्वर महतो जगदेव महतो विनोद महतो जल कुमार तो कालेश्वर महतो मनोज महतो लुकन महतो बटेश्वर महतो बासुदेव महतो व मेघन महतो का कनेक्शन काटते हुए विद्युत चोरी अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई है।

धार्मिक स्थल पर असामाजिक तत्वों ने फेंका प्रतिबंधित मांस

## पर्चा छोड़ धार्मिक स्थल नहीं बनाने की दी चेतावनी



**राष्ट्रीय खबर**

**चतरा** : चतरा जिले के टंडवा थाना क्षेत्र के खरिका गांव से असामाजिक तत्वों द्वारा सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास किए जाने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। असामाजिक तत्वों ने गांव में निमार्णाधीन धार्मिक स्थल पर प्रतिबंधित गौ मांस को फेंककर सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास किया है। इसके साथ ही असामाजिक तत्वों ने धार्मिक स्थल पर धमकी भरा पर्चा भी छोड़ा है। जिसमें हिंदू समुदाय के लोगों को उक्त स्थल को धार्मिक अस्थल नहीं बनाने का चेतावनी दी है। पर्चे मे दिए गए धमकी को नहीं मानने पर इससे भी बड़ी घटना को अंजाम देने की चेतावनी दी गई है। गांव के धार्मिक स्थल में असामाजिक तत्वों के द्वारा प्रतिबंधित गौ मांस और धमकी भरे पर्चे को फेंके जाने के बाद गांव में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। वही मामले की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय जनप्रतिनिधि और बुद्धिजीवियों की मदद से मामले को शांत कराया है। इसके साथ ही पुलिस ने धार्मिक स्थल मे फेंके गए प्रतिबंधित गौ मांस और धमकी भरे पर्चे को बरामद कर सौहार्द बिगाड़ने में शामिल अपराधियों की धरपकड़ में जुटी हुई है। पुलिस इस पूरे मामले में कुछ भी कहने से बच रही है तो वही आक्रोशित हिंदू समुदाय के लोगों ने पुलिस प्रशासन से 24 घंटे के भीतर मामले में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग की है नही तो आंदोलन की चेतावनी दी है।

### मणिपुर में हुऐ आदिवासी लड़कियों के साथ दुष्कर्म का किया विरोध

**कुडू** : दुष्कर्मियों को फांसी की सजा देने की मांग आदिवासी समाज ने आक्रोश जताया,एवम मणिपुर में शांति बहाल करने का किया अपील राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा कुडू और आदिवासी छात्र संघ प्रखंड समिति कुडू के संयुक्त तत्वधान में शनिवार को राजी पड़हा भवन कुडू में मनीपुर राज्य में हुवे आदिवासी महिलों के साथ हुवे दुष्कर्म एवम वहां के दो समुदाय में चल रहे आपसी झगड़ा को ध्यान में रखा जाय और शांति बहाल किया जाय की मांग को लेकर आदिवासी छात्र संघ प्रखंड अध्यक्ष अवधेश उरांव के नेतृत्व में समाज के सैकड़ों महिला, पुरुषों के साथ बैठक किया गया एवम कहा आज मणिपुर में हो रहे आदिवासियों के साथ बर्बरता से समस्त आदिवासी समाज में आक्रोश है मणिपुर की सरकार के साथ साथ आज केंद्र की सरकार भी सोई हुवी है, न ही मीडिया कुछ बोल रहा है और न ही महिला आयोग आज जिस देश में महिलाओं को देवी का दर्जा दिया जाता है उसी देश में महिलाओं के साथ ऐसा कुरूरता जैसा व्यवहार किया गया ये घटना ये दशार्ता है को आज भारत के समस्त महिलाओं का अपमान है ,वहीं राजी पढ़्हा सरना प्रार्थना सभा कुडू के सचिव जतरू उरांव का कहना ही की ऐसी घटना से समाज काफी आहत है और मानवता धर्म कलिंकित करने वाली घटना घटी हैं।आज भारत का महामहिम आदिवासी राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू हैं और महिलाओं के साथ ऐसा घटना घट रहा है,मुख्य रूप से राजी पड़हा बेल-विजय उराँव,प्रार्थना सभा कुडू-शनि भगत,दुर्गा उराँव,महावीर उराँव,रविन्द्र उराँव,बना उराँव,सुनील मुंडा,शंकर उराँव,मीडिया प्रभारी -बिन्देश उराँव,अउर अमित कुजूर, दुबराज उराँव, अनिल उराँव, उस्थित रहें।

## अग्रवाल समाज की बैठक, जनसेवा के कार्य करने का लिया गया निर्णय



**राष्ट्रीय खबर**

**झुमरीतिलैया** : अग्रसेन भवन में अग्रवाल समाज की कार्यकरणी की बैठक हुई जिसमें समाज के कुल प्रवर्तक महाराजा अग्रसेन की जयंती पर विविध कार्यक्रम आयोजित करने पर चर्चा हुई। इस वर्ष आयोजित होने वाले कार्यक्रम में मैराथन दौड़, फुटबॉल मैच एवम विभिन्न स्कूलों में वाद-विवाद प्रतियोगिता एवम गोष्ठी जैसे कार्यक्रम आयोजित करने पर विचार विमर्श किया गया। समाज की जेनरल बैठक में इस मुद्दे पर स्वीकृति के बाद कार्यक्रम को कराने निर्णय लिया जाएगा। अध्यक्ष गोपी क?ष्ण अग्रवाल ने कहा कि महाराजा अग्रसेन जयंती को लेकर इस वर्ष समाज के लोगों के साथ-साथ अन्य लोगों को भी महाराजा अग्रसेन के सिद्धांतों एक रुपया एक ईंट जैसी प्रथा से भी अवगत कराना है। उन्होंने बताया कि समाजवाद के तहत अग्रोहा हरियाणा में जो लोग पहले बसते थे तो वहाँ के पुराने दुकानदार और गृह स्वामी एक रुपया नगद और एक ईंट देकर नए लोगों को बसाते थे। ताकि एक एक रुपये से वह व्यपार एक एक ईंट से मकान बनाता था। सचिव हिमांशु केडिया ने कहा कि समाज के द्वारा शिक्षा, खेल सहित अन्य गतिविधियों को बढ़ाने के लिए कार्य किये जायेंगे। श्री अग्रसेन भवन एक सेट नए बर्तन, गद्दे सभी रूम और हॉल को नए रूप से साज सज्जा करने का कार्य किया जाएगा। बैठक में कोषाध्यक्ष प्रदीप बंसल ने आय-व्यय का ब्योरा दिया और अग्रनिधि के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर उपाध्यक्ष राधेश्याम मोदी, सह सचिव अरविंद चौधरी, सदस्य संजय अग्रवाल, मनोज केडिया, अमित अग्रवाल उर्फ मंटू गुप्ता, प्रदीप हिसारिया, आयुष पोद्दार, संदीप हिसारिया, विपुल चौधरी आदि उपस्थित थे।

### भाकपा माले ब्रांच के सचिव बने मंसूर आलम, उप सचिव राजकिशोर



**राष्ट्रीय खबर**

**जयनगर** : प्रखंड में भाकपा माले जयनगर पश्चिमी जिला परिषद क्षेत्र के हिरोडीह में 11 सदस्य ब्रांच कमिटी का गठन किया। सर्वसम्मति से मंसूर आलम को ब्रांच सचिव और राजकिशोर यादव को ब्रांच उप सचिव चुना गया। बैठक में मुख्य रूप से भाकपा माले राज्य कमेटी सदस्य विजय पासवान, जिला कमेटी सदस्य मुन्ना यादव, असगर अंसारी उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता मशरुल होदा अंसारी ने किया। बैठक में देवेंद्र यादव, सरयू यादव, अजय पासवान, रंजीत पासवान, जानकी राणा, इस्लाम अंसारी, विजय पासवान, जगदीश पासवान, पार्वती देवी, केसिया देवी, झुनिया देवी, द्रोपदी देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

### शिक्षा ऋण पर ब्याज की दर घटायी जाय- आरके बसंत

**कोडरमा** : सूचना अधिकार मंच सचिव आरके बसंत ने उच्च शिक्षण संस्थानों में पढ़ाई हेतु शिक्षा ऋण पर बैंकों द्वारा 11 प्रतिशत ब्याज लिए जाने पर रोष प्रकट किया है। नियमित शिक्षा ऋण स्वीकृति उपरांत फीस हेतु निकाले गए रुपए पर 11 प्रतिशत की दर से ब्याज शुरू हो जाता है, जिसे नहीं देने पर चक्रवृद्धि ब्याज लगता है। पढ़ाई समाप्ति के 1 वर्ष उपरांत चक्रवृद्धि ब्याज सहित पूरा रुपया किस्त के रूप में देना होता है। इस तरह आकलन करने पर यह रकम दोगुना हो जाता है। नौकरी पाने उपरांत आधी उम्र तो बैंक का किस्त देते बीत जायेगी। इस कारण बहुत से बच्चे शिक्षा ऋण लेने में असमर्थ रहते हैं और उच्च शिक्षा पाना उनका सपना बन जाता है।

### गुमो सतपुलिया के पास चाकू की नोक पर दो युवकों से लूटपाट

**झुमरीतिलैया** : तिलैया थाना क्षेत्र के गुमो सतपुलिया के समीप बाइक सवार दो युवकों को अगवा कर मारपीट और छीनतई के मामले को लेकर चंदवारा के ढाब निवासी धीरेंद्र कुमार ने पुलिस को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। धीरेंद्र ने बताया कि वह रात करीब 9 बजे अपने एक परिजन को कोडरमा रेलवे स्टेशन छोड़ने के बाद अपने दोस्त नागेंद्र यादव के साथ वापस घर लौट रहे थे। इस दौरान गुमो सतपुलिया के पास एक स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल से सवार दो नकाबपोश युवकों ने चाकू का भय दिखाकर उनकी गाड़ी को रोकने का प्रयास किया जब वह भागने लगे तो बाइक सवार दोनों युवकों ने उसका पीछा कर दोनों को गझंड़ी रोड की तरफ ले गए और बेल्ट से मारपीट करते हुए 9 हजार नगद और मोबाइल छीन लिया। इसके बाद दोनों युवक फोन-पे से पैसा ट्रांसफर करने का दबाव देते हुए मारपीट करने लगे। जिसके बाद दो बार में पाँच-पाँच सौ सोनू सिंह नाम के एक युवक के अकाउंट में ट्रांसफर कराया। इसके बाद दोनों किसी तरह उनके चंगुल से भागकर घर पहुंचे और घटना की जानकारी अपने परिजनों को दिया। धीरेंद्र कुमार ने बताया कि इसके बाद शुक्रवार को उन लोगों ने अपने स्तर से सोनू सिंह की खोजबीन की तो वह गुमो में एक किराना दुकान का संचालक निकला जो ऑनलाइन पैसे निकासी और जमा करने का भी काम करता है। दो अज्ञात युवकों के द्वारा उनके नंबर पर भेजे गए रुपए के संबंध में जब पूछताछ किया गया तो युवकों का नाम सागर सिंह पिता स्व सतीश सिंह और नीरज शर्मा गुमो निवासी बताया गया। इसके बाद धीरेंद्र ने तिलैया थाना में आवेदन देकर घटना को अंजाम देने वाले दोनों युवकों पर कार्रवाई की मांग की है।

**मंदिर प्रवेश**

प्रखंड के घोडसीमर मंदिर परिसर में रविवार को

## सुभाष यादव ने महिलाओं एवं पुरुषों का पैर पूजन किया



**राष्ट्रीय खबर**

**सतगावां** : प्रखंड के घोडसीमर मंदिर परिसर में रविवार को सुभाष यादव ने पूजा अर्चना कर उपस्थित महिलाओं एवं पुरुषों का तिलक लगाकर व पूजा कर वस्त्र दिए। उपस्थित महिलाओं एवं कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज भाजपा की सरकार रहने के कारण देश में भूख, भय, भ्रष्टाचार चरम सीमा पर कर गई है। उन्होंने यह भी कहा कि महादलित लोगों को भाजपा के द्वारा मंदिर में प्रवेश करने नहीं दिया जाता हैं।

2014 में नरेंद्र मोदी कहा था कि काला धन लाएंगे गरीब को जन धन योजना का खाता खुलवाया और गरीब के खाते पर जमा पैसा भी गायब हो गया और आज तक काला धन गरीब के खाता तक नहीं पहुंचा। सब्सिडी का पैसा भी आना बंद हो गया और गैस की कीमत 4 गुना बढ़ गई। उन्होंने मणिपुर की घटना की कड़ी निंदा की और कहा कि यहां डबल इंजन सरकार रहने के कारण यह घटना घटी है इसका दोषी डबल इंजन सरकार हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आज कोडरमा लोकसभा और विधानसभा में महिला है तो फिर भी महिलाओं पर अत्याचार हो रहा है। पीड़ित महिलाओं की आवाज कोई नहीं उठाती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि लालू यादव को साजिश के तहत जेल भेजा गया था।

लालू जी का सपना है कि सतगावां, कोडरमा के अलावा झारखंड में भी राष्ट्रीय जनता दल बहुमत मे हो और अपना सरकार बनाए। इस मंच के माध्यम से कहना चाहता हूं कि राष्ट्रीय जनता दल लोगों के दुख दर्द को दूर करेगा। चुनाव के समय मेरा नामांकन रद्द हो गया था फिर भी मैं बबलू यादव की रैली में शहनाई बजाया था। आज जनता के आशीर्वाद से आने वाले चुनाव में राजद भाजपा को मुंह तोड़ जवाब देगी और आने वाले समय में सतगावां ही नहीं पूरा कोडरमा झारखंड मे राष्ट्रीय जनता दल की सरकार होगी। जनता के आशीर्वाद से पूरे झारखंड मे लानटेन जलेगी जिसकी रोशनी से कमल फूल मुरझा जाएगा। कार्यक्रम को जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव, सरयू यादव, मथुरा यादव, अशोक यादव, बिनोद यादव, शिवालक यादव, उपेंद्र यादव आदि ने भी संबोधित किया।

**न्यूज फटाफट**

### सात्विक-चिराग बने कोरिया ओपन चैंपियन



**योओसु :** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने रविवार को इंडोनेशिया के शीर्ष वरीयता प्राप्त फजर अल्फियान और रियान आर्दियंतो को हराकर कोरिया ओपन 2023 का खिताब जीत लिया। भारतीय प्रतिभाओं ने विश्व की नंबर एक इंडोनेशियाई जोड़ी के खिलाफ अपना उत्कृष्टम प्रदर्शन करते हुए एक घंटे दो मिनट में 17-21, 21-13, 21-14 से जीत दर्ज की। पहला गेम एकतरफा रूप से 17-21 से हारने के बाद भारतीय युगल ने दूसरे गेम में बेहतर अनुशासन दिखाया। मुकाबले में 6-6 की बराबरी होने पर सात्विक-चिराग ने दो पॉइंट की महत्वपूर्ण लीड ले ली, जिसे उन्होंने ब्रेक तक बरकरार रखा। ब्रेक के बाद सात्विक और चिराग तेज़ी से 15-11 की बढ़त पर पहुंच गये और जल्द ही नौ गेम पॉइंट अर्जित कर लिये। इंडोनेशियाई युगल ने दो पॉइंट स्कोर करते हुए वापसी का प्रयास किया लेकिन अपने भारतीय प्रतिद्वंदियों को दूसरा गेम 21-13 से जीतने से नहीं रोक सके। तीसरे गेम में भारतीय जोड़ी ने शानदार नियंत्रण दिखाते हुए 7-3 की बढ़त बनाकर अल्फियान-आर्दियंतो पर दबाव बनाया और ब्रेक तक तीन अंक की बढ़त बरकरार रखी। भारतीय जोड़ी इसके बाद आक्रामक रही और विश्व की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी को वापसी का मौका नहीं दिया। ब्रेक के बाद चिराग के चौकस बचाव ने 13-10 पर भारत की तीन अंक की बढ़त बरकरार रखी। भारतीय प्रतिभागी जब 18-12 से आगे थे तब अल्फियान ने एक दर्शनीय रिटर्न से एक पॉइंट अर्जित किया लेकिन कुछ देर बाद नेट में शॉट खेलते हुए भारत को 20-13 पर सात चैंपियनशिप पॉइंट दे दिये। सात्विक-चिराग ने जीत से पहले एक अप्रत्याशित गलती की, हालांकि यह कुछ देर के लिये ही भारत की जीत को टाल सका।

### स्टेफानी वान डर ग्राट के गोल की बदौलत नीदरलैंड ने पुर्तगाल को 1-0 से हराया



**डुनेडिन :** स्टेफानी वान डर ग्राट के 13वें मिनट में हेडर से किये गये गोल की बदौलत नीदरलैंड ने महिला फुटबॉल विश्व कप में पुर्तगाल पर 1-0 से जीत हासिल की। स्टेफानी की योजना विश्व कप के बाद संन्यास लेने की है, इस 30 साल की खिलाड़ी का यह टूनार्मेंट का सबसे तेज गोल भी था। ग्रुप ई में अब नीदरलैंड का सामना गुरुवार को वेलिंगटन में अमेरिका से होगा। पुर्तगाल की टीम वियतनाम के सामने होगी।

### कार्लोस अल्करेज की होपमैन कप में एक और जीत



**नीस :** विंबलडन चैंपियन कार्लोस अल्करेज ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए होपमैन कप टेनिस टूनार्मेंट में क्रोएशिया के विश्व में 15वें नंबर के खिलाड़ी बोर्ना कोरिच को 6-3, 6-7(6) 10-5 से हराया। स्पेन के शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी अल्करेज ने विंबलडन फाइनल में नोवाक जोकोविच को पांच सेट तक चले कड़े मैच में हराया था। कोरिच के खिलाफ शनिवार को खेले गए मैच में उन्होंने दो ब्रेक प्वाइंट बचाए।यह अल्करेज की लगातार दूसरी जीत है। उन्होंने शुक्रवार को बेल्जियम के डेविड गॉफिन को हराया था। अल्करेज ने रेबेका मसारोवा के साथ मिलकर युगल मैच भी खेला लेकिन वह कोरिच और डोना वेकिच से 1-6, 6-4, 14-12 से हार गए।

**क्रिकेट** मैच अधिकारी ने कहा, 'स्टम्प पर बैट मारना' फिर अंपायर से बहस की

# अब भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर को मिल सकती है ये सजा!

- तीसरा वनडे मैच काफी विवादों वाला रहा
- भारतीय टीम भी आखिर में 225 रन बनाकर ऑलआउट हुई

**एजेंसियां**

**नई दिल्ली:** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने हाल ही में बांग्लादेश दौरे पर तीन वनडे मैचों की सीरीज खेली। यह सीरीज काफी रोमांचक और विवादों वाली भी रही है। तीसरा वनडे मैच काफी विवादों वाला रहा, जिसमें भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर को छइह आउट देना भी विवादास्पद ही रहा। इसी दौरान हरमन ने गुस्से में स्टम्प पर बैट मारा और अंपायर से भी बहस की। अब इसको लेकर हरमन पर बड़ा जुमार्ना लग सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, एक मैच अधिकारी ने बताया है कि हरमनप्रीत कौर पर मैच फीस का 75 प्रतिशत तक जुमार्ना लग सकता है। उन्होंने कहा कि यह नियमों के लेवल-2 का उल्लंघन है, जो मैदान पर खिलाड़ियों के व्यवहार से संबंधित है।

मैच अधिकारी ने कहा, 'मैदान पर जो घटना (स्टम्प पर बैट मारना) हुई, उसके लिए उन पर (हरमनप्रीत) मैच फीस का 50 प्रतिशत तक जुमार्ना लगाया जाएगा। जबकि मैच के बाद प्रेजेंटेशन के दौरान हरमन ने अंपायर पर कुछ आरोप लगाए थे। उसके लिए उन पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुमार्ना लगाया जाएगा।

### मैच के बाद हरमनप्रीत ने की टिप्पणी

इतना ही नहीं, बल्कि हरमन को 3 डीमैरिट पॉइंट भी मिल सकते हैं। इसमें दो पॉइंट उनके मैदान पर किए गए व्यवहार को लेकर होंगे। जबकि उन्होंने मैच के बाद अंपायर पर जो आरोप लगाए हैं, उसके लिए उन्हें एक डीमैरिट पॉइंट मिलेगा। कहानी यहीं खत्म नहीं हुई।बताया गया है कि हरमन ने कुछ ऐसी टिप्पणियां भी की थीं, जिसके कारण बांग्लादेश टीम की कप्तान निगार सुल्ताना को ऑफिशियल फोटो सेशन के दौरान पीछे हटना पड़ा था।



### हरमन को अंपायर ने दिया एलबीडब्लयू आउट

दरअसल तीसरे वनडे मैच में बांग्लादेश टीम ने पहले बैटिंग करते हुए 225 रन का स्कोर बनाया था। इसके बाद टारगेट का पीछा करते हुए भारतीय टीम की बैटिंग शुरूआत खास नहीं रही थी, मगर टीम संभल गई थी। लेकिन 34वें ओवर में हरमनप्रीत के रूप में टीम को चौथा बड़ा झटका लगा था।

34वें ओवर की चौथी बॉल पर हरमनप्रीत ने नाहिदा अख्तर के गेंद पर स्वीप शॉट खेलने की कोशिश की थी, लेकिन वह मिस कर गईं। ऐसे में बांग्लादेशी प्लेयर्स ने उनके खिलाफ छइह आउट की अपील, जिस पर अंपायर ने बगैर देरी किए उन्हें आउट करार दिया।

### विकेट के बाद नहीं संभल सकी टीम इंडिया

इस दौरान हरमन कहती रही की गेंद बैट से लगी है, लेकिन अंपायर ने जल्दबाजी में आउट करार दिया। बड़ी बात ये है कि अंपायर ने हरमन के कैच होने तक का भी इंतजार नहीं किया। समझने वाली बात ये है कि उस बॉल पर हरमन कैच आउट हो सकती थीं, लेकिन अंपायर ने उन्हें छइह आउट ही दे दिया। इतनी खराब अंपायरिंग से निराश हरमन ने बल्ले को स्टम्प पर दे मारा।

हरमन के आउट होते ही लगातार विकेट गिरने लगे और भारतीय टीम संभल नहीं सकी। भारतीय टीम भी आखिर में 225 रन बनाकर ऑलआउट हुई और यह मुकाबला टाई हो गया। मैच में 77 रन बनाने वाली हरलीन देओल को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

भारत - वेस्टइंडीज दूसरे टेस्ट मैच : वेस्टइंडीज ने तीसरे दिन दिखाया दम

## धीमी पिच पर कमाल नहीं कर सके भारतीय गेंदबाज

**एजेंसियां**

**नई दिल्ली:** भारत और वेस्टइंडीज के बीच पोर्ट ऑफ स्पेन टेस्ट मैच में तीसरे दिन (22 जुलाई) का खेल समाप्त हो चुका है। स्टम्प के समय तक वेस्टइंडीज ने अपनी पहली पारी में पांच विकेट पर 229 रन बना लिए थे। एलिक अथानाज 37 और जेसन होल्डर 11 रन बनाकर नाबाद लौटे। पहली पारी के आधार पर वेस्टइंडीज अब भी भारत से 209 रन पीछे है। विराट कोहली के 121 रनों की मदद से टीम इंडिया ने पहली इनिंग्स में 438 रनों का स्कोर खड़ा किया था।तीसरे दिन के खेल में वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों ने अच्छी बल्लेबाजी की और उन्होंने जल्दबाजी में अपने विकेट नहीं फेंके। इसके साथ पिच से भी भारतीय स्पिनरों और तेज गेंदबाजों को कोई खास मदद नहीं मिली, जिसने मेजबान टीम का काम आसान कर दिया। रवींद्र जडेजा, आर। अश्विन, मोहम्मद सिराज और मुकेश कुमार तीसरे दिन के खेल में 1-1 विकेट ही ले सके। वहीं बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट को एक भी सफलता हासिल नहीं हो पाई।तीसरे दिन वेस्टइंडीज ने एक विकेट पर 86 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। दिन के पहले सत्र में मेजबान टीम के कप्तान क्रेग ब्रेथवेट ने जबरदस्त बैटिंग की। दिन की शुरूआत 37 रन से करने वाले ब्रेथवेट ने अपनी पारी को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ाया। ब्रेथवेट किसी भी गेंदबाज से परेशान नहीं दिखे जिससे उन्होंने सुबह के सत्र में 10 के करीब ओवर के दौरान 31 से ज्यादा रन जोड़े। इस दौरान पदापर्ण मैच खेल रहे किर्क मैकेंजी ने ब्रेथवेट का अच्छा साथ निभाया। मैकेंजी चार चौके और एक सिक्स लगाकर अच्छी लय में दिख रहे थे, लेकिन वह अपनी पारी आगे नहीं बढ़ा पाए।मैकेंजी (57 गेंद में 32 रन) को डेब्यू मुकाबला खेल रहे मुकेश कुमार ने फुल लेंथ गेंद पर आउट किया। गेंद उनके बल्ले का बाहरी किनारे लेते हुए विकेटकीपर ईशान किशन के दस्तानों में चली गई। मुकेश कुमार के इंटरनेशनल करियर का यह पहला विकेट रहा। मैकेंजी के आउट होने के तुरंत बाद बारिश आ गई, जिसके चलते खेल को रोकना पड़ा।



## थिरिमाने ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा

**एजेंसियां**

**कोलंबो:** श्रीलंका के वामहस्त बल्लेबाज लाहिरू थिरिमाने ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। अपने 13 साल के करियर में 44 टेस्ट, 127 एकदविसीय और 26 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके थिरिमाने ने शनिवार को अपने फेसबुक पेज पर इसकी घोषणा की। थिरिमाने ने अपने फेसबुक पेज पर लिखा, एक खिलाड़ी के रूप में मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया है, मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया है, मैंने खेल का सम्मान किया है और मैंने अपनी मातृभूमि के प्रति ईमानदारी और नैतिक रूप से अपना कर्तव्य निभाया है। उन्होंने कहा, यह निर्णय लेना मुश्किल था, लेकिन मैं यहां उन कई कारणों का जिक्र नहीं कर सकता, जिन्होंने मुझे यह फैसला लेने के लिये मजबूर किया। मैं इस अवसर पर एसएलसी (श्रीलंका क्रिकेट) के सदस्यों, मेरे कोचों, टीम के साथियों, फिजियो, प्रशिक्षकों और विश्लेषकों को उनके समर्थन एवं प्रोत्साहन के लिये धन्यवाद देता हूं। थिरिमाने ने मीरपुर में 2010 में भारत के खिलाफ त्रिकोणीय एकदिवसीय शृंखला में अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत की।



## बच्चों को अपने फैसले लेने की आजादी होनी चाहिये : काजोल



एजेंसियां

मुंबईः बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल का कहना है कि बच्चों को अपने फैसले लेने की आजादी होनी चाहिये। काजोल ने पेरेंट्स डे के अवसर पर अपने बच्चों युग और नीसा के बारे में बात की। काजोल ने कहा कि बच्चों को समय-समय पर अकेले रहने देना महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे उन्हें जिम्मेदार वयस्क बनने में मदद मिलेगी। काजोल ने कहा, मेरा हमेशा से मानना रहा है कि हर किसी को अपने फैसले लेने की आजादी होनी चाहिए। मेरा यह मानना है कि समय-समय पर बच्चों को उनके साथ रहने देना चहिए, क्योंकि इससे उन्हें जिम्मेदार वयस्क बनने में मदद मिलेगी। एक मां के रूप में, मैंने उन्हें सही और गलत के बारे में मार्गदर्शन दिया है।हालांकि मैं किसी भी मामले में उनका समर्थन करने के लिए हमेशा मौजूद हूं।

## फिल्म जवान से विजय सेतुपति का नया लुक रिलीज



**एजेंसियां**

**मुंबईः** दक्षिण भारतीय अभिनेता विजय सेतुपति की आने वाली फिल्म जवान से उनका नया लुक रिलीज हो गया है। दक्षिण भारतीय निर्देशक एटली की आने वाली फिल्म जवान में शाहरूख खान की मुख्य भूमिका है। फिल्म 'जवान' के निर्माताओं ने विजय सेतुपति का एक नया पोस्टर जारी किया है। रेड चिलीज एंटरटेनमेंट द्वारा साझा किए गए पोस्ट में विजय की 'उग्र' आंखों के साथ एक दिलचस्प टीजर पोस्टर साझा किया गया है। ट्विटर हैंडल पर कैप्शन में लिखा हुआ है , ''वह आपको करीब से देख रहा है, उससे सावधान रहें।'' हैशटैग 'जवान।'' फिल्म जवान 07 सितंबर को रिलीज होगी। जवान हिंदी के साथ तमिल और तेलुगु में भी रिलीज होगी।

### 25 अगस्त को रिलीज होगी लव-ऑल

**मुंबई :** महेश भट्ट, पुलेला गोपीचन्द एवं आनंद पंडित प्रेजेंट्स फिल्म लव- ऑल 25 अगस्त को रिलीज होगी। फिल्म लव-ऑल का का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। लव-ऑल में के के मेनन मुख्य भूमिका में नज़र आएंगे । इस फिल्म को सुधांशु शर्मा के प्रोडक्शन हाउस फिल्म आर्ट प्रोडक्शन्स के बैनर तले बनाया गया है। फिल्म लव - ऑल के लेखक , निर्माता एवं निर्देशकसुधांशु शर्मा हैं। फिल्म लव-ऑल को आगामी 25 अगस्त को एम रमेश की लक्ष्मी गणपति फिल्म स्टूडियो वर्ल्डवाइड रिलीज़ कर रही है। फिल्म लव-ऑल को हिंदी, अंग्रेजी, तमिल , तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में एक साथ रिलीज़ किया जाएगा । फिल्म लव - ऑल के सह निर्माता मनीष सिंघल, दिलीप सोनी जायसवाल, राहुल वी दुबे संजय सिंह हैं।

## मुनव्वर ने अपने एल्बम मदारी के गाना काजल का म्यूजिक वीडियो रिलीज किया

**एजेंसियां**



**मुंबईः** गायक-गीतकार मुनव्वर ने अपने एल्बम मदारी के गाना काजल का म्यूजिक वीडियो रिलीज कर दिया है। काजल गाना को मनाली के सुरम्य स्थानों पर फिल्माया गया है।गाने के बारे में बात करते हुए मुनव्वर ने कहा, काजल मेरे फैंस के सबसे पसंदीदा गानों में से एक रहा है, इसलिए यह म्यूजिक वीडियो मेरी ओर से उन सभी के लिए एक तोहफा है। एल्बम के सभी ट्रैक में से यह गाना मेरे सबसे करीब है, इसलिए इसके प्रति मेरा थोड़ा पूर्वाग्रह है। हमने मनाली में गाने की शूटिंग में भी बहुत अच्छा समय बिताया और पूरी टीम के लिए यह एक यादगार शूट था। काजल का निर्माण करण कंचन द्वारा किया गया है और मुनव्वर और चरण द्वारा लिखित, गाया और संगीतबद्ध किया गया है।

## कालकूट के लिये एसिड अटैक सर्वाइवर के मेकअप में खुद को देखकर भावुक हुयी श्वेता त्रिपाठी



**एजेंसियां**

**मुंबईः** बॉलीवुड अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी का कहना है कि वह कालकूट के लिये एसिड अटैक सर्वाइवर के मेकअप में खुद को देखकर भावुक हो गयी। श्वेता त्रिपाठी ने फिल्म कालकूट में एसिड अटैक सर्वाइवर की भूमिका निभायी है। श्वेता त्रिपाठी का कहना है कि कालकूट के लिए पहली बार एसिड अटैक का मेकअप करवाते समय वह भावुक हो गयी और उनकी आंखों में आंसू आ गये।

श्वेता त्रिपाठी ने बताया, मैंने एक एसिड अटैक सर्वाइवर की भूमिका निभाई है। मेकअप टेस्ट के दौरान, खुद को सर्वाइवर के रूप में देखकर मैं उनके दर्द को दिल से महसूस कर पाई।भावनाएं मुझ पर हावी हो गईं, और आंसू खुलकर बहने लगे। मैं पूरी टीम के अटूट धैर्य, समर्थन और मुझ पर विश्वास के लिए उनकी दिल से सराहना करना चाहूंगी। यह आपका समर्पण और मेरी क्षमताओं में विश्वास है जिसने मुझे इस किरदार की गहराई में जानने और उनकी कहानी को जीवंत करने का मौका दिया। कालकूट का निर्देशन सुमित सक्सेना ने किया है। कालकूट में विजय वर्मा, श्वेता त्रिपाठी, सीमा बिस्वास, यशपाल शर्मा और गोपाल दत्त अहम भूमिका में नजर आ रहे हैं। कालकूट 27 जुलाई को जियो सिनेमा पर स्ट्रीम होगा।

## 15 दिवसीय निशुल्क अभिनय कार्यशाला

रांचीः झारखंड की जानी मानी नाट्य संस्था नाट्यालय के द्वारा क्लास 3 से 7 तक के सभी छात्र-छात्राओं के लिए 15 दिवसीय निशुल्क अभिनय कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। पहले दिन 21 बच्चों ने भाग लिया। नाट्यालय के शिक्षक आयुषी भद्रा, सुकंठ ठाकुर के द्वारा कार्यशाला में बच्चों को सिंहगर्जती, हिरण्यचाली, हास्यवेदन के क्रियाकलापों के द्वारा आंगिक एवं सात्विक अभिनय की शिक्षा दी गई।

**मौसम** राजधानी रांची में पिछले कुछ दिनों से रुक- रुक कर बारिश

# झारखंड में मानसून सक्रिय, मौसम विभाग ने 29 तक जारी किया अलर्ट

राष्ट्रीय खबर



**रांची :** झारखंड की राजधानी रांची में पिछले कुछ दिनों से रुक-रुक कर बारिश हो रही है। तेज हवा के साथ हलकी बारिश हो रही है। 27 जुलाई तक राज्य में इसी तरह का मौसम बना रहेगा। राजधानी रांची समेत पश्चिम सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, बोकारो, हाजारीबाग, रामगढ़, खुंटी, सरायकोला समेत अन्य जिलों में रुक-रूककर बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने बताया है कि 27 जुलाई को राज्य में कहींकहीं गरज के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना है शुक्रवार को राजधानी रांची में नौ मिमी के आसपास बारिश दर्ज की गयी है। जमशेदपुर में बारिश लगभग 15 मिमी रही।

पूर्वी सिंहभूम जिले के कुछ भागों में अगले एक से तीन घंटे में हल्के दर्ज की मेघ गर्जन के साथ बारिश होने की संभावना जाहिर की गयी है। रांची में भी आसमान में बादल नजर आ रहे हैं। इसके साथ ही धनबाद, गिरिडीह, गुमला, जामताड़ा एवं रामगढ़ जिले के कुछ भागों में गरज के साथ बारिश की संभावना जाहिर की गयी है। इन इलाकों में वज्रपात की भी संभावना है जिसे लेकर मौसम विभाग ने सतर्क रहने की अपील की है। बंगाल की खाड़ी में एक बार फिर निम्न दबाव वाला क्षेत्र बना है। इससे झारखंड को ज्यादा फायदा नहीं होगा लेकिन शुक्रवार व शनिवार को कुछ इलाकों में गर्जन के साथ दोपहर के बाद बारिश की संभावना है।

मौसम विभाग ने इस दौरान तेज हवा चलने की संभावना जतायी है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने मौसम के एक बार फिर कमजोर होने की बात कही है। साइक्लोनिक सकुर्लेशन आंध्र प्रदेश और ओडिशा इलाके से गुजर रहा है। झारखंड से दूर रहने के कारण इसका भी खास फायदा नहीं मिल रहा है। झारखंड में औसत से कम बारिश होने की वजह से खेतों में लगे बिछड़ा और छींटा दोंनो खराब होने शुरू हो रहे हैं। कई जगहों पर खेतों में ठीक से नमी तक नहीं आयी है। राज्य सरकार कृषि विभाग ने भी जिला से रिपॉर्ट मांगी है।

भारतीय मौसम विभाग ने 15 जुलाई के बाद वर्षा का अनुमान लगाया था लेकिन मौसम ने ऐसी करवट ली की बारिश कम हुई। दरअसल, लंबे समय के बाद झारखंड में मानसून सक्रिय हुआ है। इसी वजह से बारिश हो रही है। संताल परगना में यह ज्यादा सक्रिय रहा। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि पूरे राज्य में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो रही है। मौसम अभी इसी तरह बना रहेगा। काले बादल छाये रहेगे। रूक-रूककर बारिश होते रहेगी। 29 जुलाई तक राज्य में मौसम इसी तरह रहेगा। कहीं-कहीं हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होती रहेगी।

## फल, फूलों और सब्जियों को भी फसल बीमा के दायरे में लाने की तैयारी

राष्ट्रीय खबर



**रांची :** राज्य में फल, फूलों और सब्जियों को भी फसल बीमा के दायरे में लाने की कवायद है। इसके लिए उद्यान निदेशालय के स्तर से कृषि विभाग को लेटर लिखा गया है। उद्यान निदेशक नेसार अहमद ने विभागीय निदेशक से कहा है कि इस साल 27 जून को रांची में किसान संवाद प्रोग्राम आयोजित हुआ था। झारखंड किसान महासभा ने कृषि, उद्यानिक फसलों के संबंध में कई जरूरी सुझाव दिए। उद्यानिक फसलों (फूल, फल, सब्जी) को भी कृषि फसलों की तरह फसल बीमा के दायरे में लाने को कहा। बीमा निर्धारण के लिए 4 सदस्यीय कमिटी बने। इसमें प्रगतिशील किसानों को भी शामिल करें। इसके अलावा राज्य में फसल बीमा की बकाया राशि के भुगतान के लिए भी आग्रह हुआ है। राज्य में ऑर्गेनिक और लॉजिस्टिक पॉलिसी बनाने, ब्रांडेड कंपनी की कीटनाशक दवाएं किसानों में बांटने सहित कई बिंदुओं पर विचार आया है। नेसार अहमद ने विभाग से किसानों से मिली राय पर अग्रेत्तर कार्रवाई करने की अपील भी की है।नेसार अहमद के मुताबिक राज्य में मिलेट अथॉरिटी ऑफ झारखंड के गठन का सुझाव किसानों के जरिये आया है। किसानों को प्रोत्साहित करने को मिलेट के बीज स्थानीय स्तर पर खरीद कर किसानों को आपूर्ति करने की भी सलाह है। धान बीज के वितरण के लिए विशेष अभियान चले। कृषकों को बीज की खरीद के लिए अनुदान की राशि डीबीटी के माध्यम से मिले। धान बीज की खरीद में स्थानीय बीज को प्राथमिकता मिले। खाद की कालाबाजारी रूके। हर जिले में खाद एवं बीज के स्टॉकिस्ट को चिन्हित करें। एक विशेष पोर्टल विकसित हो। कुसुम योजना का व्यापक प्रचार प्रसार हो। सिंचाई एवं जलस्रोत की व्यवस्था की जाए। राज्य की ज्यादातर मिट्टी (मृदा) अम्लीय प्रवृत्ति की है। ऐसे में समय समय पर उनकी जांच करायी जाए। इसके अलावा उदयान निदेशालय ने आइसीएआर प्लांडू, रांची के प्रमुख को लेटर लिखकर लत्तेदार सब्जियों की खेती के लिए स्टेकिंग एवं फेंसिंग के प्रावधान के संबंध में सहयोग मांगा है। कहा है कि ऐसी सब्जियों की खेती के लिए स्टैकिंग (टाल लगाना) और फेंसिंग (बाड़ लगाना) की योजना पर प्रति एक-ड़ अनुमानित लागत एवं तकनीकी मापदंड का प्राक्कलन उपलब्ध कराएं। झारखंड राज्य विपणन पर्षद, झारखंड के एमडी को लिखी चिट्ठी में उद्यान निदेशालय ने किसान संवाद कार्यक्रम में मिले सुझावों के आधार पर कहा है कि एपीएमसी की व्यवस्थागत खामियों में सुधार करें।

## भगवान बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान में झारखंड आदिवासी महोत्सव का आयोजन 9 अगस्त को

राष्ट्रीय खबर



**रांची :** विश्व आदिवासी दिवस पर आयोजित किए जाने वाला दो दिवसीय राष्ट्रीय स्तरीय कार्यक्रम ह्लझारखंड आदिवासी महोत्सव-2023ह्व जेल चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान सह संग्रहालय में आयोजित किया जाएगा। झारखंड आदिवासी महोत्सव-2023? की तैयारी को लेकर माननीय मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे ने उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा एवं अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। प्रदर्शनी, फूड कोर्ट, पार्किंग, वीआईपी लाउंज, लाइट एंड साउंड शो, फिल्म फेस्टिवल, सेमिनार आदि के लिए उपयुक्त स्थल हेतु निरीक्षण करते हुए विनय कुमार चौबे ने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिए।

आपको बताएं कि झारखंड के समृद्ध जनजातीय जीवन दर्शन की खूबसूरती को देश-दुनिया में अलग पहचान दिलाने के लिए पिछले वर्ष विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर पहली बार झारखंड आदिवासी महोत्सव का आयोजन हुआ था। इस वर्ष झारखंड आदिवासी महोत्सव को और भी वृहद स्तर पर भव्य तरीके से मनाया जाएगा। ट्राईबल रिसर्च इंस्टीट्यूट के द्वारा सेमिनार, पैनल डिस्कशन, ट्राईबल फिल्म फेस्टिवल, ट्राइबल फूड्स फेस्टिवल और पेंटिंग एग्जीबिशन का आयोजन किया जाएगा। इसमें देशभर के ख्याति प्राप्त आदिवासी साहित्यकार, विशेषज्ञ, इतिहासकार आदि शामिल होंगे। कल्चरल प्रोग्राम के तहत गीत, नृत्य, इंस्ट्रुमेंटल परफॉर्मेंस, नेशनल और इंटरनेशनल बैंड के कार्यक्रम होंगे। इन कार्यक्रमों में विभिन्न राज्यों के जनजातीय कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। इसके अलावा यूथ आईकॉन भी आमंत्रित किए जाएंगे।

महोत्सव में हॉकी, फुटबॉल, एथलेटिक और तीरंदाजी की प्रतियोगिताएं भी होंगी। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को नकद पुरस्कार राशि देकर पुरस्कृत किया जाएगा।

महोत्सव में ट्राइबल सेलिब्रिटीज भी आमंत्रित किए जाएंगे। इनमें फेमिना मिस इंडिया रिया तिर्की, क्वीन ऑफ इंटरनेशनल टूरिज्म एंजल मेरिना तिर्की, अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर मेरीकॉम, पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी एवं हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की और अंतरराष्ट्रीय तीरंदाज कोमालिका बारी को आमंत्रित किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल के निरीक्षण के दौरान आदिवासी कल्याण आयुक्त लोकेश मिश्रा, अपर सचिव अजय नाथ झा, टीआरआई निदेशक रणेन्द्र कुमार , जुडको के डिप्टी डायरेक्टर उत्कर्ष मिश्र एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### रिम्स से फरार हुई महिला पुराना इमरजेंसी के पास से पकड़ी गयी



**रांची :** गोली लगने से घायल लातेहार की रहने वाली महिला को रिम्स के पुराना इमरजेंसी के पास से पकड़ा गया। इसके बाद उसे रिम्स के हृदय रोग विभाग के पांचवे तल्ले में भर्ती कराया गया है। गौरतलब है कि विनीता कुमारी को रांची के कटहल मोड़ के पास अपराधियों ने गोली मारी थी। जिसके बाद शुक्रवार देर रात महिला को रिम्स ईएनटी यूनिट में भर्ती कराया गया था। लेकिन शनिवार देर शाम वह वहां से फरार हो गयी थी। जिसके बाद पुलिस महिला की तलाश में जुटी थी। बता दें कि विनीता कुमारी लातेहार जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र स्थित बरियातू की रहने वाली है।

## 30 जुलाई को आयोजित होगा 39 वीं रांची जिला योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप

राष्ट्रीय खबर

**रांची :** रांची जिला योग संघ ने एक दिवसीय 39 वीं रांची जिला योगासना स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का आयोजन 30 जुलाई को होगा। ये आयोजन गुरु नानक स्कूल सभागार में आयोजित किया होगा। संघ के महासचिव रजनी बक्शी ने बताया कि प्रतियोगिता बालक-बालिका, महिला-पुरुष अलग-अलग वर्गों में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता के आधार पर रांची जिला योग टीम का गठन किया जाएगा। चयनित टीम के खिलाड़ी आगामी 2 और 3 सितंबर को चाईबासा में आयोजित राज्य स्तरीय सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर योगासना स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता में रांची जिला के



### इंटर्नशिप कर रही नर्सों की छात्रवृत्ति के लिए 43.72 लाख रुपये का आवंटन



रांचीः वित्तीय वर्ष 2023-24 में राज्य योजना अंतर्गत इंटर्नशिप कर रही नर्सों के छात्रवृत्ति मद में 43 लाख 72 हजार रुपये का आवंटन किया गया है। स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह राशि के नियंत्री पदाधिकारी होंगे। जबकि राशि के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी सदर अस्पताल रांची को छोड़कर संबंधित संस्थान के अधीक्षक और सदर अस्पताल रांची के लिए सिविल सर्जन रांची होंगे।

## श्रावणी मेला में प्रतिनियुक्त 39 पुलिसकर्मी निलंबित

राष्ट्रीय खबर



**रांची :** श्रावणी मेला के दौरान झारखंड के विभिन्न जिलों से देवघर में तैनात पुलिसकर्मियों को प्रतिनियुक्ति के अनुसार प्रशस्ति दी गई है। वे पुलिसकर्मी, जिनके कामकाज में उत्कृष्टता का परिचय है, विशेष उपलब्धि के लिए सम्मानित किए गए हैं।वहीं, ड्यूटी में लापरवाह और अनुशासनहीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है।मेले के दौरान स्थायी और अस्थायी ओपी, यातायात ओपी और रुट लाइनिंग के कार्यों के लिए तैनात कई पुलिसकर्मियों की अनुपस्थिति के कारण, शराब पीकर ड्यूटी करने और लोगों को भड़काने जैसे गंभीर आरोपों में 39 पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है।श्रावणी मेला के दौरान प्रतिनियुक्त 506 पुलिसकर्मियों में से कई ने एन्टी क्राइम चेकिंग के दौरान देसी पिस्टल से हर्ष राज सिन्हा और पवन कुमार यादव को गिरफ्तार किया।इस सफलता के प्रति सम्मान देने के लिए श्रावणी मेला में प्रतिनियुक्त सभी पुलिसकर्मियों को 1000 रुपये का पुरस्कार प्रदान किया गया। इस प्रकार, देवघर के मेला कार्यक्रम के दौरान विभिन्न पुलिसकर्मियों को उनके प्रशस्तिपूर्वक कार्य के लिए सम्मानित और कुछ अनुशासनहीन कर्मियों को दंडित करने के साथ-साथ सफल छापे रहने वाले पुलिसकर्मियों को भी सम्मानित किया गया।

**अपराध** राज्य में हाल के दिनों में हुई बड़ी आपराधिक घटनाएं

# अपराधियों से संबंध रखने वाले पुलिसकर्मी और जेलकर्मियों पर पैनी नजर

राष्ट्रीय खबर

**रांची :** राज्य में हाल के दिनों में हुई बड़ी आपराधिक घटनाएं चाहे वह किसी भी जिले में क्यों न घटी हो लगभग हर घटना के तार जेल से जुड़े हुए थे। मामला चाहे हत्या का हो, गोलीबारी का हो या फिर रंगदारी का सबकुछ जेल के अंदर से ही चल रहा है। जेल के अंदर से साजिश रचने की गतिविधियां इसलिए चल रही हैं क्योंकि जेल में बंद अपराधियों के वर्दी वाले मददगार जेल में ही मौजूद हैं। लेकिन अब वही मददगार पुलिस मुख्यालय के रडार पर हैं। डीजीपी के निर्देश पर वैसे सभी पुलिस और जेलकर्मियों को चिन्हित करने का काम शुरू किया गया है जो लोग जेल में अपराधियों की मदद करते हैं।सलाखों के पीछे रहने के बावजूद आखिर कैसे गैंगस्टर जेल के बाहर वारदातों को अंजाम दिलवा रहे हैं, यह बड़ा सवाल है। यह सवाल हर वैसी बड़ी घटना के बाद जोर शोर उठाया जाता है जिसमें जेल की साजिश का खुलासा होता है। वर्तमान समय में यह सवाल जोर शोर से सिर्फ इसलिए उठ रहा है क्योंकि जेल में बंद अमन साव जैसे अपराधियों ने जेल के बाहर की दुनिया में तबाही मचा रखी है। रंगदारी के लिए गोलीबारी, रंगदारी नहीं देने पर हत्या सबकुछ जेल से ही प्लान किया जा रहा है।क्योंकि मामला बेहद गंभीर हो चुका है, इसलिए इसे लेकर अब झारखंड के डीजीपी सख्त मूड में हैं। झारखंड के डीजीपी अजय कुमार सिंह के अनुसार जेल के तंत्र में जो कुछ खामियां हैं वह सबको पता है। उसे दूर करने के लिए हर प्रयास किया जा रहा है। दूसरी तरफ जानकारी यह भी है कि डीजीपी के निर्देश के बाद झारखंड के सभी जेलों में वैसे छोटे-बड़े अपराधी जो जेल कर्मियों के साथ-साथ पुलिस वालों के कृपा पात्र बने हुए हैं उन सब की लिस्ट बनाई जा रही है। कौन सा अपराधी किस जेल कर्मी या पुलिस वाले का सहयोग पाकर जेल से ही अपनी सल्तनत चला रहा है, इसकी जानकारी खुफिया तरीके से जुटाई जा रही है।चुंकि सब यह जानते हैं कि जब तक जेल का कोई कर्मी या फिर जेल में ड्यूटी करने वाला पुलिस वाला अपराधियों की मदद नहीं करेगा तब तक किसी अपराधी की औकात नहीं है कि वह जेल से बाहर किसी को फोन कर पाए, वह भी रंगदारी के लिए। मतलब साफ है अगर जेल से चल रहे आपराधिक गतिविधियों पर काबू पाना है तो जेल के तंत्र पर ही सबसे पहले प्रहार करना होगा। जिसका इशारा पुलिस मीटिंग के दौरान गृह सचिव और डीजीपी दोनों ही कर चुके हैं।

